खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025 | वर्ष –69 | अंक –74 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ सेहत के लिए जैविक...
■ ट्रम्प की नीतियों से... 04
■ दोस्ती तो बहाना, भारत को बनाना...
■ अमेरिका में पकड़े गए 500 से ज्यादा... 09
■ सोने ने तोड़े पिछले सारे रिकॉर्ड..
■ बाजार में तेज उतार-चढाव, सेंसेक्स... 11
■ रणजी टॉफी : 28 बाउंड्री...
■ शार्दुल ठाकुर ने... 10

सार संक्षेप

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में प्रात: 11 बजे से होगा।



कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखवीर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा मतदाताओं को वोटर कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। राज्यपाल विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 और लोकसभा निर्वाचन-2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को पुरस्कृत भी करेंगे। राज्यपाल राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाएंगे।

बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- ईवीएम का मामला फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।

**चुहिया- हां प्रिये**- इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन तो सत्ता पक्ष के लिए मोहनी और विपक्ष के लिए डायन सी बनती जा रही है।

महाराष्ट्र की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भयावह धमाका



# आठ की मौत

## 13 फंसे थे, 5 बचा लिए गए

**भंडारा, एजेंसी।** महाराष्ट्र के भंडारा में शुक्रवार (24 जनवरी) को ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य कर्मचारियों के हताहत होने की भी सूचना है। फैक्ट्री के आरके ब्रांच सेक्शन में यह ब्लास्ट हुआ है। न्यूज एजेंसी को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 8 लोगों के मौत की जानकारी दी है।

धमाके के बाद हथियार बनाने वाले भारी सामान के टुकड़े आसपास बिखरे पड़े हैं और काला धुआं आसमान में दूर तक उठता हुआ देखा गया। लोगों का कहना है कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि इलाके में हड़कंप मच गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। फडणवीस ने कहा कि भंडारा जिले में आयुध फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 कर्मचारी फंस गए। उनमें से पांच को सुरक्षित निकाल लिया गया।

**नाना पटोले ने बताया मोदी सरकार का फेलियर**-घटना पर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि यह धमाका मोदी सरकार का फेलियर बताता है।

## राजनाथ, गडकरी ने जताया शोक

भंडारा में हुए ब्लास्ट के संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। नितिन गडकरी एक कार्यक्रम में मौजूद थे। उन्होंने वहीं पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस पूरी घटना पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर ट्वीट किया- महाराष्ट्र के भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

## ईवीएम की जांच का मामला फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

### चीफ जस्टिस की पीठ सुनवाई को तैयार

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के सत्यापन के लिए नीति बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगी। हरियाणा के पूर्व मंत्री और 5 बार विधायक रह चुके करण सिंह दलाल की ओर से यह याचिका की गई है।

मामला जब शुक्रवार को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया तो उसने कहा कि इस मामले को अन्य याचिकाओं के साथ चीफ जस्टि के समक्ष रखा जाएगा। बेंच ने कहा, 'यह मामला प्रधान न्यायाधीश की पीठ के समक्ष जा सकता है।' दलाल ने ईवीएम के सत्यापन के लिए नीति बनाने की अपील करते हुए एससी का रुख किया है। उन्होंने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम भारत संघ मामले में शीर्ष अदालत की ओर से दिए गए पहले के फैसले का पालन करने का अनुरोध किया है। दलाल और सह-याचिकाकर्ता लखन कुमार सिंगला अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे >>शेष पृष्ठ 2 पर

# मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले लागू की है ई-समन व्यवस्था : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन माँ नर्मदा के किनारे होल्कर शासकों की राजधानी रहे महेश्वर में किया गया। देवी अहिल्या माता हों या रानी दुर्गावती, दोनों ने ही विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष के साथ सुशासन स्थापित करते हुए नारी सशक्तिकरण के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन के अनुसार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण के चार स्तंभों पर आधारित व्यवस्था के अंतर्गत मंत्रि-परिषद की बैठक में महिला नीति संबंधित विषय पर महत्वपूर्ण निर्णय प्रस्तावित हैं। शराब, सामाजिक बुराई है, इससे पारिवारिक स्तर पर समस्याएं होने के साथ ही समाज में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होते हैं, पारिवारिक और सामाजिक हित में 19 धार्मिक नगरों और ग्राम पंचायतों में शराबबंदी के संबंध में निर्णय लिया >>शेष पृष्ठ 2 पर



- ♦ न्यायालयीन प्रक्रिया में बंदी जेल से ही होंगे शामिल और चिकित्सक अस्पताल से दर्ज करायेंगे बयान
- ♦ डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा
- ♦ 19 धार्मिक नगरों व ग्राम पंचायतों में पूर्ण शराबबंदी
- ♦ मुख्यमंत्री ने केबिनेट बैठक के पूर्व मंत्रि-परिषद के सदस्यों को किया संबोधित

### नर्सिंग कॉलेज घोटाला मामले में हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी..

# कोर्ट के साथ लुका-छुपी का खेल खेल रहे रजिस्ट्रार

**जबलपुर, देशबन्धु।** आदेश के बावजूद भी नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज डिलिट किये जाने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी तथा जस्टिस ए के पालीवार की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि रजिस्ट्रार कोर्ट के साथ लुका-छुपी का खेल खेल रहे है। युगलपीठ ने पुलिस आयुक्त भोपाल तथा साइबर सेल प्रभारी को निर्देशित किया है कि सीसीटीवी फुटेज को पुन प्राप्त करने सभी संभावित प्रयास करें। याचिका पर अगली सुनवाई 31 जनवरी को निर्धारित की गयी है। गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की तरफ से दायर याचिका में प्रदेश में फर्जी नर्सिंग कॉलेज संचालित किये जाने को चुनौती दी गयी थी। >>शेष पृष्ठ 2 पर

आयुक्त भोपाल तथा साइबर सेल प्रभारी को निर्देश-एमपीएनआरसी कार्यालय से डिलिट की गयी सीसीटीवी फुटेज पुन: प्राप्त करें



# देश-विदेश

## डोनाल्ड ट्रंप की शपथ में कैसे आया खालिस्तानी आतंकी पन्नू?, अमेरिका के सामने भारत उठाएगा मसला

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ समारोह में खालिस्तानी आतंकी पन्नू की मौजूदगी पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि भारत इस मसले को अमेरिका के सामने उठाएगा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि- भारत देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों को अमेरिका के समक्ष उठाता रहेगा। उनकी यह प्रतिक्रिया खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कथित तौर पर देखे जाने के बाद आई है। जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, जब भी कोई भारत विरोधी गतिविधि होती है तो हम अमेरिकी सरकार के समक्ष इस मामले को उठाते हैं। हम अमेरिकी सरकार के समक्ष ऐसे मामले उठाते रहेंगे जिनका हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ता है।

# वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी बैठक में हंगामा

## जेपीसी के दस सदस्यों को किया गया निलंबित

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति(जेपीसी) की बैठक में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सदस्यों ने पाल पर कार्यवाही को एक तमाशा बनाने का आरोप लगाया। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि वह सरकार के निर्देशों पर काम कर रहे थे। पाल ने बैठक को बाधित करने के उद्देश्य से उनके आचरण की आलोचना की। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

**दो बार स्थगित करनी पड़ी बैठक**-जेपीसी के चेयरमैन जगदंबिका पाल ने कहा कि उन्होंने बैठक को व्यवस्थित करने का प्रयास किया। मीटिंग को दो बार स्थगित किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जगदंबिका पाल ने कहा कि टीएमसी के कल्याण बनर्जी की तरफ ने उनको अपशब्द कहे। ऐसे में असंसदीय भाषा का प्रयोग करने के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। पाल ने कहा कि मैं उनसे लगातार अनुरोध करता रहा, लेकिन वह हंगामे के लिए तैयार थे।

### चेयरमैन जगदंबिका पाल का आरोप, कल्याण बनर्जी ने मुझे जानबूझकर गाली दी

### विपक्षी सदस्यों का दावा, सरकार के निर्देशों पर काम कर रहे पाल

### जम्मू-कश्मीर से मीरवाइज उमर का प्रतिनिधिमंडल भी था मौजूद

इसके बाद निशिकांत दुबे ने प्रस्ताव रखा कि उन्हें अन्य लोगों के साथ निलंबित कर दिया जाए। **असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया**-जगदंबिका पाल ने कहा कि आज हमने जम्मू-कश्मीर से मीरवाइज उमर फारूक के प्रतिनिधिमंडल को समय दिया, जो विपक्ष की मांग थी। उन्होंने कहा कि पहली बार हमने देखा कि ओवैसी साहब, जो आमतौर पर संसद में विधेयकों में भाग नहीं लेते हैं, वे भी विधेयक में शामिल हुए। साथ ही जिस तरह से कल्याण बनर्जी ने असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया और मुझे गाली दी, मुझे लगता है कि यह जानबूझकर किया गया था। निलंबित सदस्यों में बनर्जी और नदीम-उल हक (तृणमूल कांग्रेस), मोहम्मद जावेद, इमरान मसूद और सैयद नासिर हुसैन (कांग्रेस), ए राजा और मोहम्मद अब्दुल्ला (डीएमके), असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम), मोहिबुल्लाह (सपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी) शामिल हैं।

**बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल: बनर्जी**-कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल चल रहा है। सभापति इस बैठक को आगे बढ़ा रहे हैं और वह किसी की नहीं सुन रहे हैं। हमें बताया गया था कि 24 और 25 जनवरी को बैठक होगी। अब आज की बैठक के लिए एजेंडे को खंड दर खंड चर्चा से बदल दिया गया है।

# रुपए में गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूटे: कांग्रेस

## देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही, सुधार के नहीं हो रहे प्रयास

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में जितने प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें श्री नरेन्द्र मोदी के शासन में रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन सरकार इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है जिससे विदेशी निवेशक भाग रहे हैं और देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले 87 रुपए पर पहुंच गया है और दक्षिण एशिया के देशों में भारतीय मुद्रा का सबसे खराब प्रदर्शन है। विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा है, निवेश घट रहा है, आयात बढ़ रहा है जिससे महंगाई आसमान छू रही है और देश की अर्थव्यवस्था इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में रुपए में गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं और अब तक जितने प्रधानमंत्री हुए हैं उनमें सबसे ज्यादा गिरावट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हुई है। उनका कहना था कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार जिस तरह से रुपए को नहीं संभाल पा रही है और हालात सुधारने के प्रयास भी नहीं हो रहे है, यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो रुपया जल्द ही गिरावट का शतक बनाएगा।

उन्होंने कहा कि रुपए में गिरावट का मतलब है कि आयत बढ़ रहा है और देश में महंगाई उतनी ही तेजी से बढ़ेगी और आवश्यक वस्तुओं के दाम आम आदमी की पहुंच से और दूर हो जाएंगे। रिजर्व बैंक भी ब्याज दर बढ़ाएगा और इससे ईएमआई तथा अन्य स्तरों पर दबाव बढ़ेगा तथा आम आदमी के सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा।

# गणतंत्र दिवस पर लखनऊ में एक साथ होगा राष्ट्रगान

**लखनऊ, देशबन्धु।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश द्वारा विधान भवन पर ध्वजारोहण के तत्काल बाद सम्पूर्ण शहर में एक साथ राष्ट्रगान गाया जायेगा। इस हेतु प्रातः 10.00 बजे 52 सेकेण्ड के लिए पूरा शहर थम जायेगा तथा शहर के सभी चौराहों पर रेड सिंग्नल होगा। इसके लिए 05 मिनट पूर्व सायरन बजाया जायेगा। राष्ट्रगान का प्रसारण सम्पूर्ण शहर में एल.ई.डी स्क्रीन, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम व स्मार्ट सिटी में लगे आई.टी.एम.एस. के जरिये होगा इसके अतिरिक्त प्रमुख चौराहों पर नगर निगम की लगी एल.ई.डी. स्क्रीनों पर प्रसारण किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम हेतु 1 मिनट पूर्व यातायात रोक दिया जायेगा तथा राष्ट्रगान के उपरांत पुनः सुचारू यातायात प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को प्रातः 10.00 बजे से की गयी।



# प्रथम पृष्ठ का शेष

### ईवीएम की जांच....

स्थान पर रहे। उन्होंने निर्वाचन आयोग को ईवीएम के चार घटकों (कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपीएटी और सिंबल लोडिंग यूनिट) की मूल बर्न मेमोरी या माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए प्रोटोकॉल लागू करने का निर्देश देने की गुजारिश की है। **5 प्रतिशत ईवीएम का सत्यापन जरूरी**-शीर्ष अदालत ने अपने पहले के फैसले में कहा था कि चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 प्रतिशत ईवीएम का सत्यापन ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों की ओर से किया जाना चाहिए। **याचिका में रखी गई मांग**-याचिका के अनुसार, निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मौजूदा एसओपी में केवल बुनियादी निदान परीक्षण और मॉक पोल शामिल हैं। ईवीएम के निर्माता भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियरों की भूमिका मॉक पोल के दौरान वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती तक ही सीमित है। याचिका में कहा गया कि यह दृष्टिकोण मशीनों की गहन जांच को रोकता है। दलाल और सिंगला ने कहा कि उनकी याचिका ने चुनाव परिणामों को चुनौती नहीं दी, बल्कि ईवीएम सत्यापन के लिए मजबूत तंत्र का अनुरोध किया है। नतीजों को चुनौती देने वाली अलग-अलग चुनाव याचिकाएं पहले से ही पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं। याचिकाकर्ताओं ने सर्वोच्च न्यायालय से ईसीआई को 8 सप्ताह के भीतर सत्यापन अभ्यास करने का निर्देश देने का आग्रह किया है।

### मध्यप्रदेश ने.....

जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रख्यात विधि विशेषज्ञ थे। उनकी जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में भी विकसित किया जाएगा। विश्वविद्यालय में विधि संकाय स्थापित करने के उद्देश्य से आधारभूत संरचनाओं के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि भोपाल में 23 जनवरी को लोकार्पित सेतु का नामकरण डॉ. अंबेडकर पर किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले ई-समन व्यवस्था लागू की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बंदी जेल में विद्यमान क्यूबिक से ही न्यायालयीन प्रक्रिया में शामिल होंगे। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि उन्हें न्यायालय न जाना पड़े। इसी प्रकार चिकित्सकों द्वारा अस्पताल से ही बयान दर्ज कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इन नवाचारों से पुलिस बल को कई प्रक्रियागत कार्यों में सुविधा मिलेगी और पुलिस के लगभग 30 प्रतिशत कार्य व समय की बचत होगी। राज्य सरकार समय-सीमा में प्राथमिकता से इसे लागू करने के लिये प्रतिमाह बैठक कर प्रगति की समीक्षा करेगी।

### नर्सिंग कॉलेज घोटाले....

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में आवेदन पेश कर कहा था कि नर्सिंग घोटाले की अनियमितता में लिप्त एक इंस्पेक्टर को काउंसिल का रजिस्ट्रार बनाया गया था। इसके अलावा तत्कालीन निदेशक को अध्यक्ष बना दिया है। दोनों अधिकारी महत्वपूर्ण पद में रहते हुए साक्ष्यों के साथ छेडछाड कर सकते है। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया था कि काउंसलिंग की वर्तमान रजिस्ट्रार अनीता चंद्र ने भोपाल के एक नर्सिंग कॉलेज की निरीक्षण रिपोर्ट इंस्पेक्टर के तौर पर पेश की थी। जिसके आधार पर कॉलेज को मान्यता दी गयी थी। जांच में उक्त कॉलेज आयोग्य पाया गया और उसकी मान्यता निरस्त की गयी। इसी प्रकार वर्तमान अध्यक्ष जितेश चंद्र शुक्ला उस समय काउंसलिंग के निर्देशक थे। युगलपीठ ने दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाने के आदेश जारी किये है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया था कि तरफ से बताया गया था कि आदेश के बावजूद भी दोनों अधिकारियों को हटाया नहीं गया है। काउंसलिंग कार्यालय से रजिस्ट्रार चार बक्से कागजात लेकर गयी है। रजिस्ट्रार ने पद से हटाने जाने के आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। सरकार इसका इंतजार कर रही है कि उन्हें सर्वोच्च न्यायालय से किसी प्रकार की राहत मिल जाये। आदेश के बावजूद भी दोनों अधिकारियों को पद से नहीं हटाये जाने पर युगलपीठ ने नाराजगी व्यक्त की। जिसके बाद सरकार ने 24 घंटो में दोनों अधिकारियों को हटाये जाने का आश्वासन युगलपीठ को दिया था। याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान काउंसिल के रजिस्ट्रार की तरफ से बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज का डाटा उपलब्ध नहीं है। युगलपीठ ने जिसे गंभीरता से लेते हुए कहा है कि हाईकोर्ट ने पूर्व में 13 दिसंबर से 19 दिसम्बर तक के सीसीटीवी फुटेज का डाटा सुरक्षित रखने आदेश जारी किये है। तत्कालीन रजिस्ट्रार को अनियमितताओं के आरोप ने पद से हटाने के निर्देश जारी किये गये थे। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये। इसके अलावा तत्कालीन रजिस्ट्रार के फोन लोकेशन की जानकारी भी प्राप्त करने के आदेश जारी किये है। जिससे उनकी कार्यालय में भौतिक उपस्थित सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच करें,जिससे यह स्पष्ट हो सके की आपराधिक ने वास्तविकता में क्या-क्या चुराया है। युगलपीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि सीबीआई की रिपोर्ट में आधार पर साल 2002-23 में जीएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं होने के बावजूद भी रजिस्ट्रार के आदेश पर जिन छात्रों को दाखिला दिया गया उनके नामांकन के संबंध में जानकारी पेश करें। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने पैरवी की।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं मोहन नारायण चौबे पिता पिता श्री कालका प्रसाद चौबे म.नं. 05, बूढ़ी देवरी, देवरी (दीवारी) जबलपुर निम्नलिखित कथन शपथ पूर्व करता हूँ कि -

विषय-वाहन क्रमांक MP20CG-1278 & MP20NJ-9315 के आर.सी. कार्ड में वाहन स्वामी का नाम सुधरवाने बावत।

निवेदन है कि मेरा वाहन क्रमांक MP20CG-1278 & MP20NJ-9315 जो कि में पहले मेरा नाम MUKESH CHOUBEY S/O KALKA PRASAD CHOUBEY लिखा था, जो गलत दर्ज हो गया है। मेरा सही आधार कार्ड एवं पेनकार्ड के अनुसार MOHAN NARAYAN CHOUBEY जो सही है एवं मेरे सभी दस्तावेजों जैसे-ड्राईविंग लाईसेंस, बैंक, राशन कार्ड आदि सभी दस्तावेजों में मेरा नाम MOHAN NARAYAN CHOUBEY आधार कार्ड में दर्ज है। अतः आर.सी. कार्ड में मेरा नाम सुधार कर सही नाम दर्ज करने की कृपा करें ।

दिनांक

शपथकर्ता
मोहननारायण चौबे

र.नं. 2771

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर-1 जिला-जबलपुर

रा.प्र.क्रं/2239/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 23/01/2025

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बदनपुर प.ह.नं. .... तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप सिंह राजपूत पिता स्व. महावीर सिंह के द्वारा मौजा बदनपुर प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. जबलपुर-1 में स्थित भूमि खसरा नं. 255 एवं 121/2/2/4/1 रकवा 875-800 वर्गफुट/हेक्टे. भूमि का नामांतरण/ फौती नामांतरण/ वसीयत नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में पेश किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय-दस्तावेज पेशी दिनांक 07/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 23/01/2025
पेशी दिनांक - 07/02/2025

र.नं. 2774
तहसीलदार गोरखपुर एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./3037/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 23/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जयदेव चक्रवर्ती पिता श्री बामपद चक्रवर्ती निवासी 1040/1 यादव कालोनी विवेकानंद वार्ड के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नजूल ब्लॉक नं. ... प्लॉट नंबर ... स्थित भूमि खसरा नं. 501/2 में से रकवा 1225 व.फु. भूमि जो राजस्व रिकार्ड में कमला बाई पटेल पि. फूलचंद्र पटेल के नाम दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-23/01/2025
पेशी दिनांक-05/02/2025

र.नं. 2772
तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1595/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 09/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेणुका गुप्ता पति स्व. श्री भरतद्वाज गुप्ता निवासी 303 /सी आशियाना अपार्टमेंट नेपियर टाऊन जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर नजूल ब्लॉक नं. ... प्लॉट नंबर 256 स्थित भूमि खसरा नं. 882/1 में से रकवा 550 व.फु. भूमि जो राजस्व रिकार्ड में मृत्यु दिनांक 23/1/2022 के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 27/01/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-09/01/2025
पेशी दिनांक-27/01/2025

र.नं. 2761
तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

### पश्चिम मध्य रेल

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.-1, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.08-2025, दिनांकः 20.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अंतर्गत दो विविध कार्यः-(i) ब्रिज नं0 754/1 अप, 757/4 अप, 795/1 डाउन, 801/3 डाउन के ब्रिज एप्रोच पर सेस मरम्मत का कार्य, (ii) इटारसी-जबलपुर सेक्शन पर ब्रिज नं. 806/1 डाउन, 809/1 डाउन, 813/1 अप, 817/1 अप के ब्रिज एप्रोच पर सेस मरम्मत का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,53,47,479/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 2,76,700/-, **समापन अवधिः** 08 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 14.02.2025, **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 14.02.2025, **क्र.सं.-2, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.09-2025, दिनांकः 20.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता व्यौहारी उप मंडलः- व्यौहारी स्टेशन पर 2,00,000 लीटर क्षमता वाले पानी के स्टेजिंग टैंक और कटनी-सिंगरौली सेक्शन में पाइपलाइन के प्रावधान द्वारा पानी की आपूर्ति में वृद्धि करना। (व्यौहारी, निवास रोड, बरगवां, सराय ग्राम में आरसीसी ओवरहेड टैंक के साथ 20 मीटर स्टेजिंग और पाइपलाइन), **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,25,44,597/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 2,62,700/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 14.02.2025, **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 14.02.2025, **क्र.सं.-3, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.10-2025, दिनांकः 20.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** मंडल अभियंता (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में दो विविध कार्य। भाग-। उप स्टेशन भवन के पुनर्वास/पुनर्निर्माण का कार्य वायरिंग कार्य सहित। (स्थानः न्यू कटनी जंक्शन, कटनी, सतना)। भाग ।।-सहायक मंडल अभियंता (मेंटेनेंस) कटनी उप मंडल के अधीन न्यू कटनी जंक्शन में एम.आई. कार्यालय में शेड, फ्लोर, बैठने और साइकिल स्टैंड की मरम्मत का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,49,12,887/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 2,24,600/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 14.02.2025, **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 14.02.2025, **नोटः** उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबन्धक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग दमोह

E-Mail ID- eedmohb@mp.gov.in
Phone No.- 07812-223809

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मंडल कालोनी अटल आश्रय योजना राजनगर दमयंतीपुरम दमोह स्थित भवन क्रमांक एल आई जी. 302 श्री जितेन्द्र कुमार जोशी पिता श्री काशीराम जोशी को आवंटित है। श्री जितेन्द्र कुमार जोशी पिता श्री काशीराम जोशी का स्वर्गवास दिनांक 10.04.2024 को हो गया है। उक्त संपत्ति हेतु नॉमिनी अपनी पत्नि श्रीमति प्रीति जोशी पति श्री जितेन्द्र कुमार जोशी कों किया था। जिस हेतु उनकी पत्नि श्रीमति प्रीति जोशी पति श्री जितेन्द्र कुमार जोशी ने अपने नाम से नामांतरण नॉमिनी के आधार पर कराने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था या हित रखने वाले वैध उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण/नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेंगी। जिस पर किसी बैंक/व्यक्ति / संस्था का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(आर.के. बाथम) संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल संभाग दमोह

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1118/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 25/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता गोपाल गुप्ता निवासी म.नं. 203 एमपी रोड रामेश्वर नगर विजय नगर जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नजूल ब्लॉक नं. ... प्लॉट नंबर 154/1/2/1 स्थित भूमि खसरा नं. 154/1/2/1 में से रकवा 1500 व.फु. भूमि जो राजस्व रिकॉर्ड में अनिल तिवारी पिता एल.एन. तिवारी जबलपुर के नाम दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-23/01/2025
पेशी दिनांक-05/02/2025

र.नं. 2763
तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1117/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 23/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओम प्रकाश गुप्ता पिता एस.पी. गुप्ता निवासी रामेश्वरम चेरीताल जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर नजूल ब्लॉक नं. 154 प्लॉट नंबर 154 स्थित भूमि खसरा नं. 154 में से रकवा 2015 व.फु. भूमि भूमि जो राजस्व रिकॉर्ड में अनिल तिवारी पिता एल.एन. तिवारी जबलपुर के नाम दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-23/01/2025
पेशी दिनांक-05/02/2025

र.नं. 2763
तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

### कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक / 42-/ निर्वाह/2025 — मण्डला, दिनांक 18.01.2025

**प्रथम वार्षिक ई-निविदा (पूर्ण कालिक) सूचना वर्ष-2025-26**

जिला जेल मण्डला में परिरुद्ध बंदियों हेतु अधीक्षक नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर के पत्र कं. 859/ निर्वाह / 03.01.2025 के पालन में मध्यप्रदेश जेल पर्ति नियम 1968 के अंतर्गत खण्ड-1 खाद्यान्न सामग्री खण्ड-2 सब्जी एवं फल खण्ड 3. दवाईयां पैथेलॉजी सामग्री खण्ड - 4. स्वच्छता सामग्री एवं अन्य सामग्री खण्ड-5 विद्युत एवं जल सामग्री खण्ड- 6 भवन निर्माण सामग्री की प्रथम वार्षिक निविदा ई-टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बीडमिटिंग की तिथि | दिनांक 28.01.2025 को समय प्रातः 11.00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल मण्डला में, जिस हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है। |
| 2. | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500/- रू तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु फार्म की कीमत रु. 1000/-प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा। | 10.02.2025 को सांयकाल 5.30 बजे तक | वेबसाइड https://mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 3. | नमूने जमा करने की तिथि | दिनांक 11.02.2025 | जेल अधीक्षक कार्यालय जिला जेल मण्डला। |
| 3. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) | 13.02.2025 को दोपहर 11.00 बजे | -------"------- |
| 4. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 14.02.2025 को दोपहर 11.00 बजे | -------"------- |

निविदा फार्म एवं निविदा से सबंधित जानकारी वेबसाइड http://mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है, निविदा फार्म दर्शित वेबासाइड पर आनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-22127/24

**जेल अधीक्षक**
**जिला जेल मण्डला**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं MOHAMMAD RASHID KHAN पिता MOHAMMAD RAJJAB KHAN निवासी- म.नं. 900 सोलह क्वार्टर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 49 जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि-
1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि, मेरा स्वयं का नाम MOHAMMAD RASHID KHAN पिता MOHAMMAD RAJJAB KHAN जो आधार कार्ड, परिचय पत्र और पेन कार्ड में दर्ज है। 3. यह कि, मेरी 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम मो. राशिद MOHD. RASHID पिता मो. रज्जब MOHD. RAJJAB त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मो. राशिद MOHD. RASHID KHAN पिता MOHD. RAJJAB के स्थान पर MOHAMMAD RASHID KHAN पिता MOHAMMAD RAJJAB KHAN दर्ज किया जावे सत्य व सही है, मेरे द्वारा दी गयी समस्त जानकारी सत्य व सही है, भविष्य में असत्य पायी जाने पर पूँण जिम्मेदारी मेरी है अन्य किसी की नहीं है। 4. यह कि, उपरोक्त शपथपत्र में मो. राशिद MOHD. RASHID पिता मो. रज्जब MOHD. RAJJAB के स्थान पर MOHAMMAD RASHID KHAN पिता MOHAMMAD RAJJAB KHAN दर्ज करने के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

CORRECT NAME
MOHAMMAD RASHID KHAN
INCORRECT NAME
MOHD. RASHID

R.No. 2766

### न्यायालय तहसीलदार अधारताल, जबलपुर

(विक्रय-पत्र)

रा.प्र.क्रं./1965/अ-6/2023-24
जबलपुर, दिनांक 4/11/24

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार घोष पिता अधीर कुमार घोष निवासी बंगला नं. 9 से 45 जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा चावनपुर ब्लॉक नंबर... प्लाट नंबर... स्थित भूमि खसरा नंबर 54, 55, 83,74,81, 80/2, 87, 88/1ख, 89/2 में से रकवा 2400 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता सत्यआय हितैषी गृ.नि.सह.स.म. जबलपुर विवेक मिश्रा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 8.3.2010 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 20.11.24 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 23.01.25
पेशी दिनांक - 10.02.25

र.नं. 2767
तहसील
अधारताल जबलपुर

### न्यायालयः-प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कटनी, जिला-कटनी म.प्र.

(उपस्थिति हेतु नोटिस/सूचना पत्र)

प्रो. क. - 101/7075
प्रकरण कमांक आर.सी.एस.ए.-13/2024
पेशी दिनांक-19/03/2025
प्रकरण अंतर्गत धारा 34 सहपठित
मुस्लिम विवाह विघटन 1939 नियम 115

तोहिना बेगम उर्फ बेबी शफाक पति मोहम्मद आशिफ, उम्र लगभग 52 वर्ष, निवासी-रोशन नगर राम जानकी हनुमान वार्ड कटनी, तहसील व जिला कटनी, म.प्र.

..............आवेदिका

।। बनाम ।।

मोहम्मद आशिफ पिता जुबेर अहमद, उम्र लगभग 55 वर्ष, निवासी-चालीस फीट रोड़ अमखेरा शालीमार नगर लान के अंदर ब्लॉक ए 11 जबलपुर, जिला जबलपुर, म.प्र.

.........अनावेदक

प्रति,

अनावेदक मोहम्मद आशिफ पिता जुबेर अहमद, उम्र लगभग 55 वर्ष, निवासी-चालीस फीट रोड़ अमखेरा शालीमार नगर लान के अंदर ब्लॉक ए 11 जबलपुर, जिला जबलपुर, म.प्र.।

आपके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष आवेदिका द्वारा उपरोक्त वर्णित प्रकरण कमांक आर सी.एस.ए.-13/2024 अंतर्गत विशेष अनुतोष अधिनियम की धारा-34 सहपठित मुस्लिम विवाह विघटन 1939 नियम 115 संस्थित किया गया है। अतः आप दिनांक 19/03/2025 को इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर अपना पक्ष कथन रखें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को किसी कारण वश इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी महोदय के अवकाश में रहने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक-17/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया ।

(भू-भास्कर यादव)
प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय कटनी, (म.प्र.)

### न्यायालयः राहुल सोनी प्रथम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खण्ड जुन्नारदेव के न्यायलय के अतिरिक्त न्यायधीश जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा

आदेशिका क्रमांक-88/25
आर.सी. एस. - ए 116/2024
पेशी दिनांक-05/03/24
आदेश 05 नियम 20 (क) व्यावहार प्रक्रिया संहिता 1908 के तहत नोटिस

श्रीमति चैती बाई उर्फ फुलबती बाई पति जीयालाल उम्र करीब 75 निवासी वार्ड नं. 16 न्यु दफाई रामनगर दमुआ, तहसील जुन्नारदेव, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.

........वादी

विरूद्ध

1 श्रीमान क्षेत्रिय आयुक्त, कोयला खान भविष्य निधि संगठन छिन्दवाड़ा, कार्यालय टी.व्ही. सेन्टोरियम के सामने छिन्दवाड़ा, तहसील व जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.
2 श्रीमान उप प्रबंधक महोदय (कार्मिक) दमुआ, वे.को.लि. कन्हान ऐरिया नन्दन 02 कॉलरी क्षेत्र कार्यालय बेरियर के पास दमुआ पोस्ट दमुआ तहसील जुन्नारेदव जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.
3 सर्वसाधारण जिसका इससे संबंध हो

...........प्रतिवादीगण

बनाम

क्योकि वादी ने मृतक पति स्व. जीयालाल पिता रामसिंग वे.को.लि कन्हान क्षेत्र डुगरिया से सेवानिवृत कामगार जिला छिन्दवाड़ा म.प्र. के पारिवारिक पेंशन राशी की प्राप्ति हेतु चैतीबाई एवं फूलवतीबाई एक ही व्यक्ति वादी के नाम की घोषणा हेतू इस न्यायालय में आवेदन किया है।

और क्योंकि इस आवेदनपत्र कि सुनवाई दिनोंक- 05/03/2025 के दिन सुबह 11.00 बजे होगी। हम हर आम खास को ताकिद करतें है कि उक्त प्रकरण में तुम्हे कोई हक हासिल है. ऐसा तुम दावा करते हो तो तुम कैफियत के साथ स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस तारीख को न्यायालय में हाजिर हो जाओ, यदि तुम हाजिर नहीं होंगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में प्रकरण की सुनवाई होगी। यदि पेशी दिनॉक को अवकाश होता है तो ऐसी स्थिति में अगले कार्यदिवस को प्रकरण की सुनवाई होगी। आज दिनाँक 23/01/25 को इस न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जुन्नारदेव, दिनॉक-23/01/25

(राहुल सोनी) प्रथम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खण्ड, के न्यायालय के प्रथम अति. न्यायाधीश जुन्नारदेव, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार ग्रामीण-4 छिन्दवाड़ा, जिला छिन्दवाड़ा

**इश्तहार**

रा.प्र.क्र./392/अ-6/2024-25
छिन्दवाड़ा, दिनांक 23/01/2025

आवेदक शोभाराम पिता स्व. बलीराम जाति-किरार निवासी साख, तहसील व जिला छिन्दवाड़ा के द्वारा मौजा साख बंदोबस्त नंबर-544, पटवारी हल्का नंबर-56 राजस्व निरीक्षक मण्डल पिण्डरईकला स्थित भूमि खसरा नंबर 114/1 रकबा 2.835 हैक्टेयर के खातेदार सोमवती बाई पति स्व. मानक पाटसकर की दिनांक 04/10/2017 को ला-औलाद मृत्यु हो जाने के उपरांत वसीयतनामा दिनांक 15/09/2017 के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यद्यपि उक्त भूमि पर प्रस्तुत वसीयतनामा दिनांक 15/09/2017 के आधार पर आवेदक/ वसीयतगृहिता शोभाराम पिता स्व. बलराम पाटस्कर का नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है। अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त नामांतरण के संबंध में उन्हें किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति/दावा नियत दिनांक 31/01/2025 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि गत हो जाने के उपरांत प्राप्त दावे / आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

इश्तहार आज दिनांक 23/01/2025 को न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

नायब तहसीलदार
छिन्दवाड़ा ग्रामीण छिन्दवाड़ा

# देश-प्रदेश

उवाच

## सरकार बालिकाओं के लिए अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार बालिकाओं के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है और उनके सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम दिख रहा है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बालिकाओं के लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।



### मोहन यादव की कैबिनेट की महेश्वर बैठक में लिया फैसला

# प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी, मंत्रियों को अपने विभाग में तबादले के अधिकार दिए



**भोपाल/महेश्वर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार की कैबिनेट की बैठक में 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी का फैसला लिया गया है। इसके अलावा मंत्रियों को अपने विभाग में तबादले करने का अधिकार भी दिया गया है। महेश्वर में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बताया कि राज्य सरकार धीरे-धीरे शराबबंदी की तरफ बढ़ रही है और इसी के तहत राज्य के 17 स्थानों पर शराबबंदी का फैसला लिया गया है। जिन स्थानों पर शराबबंदी की गई है, उनमें एक नगर निगम क्षेत्र, छह नगर पालिका, छह नगर परिषद और चार ग्राम पंचायत क्षेत्र शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से नगर निगम क्षेत्र उज्जैन शामिल है। बताया गया है कि जिन क्षेत्रों में शराबबंदी की गई है, उन क्षेत्रों की शराब दुकानों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित भी नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि विशेष परिस्थितियों में मंत्रियों को अपने विभाग में तबादले करने का अधिकार दिया गया है। आने वाले समय में विधिवत तौर पर तबादला नीति आएगी।

**नर्मदा के तट पर की पूजा-अर्चना** -कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार के सभी मंत्रियों ने नर्मदा नदी के तट पर विशेष पूजा-अर्चना और आरती की। उसके बाद महेश्वर स्थित रानी अहिल्याबाई के किले का भ्रमण किया। वहीं, उनकी गद्दी को भी नमन किया। मोहन यादव सरकार की कैबिनेट की पहली डेस्टिनेशन बैठक महेश्वर में हुई। यह बैठक रानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती को समर्पित रही। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार विरासत को सभी के बीच लाने के प्रयास में लगी हुई है। इसी क्रम में रानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर पूरे प्रदेश में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

**19 धार्मिक स्थलों की 47 शराब दुकानें होगी बंद**-राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय के बाद अब प्रदेश के 19 नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की 47 शराब दुकानें बंद की जाएगी। इन नगरीय निकायों में उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर एवं अमरकंटक की संपूर्ण नगरीय सीमा में शराब दुकानें बंद की जाएंगी। वहीं ग्राम पंचायत सलकनपुर, कुंडलपुर, बांदकपुर, बरमानकलां, लिंगा एवं बरमानखुर्द में 5 किमी की परिधि में कोई शराब दुकान नहीं होगी।

## महू रैली : कांग्रेस नेताओं ने सभा स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा

**भोपाल/ इंदौर, देशबन्धु।** कांग्रेस की महू में 27 जनवरी को आयोजित होने वाली प्रदेशस्तरीय जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली की तैयारियों का आज प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित अन्य नेताओं ने जायजा लिया। इस मौके एसपीजी एवं पुलिस व्यवस्था की निगरानी होने वाले इस आयोजन के सभा स्थल पर मंच, पांडाल, माइक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, हेलीपेड, सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया बॉक्स आदि विषयों पर समितियों के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की गई। श्री पटवारी ने कहा कि यह आयोजन अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी, महासचिव मप्र प्रभारी जितेन्द्र सिंह सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में होगा। सभास्थल का मुआयना करने पहुंचे श्री पटवारी के साथ राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मिडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, सत्यनारायण पटेल, विधायक विक्रांत भूरिया, के.के. मिश्रा, इंदौर संगठन प्रभारी रवि जोशी, विपिन वानखेड़े, सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, मृणाल पंत, सच सलूजा, संतोष गौतम, प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया, हर्ष कुमार जैन, जीतू ठाकुर, शक्ति सिंह गोयल, महू कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष पप्पू खान, संजय शर्मा (मामा) सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

## राज्यपाल भोपाल, विस अध्यक्ष मुरैना और मुख्यमंत्री इंदौर में फहरायेंगे राष्ट्रीय ध्वज

**भोपाल, देशबन्धु।** गणतंत्र दिवस प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन 26 जनवरी को राज्यपाल मंगुभाई पटेल भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वज फहरायेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में ध्वज फहरायेंगे। अन्य जिला मुख्यालयों पर मंत्री एवं कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

### इन जिलों में मंत्री फहरायेंगे तिरंगा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा देवास, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, पंचायत और ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सागर, जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह झाबुआ, नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह जबलपुर, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा सिवनी, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रतापसिंह कटनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके अलीराजपुर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ग्वालियर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना दतिया, महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया नीमच, खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग हरदा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह निवाडी, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान उमरिया, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला श्योपुर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप रतलाम, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार पन्ना में ध्वज फहरायेंगे।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर टीकमगढ़, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल सीधी, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल उज्जैन, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन सिंह पटैल दमोह, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार रायसेन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर एवं पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह मैहर में ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

### यहां कलेक्टर फहराएंगे ध्वज

जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा, खरगौन, बड़वानी, सिंगरौली, बुरहानपुर, गुना, अशोकनगर, भिंड, मऊगंज, छतरपुर, सीहोर, खंडवा, राजगढ़, नर्मदापुरम, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, शहडोल, विदिशा और डिंडौरी में जिला कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

## गोलीकांड मामले में अनंत सिंह ने किया आत्मसमर्पण

**पटना, (एजेंसियां)।** बिहार में पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल न्यायालय में गोलीकांड मामले में आरोपी मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह ने आज आत्मसमर्पण किया, जहां अदालत ने उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। बाढ़ के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राकेश सिंह ने बताया कि अनंत सिंह ने 22 जनवरी को मोकामा के नौरंगा जलालपुर गांव में हुई गोलीबारी के मामले में स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण किया। इसके बाद अदालत ने उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। एएसपी के अनुसार, इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में श्री सिंह का नाम आरोपी के रूप में शामिल है। पुलिस कार्रवाई के दबाव के कारण श्री सिंह ने आत्मसमर्पण किया, और अब उन्हें जेल भेजा जा रहा है। पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा, वह इस मामले में कानून के तहत सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए तैयार हैं। हालांकि उन्होंने यह भी दावा किया कि वह निर्दोष हैं और गोलीबारी में शामिल नहीं थे। अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर आरोप है कि उन्होंने अपराधी सोनू-मोनू के घर पर गोलीबारी की थी। श्री सिंह ने दावा किया कि आत्मरक्षा में उनके समर्थकों ने जवाबी फायरिंग की थी क्योंकि सोनू मोनू गिरोह की फायरिंग में उनके एक समर्थक को चोटें आई थीं। बताया जाता है कि सोनू मोनू गिरोह ने एक स्थानीय व्यक्ति के घर पर कब्जा किया था, जिसके बाद श्री सिंह और उनके समर्थकों के बीच वर्चस्व की लड़ाई छिड़ गई थी।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं RASMEET KAUR is legally wedded spouse of Army no- 13764690H Rank- HAV Name- GURMEET SINGH of Unit- 4 JAK RIF Presently residing at Vill- DARA DULLIAN, POAT- MANGNAR, TEH- POONCH, DISTT- POONCH, STATE- J&K, PIN- 185101, शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरी माताजी का नाम RASMEET KAUR से RASMEET KOUR के रूप में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनांक 11/12/2024 नोटरी J&K कृति

### CHANGE OF NAME

I, Army No. - 15706083L Rank - NK Name - Ajay Kumar Unit - 4 TTR, HQ1 STC (CORPS OF SIGNALS) HOME ADDRESS Vill - Garathiya Post - Bhongakheda Teh - Seoni Distt - Seoni State - Madhya Pradesh Pin - 480882. have changed my Daugther name SHERYA to SHREYA SAHU and my SON Name AADARSH to AADARSH SAHU Vide Affidavit before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME - SHERYA
CORRECT NAME
SHREYA SAHU
INCORRECT NAME - AADARSH
CORRECT NAME
AADARSH SAHU कृति

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता, आर्मी नं. JC-733169F, RANK SUB, NAME- SURESH CHAUHAN, उम्र लगभग 50 वर्ष पिता SHRI RADHESHYAM CHAUHAN पता- 218, MAHAVIR BAGH, INDORE ROAD, UJJAIN, MADHYA PRADESH शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ- 1. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ। 2. यह कि मैं शपथकर्ता भारतीय थल सेना में सेवारत हूँ तथा वर्तमान में सी.ओ.डी. जबलपुर में कार्यरत हूँ। 3. यह कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम MAYURI दर्ज है, जो कि मेरी पत्नी का अधूरा नाम है, जिसमे मेरी पत्नी का सरनेम CHAUHAN दर्ज नही है। 4. यह कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरी पत्नी का नाम MAYURI CHAUHAN दर्ज हैं, जो कि सत्य व सही है। 5. यह कि MAYURI एवं MAYURI CHAUHAN ये दोनो ही नाम मेरी पत्नी के ही है, किसी अन्य महिला के नही है। 6. यह कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का पूरा व सही नाम MAYURI CHAUHAN दर्ज किया जावे। अतः भविष्य में मेरी पत्नी को MAYURI CHAUHAN पति SURESH CHAUHAN के नाम से जाना-पहचाना, पढ़ा-लिखा व समझा जावे। कृति

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती रजनी पति स्व. श्री गणेश प्रसाद तिवारी निवासी मकान नं.-2037, रामपुर भटोली, ग्वारीघाट जबलपुर म.प्र. द्वारा आराजी खसरा नं.-271/2 रकवा 600 वर्गफिट मौजा कजरवारा पटवारी हल्का कजरवारा तहसील रांझी जिला जबलपुर की आराजियात क्रय कर ही है उक्त आराजी खसरा नं. 271 रकबा 0.8740 हे. छोटेलाल तनय नन्हेलाल निवासी कजरवारा के नाम पर वर्ष 2010-11 में था। छोटेलाल की मृत्यु के बाद उनके विधिक वारिसान लीलाधर व रामकृपाल दोनो के पिता स्व. छोटेलाल निवासी कजरवारा तहसील रांझी जिला जबलपुर के नाम पर वारसाने में प्राप्त हुई तथा लीलाधर रामकृपाल, ने आराजी खसरा नं.-271 रकवा 0.8740 का अंश रकबा 0.40 हे. ईश्वर डेवलपर्स पार्टनर हितेश बिन्दुरानी तनय श्री एल.सी. बिन्दुरानी व विक्रम अमर पिता लालचंद्र अमर को विक्रय पत्र क्रमांक-MP182542020A1845733 दि. 16.12.2020 को विक्रय कर दिया तथा उक्त आराजी 271/1 रकवा 0.40 हे. का अंश रकवा 15X40-600 वर्गफिट ईश्वर डेवलपर्स ने उदयभान सिंह राजपूत पिता कन्हैयालाल निवासी लालमाटी जबलपुर को रजि0 विक्रय पत्र क्रमांक-MP182542021A1622243 दि0 26.07.2021 को विक्रय किया, उक्त आराजियात को उदयभान सिंह राजपूत ने विक्रय पत्र क्रमांक MP182542023A11553001 दि. 03.03.2023 को विक्रय कर दिया तथा मोना कोतुरवार की मृत्यु दिनांक 08.04 2023 में होने के पश्चात् उक्त आराजियात उसके विधिक वारिसान पति संजय कोतुरवार एवं पुत्री आयुष पुत्री माही के नाम पर वारसाना हो चुका है व राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी दर्ज है. उक्त आराजियात संजय कोतुरवार एवं आयुष, माही द्वारा मेरी पक्षकार श्रीमती रजनी पति स्व. श्री गणेश प्रसाद तिवारी को विक्रय किया जा रहा है।

अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में सात दिवस के अदर उपस्थित होकर या मोबाईल के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है, अन्यथा बीतने म्याद उपरांत वह स्वयं ही जवाबदार होगें।

दिनांक: - 21/01/2025

ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
26, नर्मदा परिसर, बिरसामुण्डा वार्ड-75, सोहागी, जबलपुर
(म.प्र.) मो.-8109283241

### कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2024-25/94 दिनांक 23/01/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री रमेश कुमार केशरवानी पिता स्व. दशरथ लाल केशरवानी ने भवन क्रं. 616 का भाग वार्ड महात्मा गांधी वार्ड, क्षेत्रफल 500 भूतल 350 प्रथम तल 350 मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 616 का भाग पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी मुन्नी बाई/ स्व. दशरथ लाल केशरवानी पिता/पति स्व. दशरथ लाल केशरवानी भवन क्रं. 616 का भाग पिन नं. 41400708, 1000367708 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 2769 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-5, नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2024-25/95 दिनांक 23/01/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री रतन चंद जैन पिता स्व. घनश्याम प्रसाद जैन ने भवन क्रं. 405/क वार्ड महात्मा गांधी वार्ड, भूतल 789 आ. प्रथम तल 789 आ. दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 405/क पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी नरेन्द्र कु. जैन पिता स्व. श्री घनश्याम जैन पुत्र आशुतोष भवन क्रं. 405/क पिन नं. 41300553, 1000368201 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 2769 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-5, नगर निगम जबलपुर

### Change of Name & DOB

I, Karthic R Army No. 15714051X Rank NK S/O K Ramu of Unit Signals records Corps of Signals C/o 56 APO R/O village- Marikupam, Tehsil- Banagarapet Dist- Kolar State- Karnataka Pin - 563113 have changed My mother Name from Kala V to Kalavathi AND my DOB 04/06/1964 to 01/01/1967 vide affidavit dated 22/01/2025 before Notary Jabalpur कृति

Incorrect Name- Kala V
correct Name - Kalavathi
incorrect DOB - 04/06/1964
Correct DOB - 01/01/1967

### Change of Name & DOB

I, Karthic R Army No. 15714051X Rank NK S/O K Ramu of Unit Signals records Corps of Signals C/o 56 APO R/O village- Marikupam, Tehsil- Banagarapet Dist- Kolar State- Karnataka Pin - 563113 have changed My Father's Name from Ramu SK to K Ramu AND my DOB 04/10/1959 to 01/01/1962 vide affidavit dated 22/01/2025 before Notary Jabalpur कृति

Incorrect Name - Ramu SK
correct Name - K Ramu
Incorrect DOB - 04/10/1959
Correct DOB - 01/01/1962

### CHANGE OF NAME & DOB

I, Sagar Narendra Army No. 15756288W Rank L/Nk S/o Krishna H Narendra of Unit Signals record Corps of Signals c/o 56APO R/o Village- Banasageri, Tehsil- Haliyal, Distt-Uttar Kannda State - Karnataka Pin- 581329. have changed my father name Krishna Narendra to Krishna H Narendra and date of birth 01/06/1948 to 01/01/1962 Vide Affidavit before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
Krishna Narendra
INCORRECT DOB - 01/06/1948
CORRECT NAME
Krishna H Narendra कृति
CORRECT DOB - 01/01/1962

### CHANGE OF NAME & DOB

I, Sagar Narendra Army No. 15756288W Rank L/Nk S/o Krishna H Narendra of Unit Signals record Corps of Signals c/o 56APO R/o Village- Banasageri, Tehsil- Haliyal, Distt-Uttar Kannda State - Karnataka Pin- 581329. have changed my mother name Gouravva Narendra to Gouravva Krishna Narendra and date of birth 02/07/1955 to 04/04/1955 Vide Affidavit before Notary, Jabalpur M.P.

INCORRECT NAME
Gouravva Narendra
INCORRECT DOB - 02/07/1955
CORRECT NAME कृति
Gouravva Krishna Narendra
CORRECT DOB - 04/04/1955

### In The Court of XVI Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:

मृणाल मोहित

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000187/2024)

ज्योति अष्टेकर..........आवेदक
Vs
शाखा प्रबंधक .....अनावेदक

**Process Id**- /2025
पेशी दिनांक:-12/02/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ज्योति अष्टकर पता 347/2, वीर सावरकर वार्ड, शुक्ला नगर, पूजा डेरी के पास, गढ़ा रोड जबलपुर म.प्र. ने मृतक शशिबाला पुरोहित निवासी गंगा सागर आशा विहार जबलपुर (म.प्र.) की भारतीय स्टेट बैंक मदन महल जबलपुर से जमा समस्त राशि एवं सोना चांदी जेवर प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 फरवरी 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 फरवरी 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 11 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी-प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

र.नं. 2762
(मृणाल मोहित)
सोलहवें सिविल न्यायाधीश
(वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)

### In The Court of XXIX Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur presiding Officer:

शुभांगी पालो दत्ता

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000005/2025)

अंशुल रजक..........आवेदक
Vs
आम जनता .....अनावेदक

**Process Id**- /2025
पेशी दिनांक:-11/02/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंशुल रजक पता निवासी- म.नं. 5169/16 चांदमारी तलैया, सुभाष वार्ड आधारताल जबलपुर ने मृतक 1. विनोद कुमार रजक 2. हेमलता रजक निवासी म.नं. 5169/16 चांदमारी तलैया, सुभाष वार्ड आधारताल जबलपुर की श्रीमान ब्रांच मैनेजर जी भारतीय जीवन बीमा निगम ब्रांच सीएबी मदन महल जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11 फरवरी 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 फरवरी 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 22 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी-प्रकाशन एवं उपस्थिति नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

र.नं. 2770
(शुभांगी पालो दत्त)
उन्तीसवें व्यवहार न्यायाधीश
(वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)

### (फौती) न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/1549/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रहलाद/स्व. रामदास नि.-1856 लालमाटी द्वारका नगर सिद्ध बाबा वार्ड ने नजूल ब्लाक नं. 134 प्लाट नं. 2/54 निर्मित रकवा 1087 /व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम घमापुर प.ह.नं..... खसरा नं...... रकवा 1087 वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 23/01/1992, 15/08/2000 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 134 प्लाट नं. 2/54 निर्मित रकवा 1087 /व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम घमापुर प.ह.नं..... खसरा नं...... रकवा 1087 व.फु./हे. रामदास पिता भगवरा सा. घमापुर के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 28/01/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 01/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 01/01/2025
पेशी दिनांक 28/01/2025

र.नं. 2775
तहसीलदार,
रांझी, जबलपुर

### कार्यालय कलेक्टर (न्यायालय अपर कलेक्टर शहर) जबलपुर म.प्र.

Room no.10 II Telephone-07612624351 II E-mail: admjabalpur@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्रमांक /0094/अ-20 (1)/2024-25 जबलपुर दिनांक 24/01/2025

**आम इश्तहार**

आवेदक श्री प्रदीप कुमार सिंह पिता सीताराम सिंह निवासी पत्रकार कॉलोनी, रानीताल, जबलपुर द्वारा नजूल ब्लॉक नंबर 67 स्थित प्लाट नं. 1/58, 1/59 कुल रकवा 1400 व.फु. जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 17/02/25 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद्वारा द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नही कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थाई पट्टे का विवरण- ब्लॉक नम्बर-57, प्लाट नं. -1/58, 1/59, रकवा - 1400, उप पट्टेदार - श्री प्रदीप कुमार सिंह पिता सीताराम सिंह निवासी पत्रकार कॉलोनी, रानीताल, जबलपुर, भू भाटक- 520/- रूपये प्रतिवर्ष

जारी दिनांक 24/01/2025
पेशी दिनांक 17/01/2025

कृति
अपर कलेक्टर
जबलपुर

### In The Court of XXVIII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur Presiding Officer: अंशुल जैन

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/ 0000468/ 2024)

राजेश कुमार लखेरा...............वादी
Vs
बलराम पाण्डेय..... प्रतिवादी

Process Id-2025
पेशी दिनांक 13/02/2025

प्रेषिती
(1) बलराम पाण्डेय पिता स्व. श्री के.के. पाण्डेय पता- मकान नं. 1144/ए, प्यासी मोहल्ला, गौतमगंज, गौतम मढ़िया के पास, गढ़ा थाना गढ़ा तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. (2) अभिषेक तिवारी पिता स्व. श्री सतीश तिवारी पता- 726/2 छोटा जैन मंदिर के पास, शिव नगर गढ़ा वार्ड, थाना गढ़ा, जिला जबलपुर म.प्र. (मुख्यप्रत्यावर्थी आम)

[illegible]

(जगमोहन सिंह)
अट्ठाईसवें व्यवहार न्यायाधीश
(कनिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र)
र.नं. 2775

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 167
2024-2025 दिनांक 21/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री शैलेन्द्र कुमार ब्यौहार, पिता- भैयालाल, 2. श्रीमती वंदना ब्यौहार, पति- श्री शैलेन्द्र कुमार ब्यौहार ने भवन क्रमांक 8/2/5 का भाग, संपत्ति क्र./ पिन नं. 1002758589 जलवत पिन नं. ... पर विक्रेताण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती शोभा माहेश्वरी, पति- श्री धर्मेश माहेश्वरी वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड, निर्मित क्षेत्रफल 1800 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 900 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7, अधारताल नगर निगम जबलपुर

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 166
2024-2025 दिनांक 20/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता जे.आई.पी.एल. अधि. व्यक्ति श्री सत्येन्द्र कुमार जैन, 2. श्री अशोक कुमार सिंघई ने भवन क्रमांक 709 ध 717, संपत्ति क्र/ पिन नं. 1000360993 जलवत पिन नं. ..........., पर विक्रेताण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री सुभाष चंद जैन, वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड, निर्मित क्षेत्रफल 3170 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 2520 व.फु., विक्रयपत्र, लिंक प्रपत्रों, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7, अधारताल नगर निगम जबलपुर

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 170
2024-2025 दिनांक 23/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री अनुज श्रीवास्तव, 2. श्री अमित श्रीवास्तव, 3. कविता (सिंहा) श्रीवास्तव, पिता- स्व. श्री रमेश कुमार श्रीवास्तव ने भवन क्रमांक 1187/पी-108 डी संपत्ति क्र/ पिन नं. 1000362539 जलवत पिन नं. 1002496726, पर विक्रेताण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री रमेश श्रीवास्तव वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड, विक्रय प्लाट रकवा 1050 व.फु., निर्मित भूतल 650 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7, अधारताल नगर निगम जबलपुर

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 168
2024-2025 दिनांक 21/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री संजय सिंह, 2. अनीता सिंह दोनों के पिता- स्व. श्री चंद्रेश्वर ने भवन क्रमांक एच.आई.जी.-10, संपत्ति क्र/ पिन नं. 1000444870 जलवत पिन नं. 2343153, पर विक्रेताण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री चंद्रेश्वर सिंह, पिता- श्री नरोत्तम सिंह वार्ड सुभाष चंद्र बोस वार्ड, विक्रय प्लाट रकवा 1862 व.फु., निर्मित भूतल 1362 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7, अधारताल नगर निगम जबलपुर

### संभागीय कार्यालय संभाग क्रं- 15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 98/2024-25 दिनांक 24/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री विशाल पारवानी, पिता श्री खियलदास पारवानी** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004470396 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती अमित कुमार दास, पिता- श्री गोपाल चंद दास के नाम से दर्ज कौशल्या एक्जोटिका का तृतीय मंजिल निर्मित रकवा 1106 व.फु., जिसका मौजा लक्ष्मीपुर भूमि खसरा नं. 5/9 ब्लॉक-ए का फ्लैट नं. 304 जिसका बिल्डअप एरिया 948 व.फु., व सुपरबिल्डअप एरिया 1106 व.फु., **विक्रय/क्रय**, संपत्ति **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, टैक्स रसीद एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1388/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 29/11/2024

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुसुम बाई दाहिया पिता स्व. बालीराम दाहिया निवासी घंसौर सिवनी म.प्र. ह.मु. करियापाथर जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नजूल ब्लॉक नं. ... प्लॉट नंबर .... स्थित भूमि खसरा नं. 345/1, 345/2 में से रकवा 1000 व.फु. भूमि जो राजस्व रिकॉर्ड में सुधारानी, लवकुश नारायण दास के नाम दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक ........ तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-23/01/2025
पेशी दिनांक-05/02/2025

र.नं. 2768
तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./2358/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 22/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वासुदेव राव कडू पिता केशव राव कडू निवासी 923 संजीवनी नगर कछपुरा, गढ़ा के द्वारा मौजा कछपुरा नजूल ब्लॉक नं. ... प्लॉट नंबर .... स्थित भूमि खसरा नं. 441, 442, 465/1 में से रकवा 2400 व.फु. भूमि पर दुलीचंद भाई पालन पिता दया भाई पालन से क्रय कर राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 5/2/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-22/01/2025
पेशी दिनांक-05/02/2025

र.नं. 2765
तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./2940/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 23/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम कुमार चक्रवर्ती पिता मोहन राम निवासी 2896/14 तुलसी नगर, चेरीताल के द्वारा मौजा जबलपुर नजूल ब्लॉक नं. ... प्लॉट नंबर .... स्थित भूमि खसरा नं. 13/1/5/1 में से रकवा 2400 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता विनोद कुमार बाझल पिता सिंघई खूबचंद जी जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30/07/80 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक .... तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-23/01/2025
पेशी दिनांक-05/02/2025

र.नं. 2764
तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

# अभिमत

**वैसे भी छत्तीसगढ़ कृषि विविधता के लिए जाना जाता है। यह वह इलाका है, जो धन-धान्य से भरपूर रहा है। यहां धान की सैकड़ों किस्में रही हैं। किसानों ने यहां धान की कई पद्धतियां विकसित की हैं। यहां के किसानों का खेती का पारंपरिक ज्ञान अनूठा है, जिसे संजोने की बहुत जरूरत है। इसी दिशा में जन स्वास्थ्य सहयोग की यह पहल महत्वपूर्ण है। यह बदलाव की पहल साल 2000 में शुरू हुई। जन स्वास्थ्य सहयोग ने अपने करीब एक डेढ़ एकड़ की भाटा (कमजोर) ज़मीन पर बिना रासायनिक वाली जैविक खेती शुरूआत की।**

## सेहत के लिए जैविक खेती की पहल

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

हाल ही में मेरा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में जाना हुआ। यहां गनियारी स्थित जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का काम स्वास्थ्य सुधार पर है। लेकिन यहां के डॉक्टर स्वास्थ्य को सिर्फ इलाज तक ही सीमित नहीं मानते, बल्कि रोगों की रोकथाम के लिए पौष्टिक भोजन पर भी जोर देते हैं। इसके लिए बिना रासायनिक जैविक खेती का कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। आज इस कॉलम में इस पर चर्चा करना उचित रहेगा, जिससे स्वास्थ्य को समग्रता से समझा जा सके।

पिछले कुछ सालों से रासायनिक खेती के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। खेती–किसानी का संकट बढ़ रहा है। लेकिन साथ ही साथ देश के अलग–अलग हिस्सों में रासायनिक खेती के विकल्प के तौर पर कई छोटी–छोटी पहल हो रही हैं। इनमें से एक व्यवस्थित पहल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में की जा रही है। इस पहल को देखने–समझने का मुझे कई बार मौका मिला है।

वैसे भी छत्तीसगढ़ कृषि विविधता के लिए जाना जाता है। यह वह इलाका है, जो धन–धान्य से भरपूर रहा है। यहां धान की सैकड़ों किस्में रही हैं। किसानों ने यहां धान की कई पद्धतियां विकसित की हैं। यहां के किसानों का खेती का पारंपरिक ज्ञान अनूठा है, जिसे संजोने की बहुत जरूरत है। इसी दिशा में जन स्वास्थ्य सहयोग की यह पहल महत्वपूर्ण है।

> **यह बदलाव की पहल साल 2000 में शुरू हुई। जन स्वास्थ्य सहयोग ने अपने करीब एक डेढ़एकड़ की भाटा ( कमजोर ) ज़मीन पर बिना रासायनिक वाली जैविक खेती शुरूआत की, जो अब साढ़े चार एकड़ में फैल चुकी है। इसके साथ जिले के कई गांवों के किसान भी इससे जुड़ चुके हैं। आज यहां धान की करीब 4 सौ से अधिक किस्में संग्रहीत हैं।**

यह बदलाव की पहल साल 2000 में शुरू हुई। जन स्वास्थ्य सहयोग ने अपने करीब एक डेढ़ एकड़ की भाटा (कमजोर) ज़मीन पर बिना रासायनिक वाली जैविक खेती शुरूआत की, जो अब साढ़े चार एकड़ में फैल चुकी है। इसके साथ जिले के कई गांवों के किसान भी इससे जुड़ चुके हैं।

आज यहां धान की करीब 4 सौ से अधिक किस्में संग्रहीत हैं, जिनमें सुगंधित, लाल चावल वाली, जल्द पकने वाली और कुछ किस्में काले चावल की है। इसके अलावा मडिया, कांग, ज्वार, मक्का और अरहर की किस्में हैं। चना, अलसी, कुसुम, मटर, भिंडी, उड़द आदि देशी किस्में भी हैं।

जन स्वास्थ्य सहयोग के कार्यकर्ता होम प्रकाश साहू इस काम को आगे बढ़ा रहे हैं। गनियारी में एक–दो डिसिमल की छोटी–छोटी क्यारियों में देशी धान का प्रयोग करीब दो दशक से ज्यादा से चल रहा है। मैं कई बार इस फार्म को देख चुका हूं और इसके प्रमुख कार्यकर्ता होम प्रकाश साहू से चर्चा की है। होम प्रकाश ने बताया कि धान की कई किस्में हैं जिनमें हरून धान 70 से 100 दिन वाली, मध्यम 100 से 120 दिन वाली और गहरून 120 से 145 दिन वाली हैं। जो अलग–अलग किस्म की मिट्टी वाली ज़मीन में होती हैं।

यहां धान के साथ पौष्टिक अनाज भी उगाए जाते हैं। जैसे यहां मडिया की खेती भी होती है। इसे रागी, नाचनी और मडुआ नाम से भी जाना जाता है। इसे हाथ की चक्की में दर कर खिचड़ी या भात बनाया जा सकता है। इसके आटे की रोटी भी बनाई जा सकती हैं। खुरमी या लड्डू भी बना सकते हैं। इसमें चूना (कैल्शियम) भरपूर मात्रा में होता है और कुछ मात्रा में लौह तत्व भी पाए जाते हैं। यहां इसके बिस्कुट भी बनाए जा रहे हैं।

होमप्रकाश साहू का कहना है कि मड़िया भाटा व कमजोर जमीन में भी होती है। इसके लिए कम पानी की जरूरत होती है। यानी अगर खेत में ज्यादा पानी रूकता है तो पानी की निकासी होनी चाहिए। उन्होंने खुद अपनी भाटा जमीन में इसका प्रयोग किया है। वे हर साल हरी खाद डालकर अपनी जमीन को उत्तरोत्तर उर्वर बना रहे हैं। सबसे पहले थरहा या नर्सरी तैयार करनी चाहिए। इसके लिए खेत में गोबर खाद डालकर दो बार जुताई करनी चाहिए। उसके बाद बीज डालकर हल्की मिट्टी और पैरा से ढक देना चाहिए, जिससे चिड़िया वगैरह से बीज बच सकें। एक एकड़ खेत के लिए 3–4 सौ ग्राम बीज पर्याप्त हैं।

होमप्रकाश का कहना है कि जिस खेत में मड़िया लगाना है उसमें 6 से 8 बैलगाड़ी पकी गोबर की खाद डालकर उसकी दो बार जुताई करनी चाहिए। इसके बाद 10–10 इंच की दूरी के निशान वाली दतारी को खड़ी और आड़ी चलाकर उससे मिलन बिंदु पर मड़िया के पौधे की रोपाई करनी चाहिए। पौधे के बाजू में कम्पोस्ट खाद या केंचुआ खाद को भी डाला जा सकता है।

इस पूरे प्रयोग में बाहरी निवेश करने की जरूरत नहीं है। अमृत पानी का छिड़काव अगर तीन बार किया जाए तो फसल की बढ़वार अच्छी होगी और पैदावार भी अच्छी होगी। अमृत पानी को जीवामृत भी कहा जाता है।

हाल ही में संस्था ने कोटा विकासखंड के 4–5 गांवों में आवारा पशुओं से फसल सुरक्षा के लिए खेतों की सामूहिक फैंसिंग की पहल की है, जिससे किसानों की खेती की सुरक्षा हो रही है। अब उन्हें रात–रात भर जागकर फसलों की सुरक्षा नहीं करनी होती, इससे वे उतेरा की फसल भी लेने लगे हैं। इससे किसानों की फसल सुरक्षा के साथ आमदनी में भी बढोतरी होगी।

उतेरा की फसल बारिश की नमी में ली जाती है। इसमें धान की फसल के बीच तिवड़ा ( खेसारी दाल),बटरी, अलसी, उड़द, सरसों व चना के बीज छिड़क दिए जाते हैं। यानी बारिश की नमी में ही दूसरी फसलें भी पक जाती हैं। यह छत्तीसगढ़ के किसानों का परंपरागत जाना माना तरीका है। जिसमें बारिश की नमी का सही उपयोग होता है और दो फसलें भी मिल जाती हैं।

पशुपालन भी इससे जुड़ा है। धान का पैरा ( ठंडल) मवेशियों को चराने के काम आता है। बैल खेतों में जुताई करते थे। यह सब एक दूसरे से जुड़ा है। फसलों की कटाई हाथ से हंसिए से की जाती है। ठंडल बहुत छोटे होते हैं और उन्हें जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। और जो गाय–बैल का गोबर होता है, उसे खेतों में डालते हैं जिससे मिट्टी उपजाऊ बनती है। यह मवेशियों व मनुष्य में आपसी समझौता होता है। पशुओं को खेतों से चारा मिलेगा और वे खेतों को गोबर खाद देंगे।

परंपरागत खेती में आत्मनिर्भरता होती है। किसानों का खुद का देसी बीज, गोबर खाद और खुद हाथ की मेहनत होती है। और इसमें पीढ़ियों के पारंपरिक ज्ञान का उपयोग होता है। यह स्वावलंबी होती है।

जन स्वास्थ्य सहयोग का गनियारी में अस्पताल भी है, जहां सैकड़ों मरीज आते हैं, जो गांव में किसानी करते हैं। इस तरह की पहल को देखते हैं,यहां से बीज व तकनीक की जानकारी हासिल करते हैं। और इस तरह की खेती को अपनाते हैं। यहां से खेती के लिए बीज भी दिए जाते हैं।

कुल मिलाकर, जैविक खेती की यह पहल बहुत उपयोगी है। यह आत्मनिर्भर खेती की दिशा में पहल तो है ही, साथ ही इससे स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। इसमें देशी बीजों के संरक्षण के साथ परंपरागत ज्ञान का भी संरक्षण हो रहा है। मिट्टी पानी के साथ जैव विविधता की भी सुरक्षा हो रही है। खेती में लागत भी कम आती है। अगर हम परंपरागत खेती की बात करें तो इसमें खेत के साथ पशुपालन का भी जुड़ाव होता है। पशुपालन, जो रासायनिक खेती में पीछे छूट जाता है, पारंपरिक खेती में उसे प्रमुखता दी जाती है। इससे पौष्टिक भोजन मिलता है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहतर है। देशी बीजों की एक और खास बात है कि वे जलवायु बदलाव का मुकाबला करने में सक्षम होते हैं। चूंकि देशी बीजों की कई किस्में होती हैं, जिसे मिट्टी–पानी,जलवायु के हिसाब से किसान चुनते हैं, और खेतों में उगाते हैं, जिससे वे प्रतिकूल मौसम का भी मुकाबला कर सकते हैं। इस दृष्टि से यह पहल महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

### बीता सप्ताह

**18 जनवरी**
- छत्तीसगढ़ में किरण सिह पुन: भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे गए 5 महिला सहित 12 हाईकोर नक्सलियों के शव बरामद हुए।
- पर्वतारोही उदय कुमार एक पैर कटे होने के बावजूद अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट वेली मंजारी पर सफलतापूर्वक चढ़ने पर तेनजिंग नोर्के पुरस्कार से माननीय राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया।
- बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन विदेश मंत्री जयशंकर ने किया।

**19 जनवरी**
- कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला डॉक्टर की रेप और हत्या मामले में संजय रॉय को सियालदाह कोर्ट ने 50 हजार रुपए जुर्माना एवं उम्र कैद की सजा की सजा सुनाई।
- विपक्ष नेता राहुल गांधी ने बिहार में जातिगत जनगणना को फर्जी बताया।
- पीएम मोदी ने 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे।
- ईरान के सुप्रीम कोर्ट में गोलीबारी से दो छात्रों की मौत हो गई।

**20 जनवरी**
- प्रयागराज के महाकुंभ में सिलेंडर फटने से लगी भीषण आग लगने से करीब दो सौ टेंटों जलकर राख हो गए।
- अमेरिका में शार्ट विडियो सोशल प्लेटफार्म टिकटों को बंद कर दिया गया।
- नेपाल की महिला टीम को हराकर भारत की टीम ने जीता खो खो विश्वकप का पहला खिताब।
- नाइजीरिया मे मैसोलीन टैंकर विस्फोट होने से 8 लोगों की मौत हो गई।

**21 जनवरी**
- छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायो और पंचायत चुनावों की तारीख का ऐलान हुआ। 11 फरवरी को मतदान और 15 फरवरी को मतगणना।
- ऋषभ पंत को लखनऊ का सुपर साइट्स का नया कप्तान नियुक्त किया गया।
- आस्ट्रेलिया में 'शॉन' चक्रवात की लेकर चेतावनी दी गई।
- एक शोध के अनुसार वसायुक्त मांसपेशियों से दिल का दौरा पड़ने का खतरा है।

**22 जनवरी**
- छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में 27 नक्सली मारे गए।
- तुर्की के एक होटल में आग लगने से 66 लोगों की मौत हो गई।
- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्क्रैमजेट इंजन का सफल ग्राउंड परीक्षण।
- अमेरिका के नए नियुक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) बाहर आने की घोषणा।

**23 जनवरी**
- जलगांव में बड़ा रेल हादसा हुआ जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। लखनऊ–मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों को दूसरी ट्रेन ने कुचला।
- केन्द्र सरकार ने कच्चे जूट की एमएसपी में 315 रूपये की बढ़ोतरी की।
- जम्मू कश्मीर में एक अनूठी पहल के तहत चिार के पेड़ों के जारी हुए आधार कार्ड।
- गणतंत्र दिवस परेड में राज्यसभा में पहली बार तीनों सेनाओं की झांकी प्रस्तुत करने का फैसला हुआ।

**24 जनवरी**
- मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर मीट में दग को मिले 6000 करोड़ का प्रस्ताव।
- बिहार में शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण के घर छापेमारी में मिलो नोटों का पहाड़। 3 करोड़ केश व गहने बरामद।
- रूसी वैज्ञानिकों ने सूर्य पर देखा रहस्यमयी काला धब्बा।
- छग प्रदेश में 2 अरब का धान घोटाला सामने आयो।

## महाकुंभ में मैत्री

■ अरुण कुमार त्रिपाठी

अपने मित्र और हिंदी के प्रसिद्ध कवि अष्टभुजा शुक्ल ने 'अथ कुंभ कथा' नाम से ऐसा ललित निबंध लिखा जिसे पढ़कर लगा मानो हमने प्रयागराज के संगम पर डुबकी ही लगा ली। वे लिखते हैं, 'जल तो थोड़ा–बहुत हर जगह है, लेकिन कुंभ के महापर्व में वह अमृत में रूपांतरित हो चुका है। अमृत का चखना ही अनंत पुण्य का फल है। आनंद का मेला है। अमरता की तलाश में ही जीवन मैदान में उतरता है।'

उधर, गांधी विचारक चिन्मय मिश्र कहते हैं कि आठवीं सदी में जब कुंभ की शुरुआत हुई तो देश दमन और पराजय की ढलान पर जाने लगा। बौद्धों और जैनियों का दमन और उन्हें देश के लोकजीवन से निष्कासित करना कमजोर भारत की नींव डालने जैसा ही काम था। यह काम किया था, शंकराचार्य ने। संगम पर प्रतीकात्मक डुबकी लगाने के साथ सांस्कृतिक संगम की सरस्वती को लुप्त कर दिया गया। उसी के बाद देश पर विदेशी आक्रमण हुए और गुलामी की शुरुआत हुई।

> **सत्य और अहिंसा का संदेश अरबों रुपए खर्च करके करोड़ों लोगों के स्नान का दावा करने में नहीं है। वह सत्य की तलाश के नाम पर अल्पसंख्यक बहुल आबादी और शहरों के बीच मस्जिदों को खोदकर मंदिर निकालने में नहीं है। न ही वह पुलिस प्रशासन द्वारा गदा लेकर अल्पसंख्यकों को भयभीत करने में है। वह संदेश है, सभी में मैत्री और समता का भाव देखने में।**

महाकुंभ को देखने के ये दो विचार हैं। आप इनमें से जिसके साथ जाना चाहें, जा सकते हैं, लेकिन पाप–पुण्य और पराजय के भाव से अलग एक भाव है मैत्री का। कुंभ जाने वालों से यह पूछना चाहिए कि उनके भीतर कितना मैत्री भाव जगा। उस मैत्री भाव के मूल में है एकत्व का भाव। वह एकत्व चाहिए सूर्य से, पृथ्वी से, जल से, अग्नि से, प्राणिमात्र से। यानी जो पंचमहाभूत हैं – क्षिति, जल, पावक, गगन और समीर जिनसे मिलकर इस सृष्टि की रचना हुई है, उसकी एकता की अनुभूति। क्या लोग कुंभ के अवसर पर इस भावार्थ को समझ पा रहे हैं?

भारत और उत्तरप्रदेश आज जिस शत्रुता भाव में डूबता जा रहा है, अपने भीतर ही जिस तरह से पराए ढूंढे जा रहे हैं, जिस तरह से अपनी आजादी के लिए हुए बलिदान को व्यर्थ बताकर उस पर वितंडा खड़ा किया जा रहा है, क्या महाकुंभ के इस आयोजन के बाद जनता और बौद्धिक वर्ग के भीतर से वह भाव कुछ मिटेगा? क्या उसके भीतर समता और समन्वय का भाव जगेगा? या श्रेष्ठता और अलगाव का भाव पैदा होगा? अगर उसमें अलगाव और श्रेष्ठता भाव मिटेगा तो समझिए कि उसने कुंभ में अमृत चखा और अगर बढ़ेगा तो समझ लेना चाहिए कि उसने अमृत समझकर विष चखा है।

अगर इस महाकुंभ से हिंदू संस्कृति की श्रेष्ठता का भाव निकलता है और वह दूसरी संस्कृतियों या संप्रदायों को हेय मानने की भावना से ग्रसित होता है तो समझना चाहिए कि लोगों ने कुंभ का सही संदेश नहीं लिया है। वे निजी स्वार्थ, सांगठनिक स्वार्थ, सांप्रदायिक स्वार्थ और सामुदायिक स्वार्थ को साधने की तलाश में कुंभ गए और लौट आए। इससे न तो भारत का कल्याण हो पाएगा और न ही विश्व का।

अगर यह महाकुंभ हिंदू धर्म की सत्य और अहिंसा की संस्कृति को समझाने, प्रकट कराने और उस अमृत को चखाने में सफल होता है तो कहा जा सकता है कि इसकी सार्थकता है। अगर वह झूठ गढ़ने, अंधविश्वास बढ़ाने, राज्य की हिंसक प्रवृत्ति और सांप्रदायिक वैमनस्य की भावना फैलाने का उद्देश्य पूरा करने का साधन बनता है तो उसकी सफलता संदिग्ध है और उसी के साथ संदिग्ध होती है भारत की अमरता और शास्वत होने की धारणा।

हिंदू की पहचान बताते हुए 'माधव दिग्विजय' नामक ग्रंथ में उल्लेख है– 'ओंकार जिसका मूल मंत्र है, पुनर्जन्म में जिसकी दृढ़ आस्था है, भारत ने जिसका प्रवर्तन किया है तथा हिंसा की जो निंदा करता है, वह हिंदू है।' इसी बात को विनोबा भावे अलग ढंग से कहते हैं। उनका मानना है कि 'अहिंसा–प्रियता हिंदू होने का मुख्य लक्षण है।' वास्तव में भारत जिसको दुनिया के लिए अपना विशिष्ट संदेश मानता है, जिसके कारण वह दुनिया की पवित्र भूमि होने का दावा कर सकता है, वह है– 'वसुधैव कुटुंबकम' यानि समस्त संसार एक परिवार है का संदेश। यही संदेश मैत्री का संदेश है, यही संदेश बंधुता, सत्य और अहिंसा का संदेश है।

सत्य और अहिंसा का संदेश अरबों रुपए खर्च करके करोड़ों लोगों के स्नान का दावा करने में नहीं है। वह सत्य की तलाश के नाम पर अल्पसंख्यक बहुल आबादी और शहरों के बीच मस्जिदों को खोदकर मंदिर निकालने में नहीं है। न ही वह पुलिस प्रशासन द्वारा गदा लेकर अल्पसंख्यकों को भयभीत करने में है। वह संदेश है, सभी में मैत्री और समता का भाव देखने में। यह भाव सरकारों के आयोजनवीर होने की बजाय सहज रूप से मेले में लोगों की जुटान से होता है।

गांधी की हत्या के बाद जब मई 1948 में वर्धा में प्रधानमंत्री नेहरू, राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद, जेबी कृपलानी, जयप्रकाश नारायण और विनोबा भावे जैसे कई दिग्गज आगे की रणनीति बनाने के लिए बैठे तो विनोबा भावे ने सर्वोदय समाज का संगठन बनाने और उसके लिए किसी सरकारी आयोजन का विरोध किया था। उनका कहना था कि सर्वोदय मेला लगना चाहिए और उसके लिए कोई फिजूलखर्ची नहीं होनी चाहिए। आज स्थिति उल्टी हो चली है। हर कोई यही पूछ रहा है कि सरकार ने क्या इंतजाम किया है। सरकार यह बताने में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है कि उसने क्या इंतजाम किया है। दूसरी ओर तमाम लोग यह बताने में अपना श्रम लगाए हुए हैं कि सरकार ने क्या नहीं किया। इस तरह सरकार एक खास समुदाय की तरफदारी में झुकती जा रही है और बाकी समुदायों की उपेक्षा कर रही है।

यजुर्वेद के एक श्लोक का उद्धरण देते हुए विनोबा भावे कहते हैं =' मित्र की निगाह से हम दुनिया को देखें और मित्र की निगाह से दुनिया हमें देखे। समाज में सब लोग सखा बनें। परस्पर सहयोग करें, परस्पर खुली चर्चा करें, सामूहिक निर्णय लें और सब मिलकर उस पर अमल करें। इसी का नाम है सख्यभक्ति।' वे आगे कहते हैं कि 'विज्ञान युग में दास्यभक्ति का जमाना चला गया है और सख्यभक्ति का आ गया है।' सवाल उठता है कि क्या हम कुंभ आयोजन के 1200 वर्षों में उस सख्यभाव को निर्मित कर पाए हैं?

यह दौर जातीय और धार्मिक संकीर्णताओं के बढ़ने का और धार्मिक संघर्षों का है। विभिन्न धर्मों की बुनियादी एकता की भावना निरंतर क्षीण हो रही है। भारत की विशेषता रही है कि वहां विभिन्न धर्मों ने मिलकर मानव चित्त की ऐसी खेती की है कि उनका बाह्य मतभेद मिटता रहा है। महाकुंभ के आयोजन में जिस तरह गंगा और यमुना मिलती हैं क्या उसी तरह मिलते हुए जातिगत, लैंगिक, सांप्रदायिक,धार्मिक, भाषाई, वैचारिक मत–मतांतर और राजनीतिक भेदभाव मिट रहे हैं? अगर हां तो निश्चित तौर पर इस कुंभ की सार्थकता है। लेकिन अगर इसमें नए–नए विवादों को खोद निकालने, नए–नए टकराव और कलह के मुद्दे तलाशने और समता और मैत्री के भाव को घटाने का काम हो रहा है तो समझ लीजिए कि महाकुंभ का घट रीता ही रहेगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे हैं। )**

## ट्रम्प की नीतियों से बढ़ सकता है भारत का आर्थिक संकट

डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार संयुक्त राज्य अमेरिका के सैंतालीसवें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। अपने दूसरे प्रयास में उन्होंने यह बड़ी चुनावी जीत हासिल की। इसके साथ ही वे एकमात्र पूर्व और पदारुढ़ अमेरिकी राष्ट्रपति हैं जिन्हें ऐसे अपराध में दोषी ठहराया गया है जिसमें आम तौर पर कठोर जुर्माना या जेल की सजा होती है। तो भी सजा सुनाने वाले न्यायाधीश ने होने वाले राष्ट्रपति को दंडित करने से इनकार कर दिया और उन्हें बिना शर्त छोड़ दिया। उनके खिलाफ तीन अन्य आपराधिक और गुंडागर्दी के मामले भी हैं जिनमें कार्रवाई कभी भी शुरू हो सकती है या शायद नहीं भी हो सकती है। अपराधी के रूप में दोषी ठहराए जाने के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प को अब कई देशों में प्रवेश से इनकार करने का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि भारत भी दोषी ठहराए गए अपराधियों को वीजा नहीं देता है। राष्ट्रपति ट्रम्प जिन देशों की यात्राएं करना चाहते हैं उन देशों के लिए यह एक संवेदनशील राजनयिक चुनौती पेश करने वाला विषय है।



डॉ.अजीत रानाडे

> **ट्रम्प की नीतियां हमें सीधे चीनी डंपिंग खतरे, शेयर बाजारों से विदेशी निवेशकों के पलायन, कमजोर रुपये और परिणामस्वरूप तरलता की कमी, उच्च ब्याज दरों व मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति के माध्यम से प्रभावित कर रही हैं। बेशक, हमारे सभी आर्थिक संकटों के लिए ट्रम्प की नीतियों को दोष देना गलत है। हम राजकोषीय सीमाओं का भी सामना कर रहे है।**

ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की यह एक अभूतपूर्व शुरुआत है। उनके लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी होने के बावजूद लोगों ने उन्हें बहुत निर्णायक रूप से वोट दिया है। ट्रम्प ने जिन नीतियों की घोषणा की है तथा जिन्हें वे लागू करने की योजना बना रहे हैं, वे योजनाएं और भी लोकप्रिय हैं। उनके चुनावी समर्थन की तुलना में उनकी नीतियों को दस प्रतिशत अधिक अनुमोदन रेटिंग प्राप्त है। वे नीतियां क्या हैं? इनमें अवैध विदेशियों के खिलाफ कड़े कदम, एच1बी वीजा पर आने वाले वैध विदेशियों का प्रवेश प्रतिबंधित करना, विशेष रूप से मैक्सिको, कनाडा और चीन से आने वाले सामानों पर उच्च आयात शुल्क लगाना शामिल है। उनके समर्थक व अन्य लोग भी इस बयानबाजी पर विश्वास करने लगे हैं कि विदेशी उत्पादक अमेरिकी उपभोक्ता बाजार का 'दोहन' करते हैं और अमेरिकी नौकरियों की चोरी करते हैं। इसलिए ट्रम्प के नए कार्यकाल में अब विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को अमेरिकी उपभोक्ता तक मुफ्त पहुंच उपलब्ध नहीं होने दी जा रही है। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2016 से 2020 तक उन्होंने अमेरिका में आयात किए जा रहे लगभग एक लाख करोड़ डॉलर के सामान पर उच्च टैरिफ लगाया था। वह टैरिफ अब और भी ज्यादा होगा। अमेरिकी आयकर विभाग की 'आंतरिक राजस्व सेवा' का अनुकरण करते हुए उन्होंने 'बाहरी राजस्व सेवा' स्थापित करने की घोषणा की है। ट्रम्प अपने मतदाताओं से कहते हैं कि अपनी जेब काटने के बजाय मैं उन गंदे विदेशियों की जेबें काटने जा रहा हूं जो मुक्त बाजार पहुंच का अनुचित लाभ उठाते हैं।

ट्रम्प 2.0 की नीतियों का भारत पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। सबसे पहले, अमेरिका में आने वाले चीनी सामानों पर उच्च शुल्क, जिसके कारण चीन उन उत्पादों को तीसरे देशों में भेज देगा। चीन मंदी और क्षमता से अधिक उत्पादन का सामना कर रहा है। इसका अर्थ यह है कि चीनी बहुत कम कीमत पर अन्य देशों में माल डंप करने की कोशिश करेगा जिनमें विशेष रूप से स्टील, अलौह धातुओं, उपभोक्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायनों जैसी वस्तुएं शामिल हो सकती हैं। पहले से ही चीन के साथ भारत का 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार घाटा है जिसे कम करना मुश्किल साबित हो रहा है।

दूसरा प्रभाव सस्ता रूसी कच्चे तेल खरीदने के खिलाफ प्रतिबंधों के माध्यम से है। भारत को सस्ते कच्चे तेल की खरीद और अमेरिका व यूरोप को परिष्कृत पेट्रोल और डीजल निर्यात करने से फायदा हुआ। इसकी बारीकी से जांच होने की उम्मीद है तथा मामला और अधिक बिगड़ जाएगा। तीसरा प्रभाव मजबूत डॉलर के माध्यम से होता है जिसका अर्थ है रुपये का और कमजोर होते जाना। यह विदेशी निवेशकों को परेशान करता है और यह बड़े पैमाने पर पूंजी के बाहर जाने के रूप में परिलक्षित हुआ है। इस वर्ष जनवरी में यानी 17 जनवरी तक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 47,000 करोड़ यानी करीब 6 अरब डॉलर की निकासी की है और शेयर बाजार को बड़ी टक्कर मिली है।

इस जनवरी में हुई यह निकासी 2008 के बाद से सबसे अधिक है। डॉलर की निकासी से रुपया गिरकर 87 पर आ गया है। इसमें और गिरावट आ सकती है। रुपये की मजबूती को बचाने की कोशिश में भारतीय रिजर्व बैंक डॉलर बेचता है। जैसे ही एफआईआई बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है, डॉलर की कमी उभरकर सामने आती है जिससे रुपया कमजोर और डॉलर मजबूत हो जाता है। रुपये को और कमजोर होने से बचाने के लिए आरबीआई अपने कीमती विदेशी मुद्रा भंडार से डॉलर बेचता है। एक अनुमान के अनुसार सितंबर, 2024 के अंत से आरबीआई ने समस्या के समाधान के लिए लगभग 40 अरब डॉलर बेचे होंगे। यह भारत के विदेशी मुद्रा के स्टॉक को कम करता है व बैंकिंग प्रणाली में तरलता को भी कम करता है। इसका शुद्ध परिणाम यह भी है कि रुपया अभी भी गिर रहा है तथा बैंकों को तरलता की कमी का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर, 2024 के अंत तक आरबीआई बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध तरलता घाटे की रिपोर्ट कर रहा है। यह तरलता संकट अल्पकालिक ब्याज दरों को तेजी से बढ़ाता है।

यह अच्छी खबर नहीं है क्योंकि दूसरी तरफ आरबीआई पॉलिसी रेट (शॉर्ट टर्म रेपो रेट) को नीचे लाने की मांग की जा रही है। भारत सरकार के साथ–साथ आवास, रियल एस्टेट और व्यक्तिगत वित्त जैसे ब्याज संवेदनशील क्षेत्रों से कम ब्याज दरों की मांग आ रही है। इस तरह परिवारों की वास्तविक खर्च करने योग्य आय बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रही है, जिसका श्रेय मुद्रास्फीति को देना होगा जो घरेलू बजट को खा रही है। वेतन पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ रहे हैं इसलिए उपभोक्ता खर्च वृद्धि में खामोशी दिखाई दे रही है जिससे जीडीपी वृद्धि के बारे में चिंताएं पैदा हो रही हैं। इस तरह इस साल जीडीपी वृद्धि दर पिछले साल के 8.2 प्रतिशत की तुलना में कम यानी 6.4 फीसदी है। अगले वर्ष भी विकास दर लगभग 6.5 प्रश रह सकती है इस प्रकार ट्रम्प की नीतियां हमें सीधे चीनी डंपिंग खतरे, शेयर बाजारों से विदेशी निवेशकों के पलायन, कमजोर रुपये और परिणामस्वरूप तरलता की कमी, उच्च ब्याज दरों व मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति के माध्यम से प्रभावित कर रही हैं। बेशक, हमारे सभी आर्थिक संकटों के लिए ट्रम्प की नीतियों को दोष देना गलत है। हम राजकोषीय सीमाओं का भी सामना कर रहे हैं लेकिन केवल सरकारी खर्च से विकास को बढ़ावा देने से काम नहीं चलेगा। निजी निवेश खर्च में भी तेजी आनी होगी। यह उपभोक्ता विश्वास और मांग के बढ़ने पर निर्भर करता है जो रोजगार तथा मजदूरी वृद्धि पर निर्भर करता है। यह सब आपस में जुड़ा हुआ है। इस सबमें मनोविज्ञान एवं भावना को एक बड़ी भूमिका निभानी है। दुनिया में इस बारे में अनिश्चितता है कि विश्व अर्थव्यवस्था के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प कितने विघटनकारी होंगे। अगर वे यूक्रेन में संघर्षविराम के लिए जोर देते हैं तो यह एक प्लस पॉइंट होगा, लेकिन अगर अमेरिका हठवादी रवैये पर कायम रहता है तथा अधिक संरक्षणवादी, अलगाववादी और व्यापारवादी बन जाता है तो यह मुक्त व्यापार के लिए अच्छी खबर नहीं है। एच1बी वीजा में कटौती के उनके फैसले से भारत के सॉफ्टवेयर निर्यात को नुकसान पहुंच सकता है जो मौजूदा समय में अच्छा है। हम इस साल ट्रम्प–प्रभाव और घरेलू आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक ऊबड़–खाबड़ रास्ते पर चल रहे हैं।

**( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# किसानों ने लगाया 20 हजार क्विंटल धान की फर्जी एन्ट्री का आरोप

**जबलपुर,देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किस स्तर की लापरवाही चल रही हैं इसकी बानगी ग्रामीण क्षेत्रों में कथित तौर पर धड़ल्ले से चल रही फर्जी एंट्री दे रही हैं। मामले में सर्वाधिक हैरानी की बात ये हैं कि जिन अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा भौतिक सत्यापन न होने पर जांच का जिम्मा सौंपा था वे ही आरोपों के घेरे में आ गए हैं। पनागर, कालाडूमर और सिंगौद सोसायटी में धान खरीदी केंद्र में 15 से 20 हजार क्विंटल धान की फर्जी एंट्री का आरोप लगाया गया हैं कि क्षेत्र के किसानों का आरोप हैं कि पनागर, कालाडूमर और सिंगोद सोसायटी के धान खरीदी केन्द्र में कथित तौर पर समिति प्रबंधक कपिल मिश्रा द्वारा फर्जी एन्ट्री कर इस गड़बड़ी को अंजाम दिया गया।

किसानों का आरोप हैं कि नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के जिला प्रबंधक दिलीप किरार द्वारा फर्जी आर.ओ. काट कर पूर्ति की जा रही है। इसमें सहकारिता विभाग के प्रभारी उपायुक्त प्रशांत कौरव की भी मिलीभगत का आरोप लगाया जा रहा है। किसानों के द्वारा खरीदी केन्द्र की शीघ्र निष्पक्ष जाँच कराने की मांग की हैं। किसानों का दावा हैं कि मामले में यदि जांच की जाती हैं तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर दीपक सक्सेना ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश जारी किए हैं।




## पनागर, कालाडूमर, सिंगौद सोसायटी का मामला, कलेक्टर के आदेश पर जांच में जुटी जांच कमेटी भी आरोपों के घेरे में

## जांच दल दो दिन में नहीं दे पाया रिपोर्ट

जिले के धान खरीदी केंद्रों पर अब भी भौतिक सत्यापन नहीं हो पा रहा हैं जबकि इसके लिए कलेक्टर द्वारा हर समिति और सेंटर पर टीम गठित की गई थी, जिससे समितियां ब्लैक लिस्टेड न हों और किसानों को सही सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

लेकिन आदेश के बावजूद समिति प्रभारियों ने किसी भी प्रकार का डाटा साझा नहीं किया। पनागर, सिंगौद, छत्तरपुर, उमरिया आदि केंद्रों से जुड़े मामलों के सुर्खियों में आने के बाद कलेक्टर द्वारा एक जांच कमेटी गठित कर जांच करने भौतिक सत्यापन करने तथा कृषकों से उपार्जित एफएक्यू धान के शीघ्रातिशीघ्र भंडारण/ राइस मिलर्स का प्रदाय करने के संबंध में सनिश्चित करने जांच दल गठित किया गया। 21 जनवरी को जारी आदेश में गठित दल में एमपीएससीएससी के जिला प्रबंधक दिलीप किरार, प्रभारी उपायुक्त सहकारी संस्थाएं प्रशांत कौरव , एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पनागर सुश्री पल्लवी जैन शामिल थीं। इन्हें दो दिनें में भौतिक सत्यापन कर जांच प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से सौंपने के निर्देश दिए गए थे लेकिन कलेक्टर के आदेश जारी करने के तीन दिन बीत जाने के बावजूद अब तक इनके द्वारा कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। उल्टे किसानों ने इस कमेटी की कार्यशैली पर ही सवाल उठा दिए हैं।

# लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह जबलपुर में फहरायेंगे राष्ट्रीय ध्वज



**जबलपुर,देशबन्धु।** गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित किये जाने वाले जिले के मुख्य समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

# अपर कलेक्टर गौड ने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलाई शपथ



**जबलपुर,देशबन्धु।** शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड ने कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे 15 वें राष्टीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। ज्ञात हो 25 जनवरी 2025 को (शनिवार) शासकीय कार्य दिवस न होने के कारण एक दिन पूर्व 24 जनवरी को यह शपथ दिलाई गई।जिसमें समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लिए कि वे देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखेंगे, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# नगर निगम से चोरी हो रहा जप्ती का सामान

## अतिक्रमण वालों ने टपरा उठाया, स्टोर से चोर उड़ा ले गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** अब तो नगर निगम के स्टोर या सुरक्षित स्थान से जप्त किया गया सामान भी चोरों की पकड़ से दूर नही है। जबलपुर में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां पर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने विभिन्न प्रकार के सामान में शामिल टपरे, ठेले जप्त कर उन्हें स्टोर के परिसर में सुरक्षित रखवाया दिया।



कुछ घंटे बाद ही वहां से नये टपरे और ठेलों को चोर उड़ा ले जाने में सफल हो गये। शासकीय कस्टडी से जप्त सामान की चोरी होना सभी के लिये चिंता की बात है। कुछ इसी तरह का मामला जबलपुर में सामने आया। जहां पर अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान जप्त ठेले गायब हो गये। जिसके बाद नगर निगम के गलियारों में सनसनी व्याप्त हो गई। छोटे से लेकर आला अधिकारी तक इससे सकते मे हैं। किसी को समझ नहीं आ रहा है कि आखिरकार कैसे इस तरह जप्त सामग्री में शामिल ठेले गायब हो सकते हैं। अब हालात यह हैं कि जिनके ठेले गायब हुये हैं, वे लोग अपने परिवार के साथ सरकारी दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उनके सामने रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। हालाकि नगर निगम प्रशासन के आला अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मानवीय संवेदना का ध्यान रखते हुये उनकी मदद की जायेगी।

# कोटा से रीवा के मध्य कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप निरस्त

**जबलपुर ,देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से पूर्व जारी अधिसूचना के अनुसार प्रयागराज होकर गाड़ी संख्या 09817/ 09818 कोटा-रीवा-कोटा के मध्य 03-03 ट्रिप स्पेशल ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया गया था। तकनीकी कारणों से इस महाकुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का पहला एक ट्रिप निरस्त किया गया है।

अर्थात गाड़ी संख्या 09817 कोटा-रीवा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन कोटा से दिनांक 25 जनवरी 2025 को निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09818 रीवा-कोटा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से दिनांक 27 जनवरी 2025 को निरस्त रहेगी। अब यह गाड़ी कोटा से दिंनाक 07 एवं 22 फरवरी 2025 को तथा रीवा से दिंनाक 09 एवं 24 फरवरी,2025 को तीन ट्रिप की बजाय 02-02 ट्रिप ही चलेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा का लाभ लें।

# नगर निगम परिसर में महापौर द्वारा किया जायेगा ध्वजारोहण



**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर निगम जबलपुर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी दिन रविवार को राष्टीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के मुख्य आतिथ्य एवं नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज (रिंकू), नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, सभी एम.आई.सी. सदस्य, एवं पार्षदगणों के विशिष्ठ आतिथ्य में नगर निगम कार्यालय प्रांगण में प्रातः 07:30 बजे ध्वजारोहरण किया जायेगा।

इस राष्टीय पर्व पर निगमायुक्त प्रीति यादव ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रातः 7:20 बजे उपस्थित रहने आदेशित किया है तथा समस्त व्यवस्थाओं पर निगरानी रखने के लिए समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्तों, एवं कार्यपालन यंत्री जल, प्रकाश, शिक्षा अधिकारी, उद्यान अधिकारी, अधीक्षक अग्नि सैन्य दल, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक, स्वास्थ्य अधिकारी, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, प्रभारी पुस्तकालय, आदि को जिम्मेदारी दी है।

# रीवा से प्रयागराज के लिए कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन

**जबलपुर,देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा हेतु महाकुम्भ-2025 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा प्रयागराज होकर गाड़ी संख्या 09817/ 09818 कोटा-रीवा-कोटा के मध्य 03-03 ट्रिप कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन संचालित किया जाएगा। इस महाकुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन में 15 थर्ड एसी कोच एवं 2 जनरेटर कार सहित कुल 17 कोच होंगें।

गाड़ी संख्या 09817/ 09818 कोटा-रीवा-कोटा के मध्य स्पेशल ट्रेन कोटा से दिंनाक 25 जनवरी, 07 एवं 22 फरवरी,2025 को तथा रीवा से दिंनाक 27 जनवरी, 09 एवं 24 फरवरी,2025 को चलेगी। गाड़ी सं 09817 कोटा से रीवा के लिए प्रस्थान सुबह 08:45 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज रात 01:45 बजे आगमन कर रीवा अगले दिन सुबह 07:30 बजे पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में रीवा से दोपहर 12:00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज शाम 18:30 बजे आगमन कर कोटा अगले दिन सुबह 09.45 बजे पहुँचेगी। गाड़ी के हाल्ट- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कोटा से रीवा के बीच इन्द्रगढ़ सुमेरगंजमंडी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, श्री महावीरजी, हिंडौन सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मानिकपुर, जैतवार, कैमा एवं हिनौतारामबन स्टेशनों पर रुकेगी। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस मेला स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से प्रणवी को मिला नया जीवन



**जबलपुर,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत 1 वर्ष 4 माह की बालिका प्रणवी सोनी को हृदय की सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया गया। प्रणवी के हृदय की सर्जरी मुंबई के नारायणा हृदयालय में 15 जनवरी को संपन्न हुई है। प्रणवी अब पूरी तरह स्वस्थ है तथा माता-पिता अपने परिवारजनों के साथ है।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला के मुताबिक अमखेरा रोड गोहलपुर निवासी राहुल सोनी के सुपुत्री प्रणवी जन्म से ही हृदय रोग से ग्रसित थी। अमखेरा रोड स्थित सुशीला परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को इसकी जानकारी लगने पर जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक से प्रणवी की पुनः जांच कराई गई और पुष्टि होने पर मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का प्रकरण तैयार कर उसे मुंबई स्थित नारायणा हृदययालय रेफर किया गया। जहाँ 15 जनवरी को उसके हृदय की सफल सर्जरी निःशुल्क की गई।

# स्व. निम्मी देवी रोहाणी स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता



**जबलपुर,देशबन्धु।** स्व. निम्मी देवी रोहाणी स्मृति टेनिसबाल क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मैच दादा 11 एवं जेडीए बायज खेलेगे। मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी की माता स्व. श्रीमती निम्मी देवी रोहाणी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन केंट विधानसभा के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु यह आयोजन 21 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में आयोजित है। इस आयोजन में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 51000रू. एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम 25000 एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 11000. एवं शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 5100रू. एवं शील्ड एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सहित अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए जावेगें। इस आयोजन के मुख्य अतिथि आशीष दुबे सासंद अध्यक्षता अशोक रोहाणी विधायक केन्ट एवं रिंकुज बिज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर करेगें।

आयोजन समिति के दामोदर सोनी, सचिन जैन सहारा पुष्पराज सिंह सेंगर, मिक्की शर्मा, सुधीर बेन, हैप्पी सिंह, शोभित आनंद, मोहित रास्ते, डॉ. आलोक मिश्रा, रंजीत राय चेतन लाहोरिया, कामेंटेटर अमित यादव, सुनील पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह, सुरेश पटेल, जयप्रकाश खरे, सचिन जैन सहारा, आंनद ठाकुर, गुड्डा दुबे सौरभ अहिरवार, लारा ठाकुर, सलीम खान दीपचंद गुप्ता अंबुज संजय बीशवे सहित सभी उपस्थित रहे ।

# डॉ भीमराव अंबेडकर और संत शिरोमणि रविदास जी की मूर्ति को उखाडना निंदनीय ही नहीं शर्मनाक: कांग्रेस

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने कहा कि इंदौर नगर निगम प्रशासन द्वारा अपमानजनक तरीके से बिना सूचना दिए डॉ भीमराव अंबेडकर और संत शिरोमणि रविदास जी की मूर्ति को बड़ी बेरहमी से उखाड़ना और नगर निगम की जीप में डालना और फिर उसे नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा पैरों पर रख कर ले जाना निंदनीय ही नहीं शर्मनाक है।

भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब का यह अपमान लगातार कर रही है एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री भोपाल में फ्लाईओवर का नामकरण डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम से करते हैं तो दूसरी तरफ इंदौर नगर निगम प्रशासन द्वारा जहां सांसद, विधायक, जिला पंचायत, महापौर सभी भाजपा के हैं मूर्ति को षड्यंत्र के तहत एक वर्ग को खुश करने अपमानजनक तरीके से उखाड़नाऔर भाजपा के जनप्रतिनिधियों का मूकदर्शक बने रहना? भाजपा हमेशा से दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक विरोधी रही है।

इसी मानसिकता के तहत अतिक्रमण के नाम पर बिना नोटिस दिए चीन्ह चीन्ह कर दलित बस्तियों पर तोड़फोड़ कर उजाडा जाता है मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी विजय अग्रवाल पी पी पटेल राजू तोमर अस्सू खान राजेश पटेल चमन पासी लखन श्रीवास्तव अशोक चौधरी लखन चौधरी आदि कांग्रेस नेता मांग करते हैं। जिन्होंने भी बाबा साहब और संत शिरोमणि रविदास जी की मूर्ति को अपमानजनक तरीके से उखाड़ा है तत्काल उन पर कार्यवाही की जावे अन्यथा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# साइकल स्टैंड में यात्रियों से अवैध वसूली, जिम्मेदार मौन

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे के उच्च अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता थमने का नाम नहीं ले रही है। इसके कारण साइकल स्टैंड में निजी ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा यात्रियों से धड़ल्ले से मनमाफिक किराया वसूलने के साथ ही साथ जीएसटी के ना पर लूट खसौट लगातार की जा रही है। इन कर्मचारियों को किसी का भी डर नहीं रहता है। इससे ठेकेदार तो मालामाल हो रहा है वहीं यात्रियों को कंगाल बनाने पर आमदा है। यह सिलसिला बीते कई माह से लगातार जारी है ।

पमरे के मुख्य रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म क्रमांक 1 एवं दूसरा प्लेटफार्म न.6 पर यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए साइकल स्टैंड बनाया गया है। रेलवे प्रबंधन ने इन प्लेटफार्म पर प्रत्येक यात्री से साइकल स्टैंड का चार्ज लेने के लिए बकायदा सूचना पटल पर दर्शाया गया है। परंतु इन नियम का ठेकेदार पालन ही नहीं करता है। ठेके पर रखे कर्मचारी यात्रियों से बदसलूकी करके पैसे की वसूली करते हैं। इनको किसी का भी डर महसूस नहीं होता है। इनके इस प्रकार के बर्ताव किए जाने से रेलवे की छबि भी खराब हो रही है।



**जीएसटी के नाम पर अवैध वसूली**

जानकारी के मुताबिक स्टैंड में दो पहिया वाहन का शुल्क 10 रु.निर्धारित किया गया है। 18 प्रतिशत की दर से यह 11.80रुपया होता है। परंतु यात्री 15 रू.देता है तो अधिकतर यात्री से 3.20 रुपये अतिरिक्त की वसूली की जाती है। याने यात्री से अवैध रूप से धड़ल्ले से 3.20 रु.अधिक लिया है। इससे स्टैंड मालिक तो मालामाल होता जा रहा जबकि यात्रियों को अनावश्यक लूटा जा रहा है।

**गो एन्ड ड्राप में वसूली की जाती है**

रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ही गो एन्ड ड्राप को निःशुल्क रखा गया है परंतु स्टैंड के कर्मचारी इन से भी धड़ल्ले से पैसे वसूलता है। इनकी मनमानी पर रोक लगाने के लिए किसी भी अधिकारी को फुर्सत नहीं।

**स्टैंड कर्मचारी ड्रेस नहीं पहनते हैं**

जानकारी के अनुसार रेलवे द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन यह कर्मचारी कभी भी नहीं करते हैं। जबलपुर मंडल से जब निविदा के आधार पर ठेका दिया जाता है तो उसमें स्पष्ट लिखा रहता है कि स्टैंड में कार्यरत कर्मचारी यूनीफॉर्म पहनकर ड्यूटी करेगा और अपने नाम की पट्टिका लगाएगा परंतु यह इस नियम का कोई भी पालन नहीं करता है मंडल में आधा दर्जन वाणिज्य निरीक्षक हैं यदि वह अचानक चैंकिंग करें और नियम तोड़े तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए तो व्यवस्था में सुधार आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**पुलिस सत्यापन भी नहीं होता**

पमरे के नियमानुसार स्टैंड में पदस्थ कर्मचारियों का समय समय पर पुलिस द्वारा सत्यापन किया जाना चाहिए परंतु इसका भी पालन नहीं किया जाता है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि यदि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा वाणिज्य निरीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दें और समय समय पर इनकी आकस्मिक चैंकिंग करायी जाए तो इस प्रकार की भर्राशाही पर स्थायी तौर पर रोक लगवाकर आम यात्रियों को एक कड़ी राहत मिलने की संभावना है।

# माता गुजरी में बालिका अधिकार दिवस पर संगोष्ठी



**जबलपुर,देशबन्धु।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में जनवरी 2025 को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं समाजशास्त्र विभाग द्वारा बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के अधिकार - प्राचीन एवं वर्तमान परिदृश्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन डायरेक्टर सुनील कुमार पहवा प्रिंसिपल डॉक्टर संगीता झाम्ब , रजिस्ट्रार डॉ. सत्येंद्र कुररिया के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा की नोडल अधिकारी डॉ. रत्ना वर्मा और समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजु मिश्रा ने किया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती दिव्या तिवारी सब इंस्पेक्टर डायल 100 पुलिस कंट्रोल रूम जबलपुर, और विशिष्ट अतिथि डॉ. रीता दुबे सहायक प्राध्यापिका नचिकेता कॉलेज जबलपुर रही, मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. अंजू मिश्रा ने किया विशिष्ट अतिथि का स्वागत प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मोनिका धगट ने किया।

# निरीक्षण के दौरान 2 दुकानों के लायसेंस नवीनीकरण नहीं मिले

## शनिवार अवकाश दिवस में भी कैश काउंटर खुले रहेगें



**जबलपुर,देशबन्धु।** निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार किरायेदारी और दुकानों के सत्यापन कार्य लगातार राजस्व और बाजार विभाग द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि नगर निगम की राजस्व में वृद्धि करने तथा शहरी क्षेत्रों के मकानों का सही माप कर गणना करने तथा उस हिसाब से बकाया करों की वसूली के लिए निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा लगातार राजस्व विभाग के साथ समीक्षा कर निर्देश दिये जा रहे हैं। इसके लिए निगमायुक्त द्वारा संभागवार एवं वार्डवार किरायेदारों की जानकारी भी एकत्रित कराई जा रही है, ताकि राजस्व रिकार्ड में सभी चीजें सही तरीके से दर्ज किया जा सके। मकानों का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है।




निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली में वृद्धि हेतु विगत 04 माह से वार्डों में किरायेदारी तथा एरिया सुधार किये जाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व मुख्यालय टीम से उपायुक्त राजस्व पी. एन. सनखेरे, सहायक राजस्व निरीक्षक रूपेश कुमार रजक द्वारा संभाग 4 छोटी लाइन फाटक अंतर्गत गुप्तेश्वर वार्ड स्थित एस.एल. पटैल एण्ड कंपनी (लकड़ी का टल) का स्थल निरीक्षण के दौरान सही एरिया दर्ज नहीं पया गया, जिसे सुधार कराया गया वहीं 25 दुकानों में से 2 दुकाने के लायसेंस का नवीनीकरण नहीं पाया गया, जिनके नवीनीकरण कराने के निर्देश दिये गए।

उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1 लाख 90 हजार करदाताओं से 58 करोड़ डोर-टू-डोर गारबेज शुल्क लिया जाना है, जिसके लिये संभागों से देयक वितरित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार अवकाश दिवस में भी मुख्यालय सहित सभी संभागों के कैश काउंटर खेले रहेगें, जिनका लाभ करदाता उठा सकते हैं।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 2 फरवरी को गोद भराई एवं सुहागले

**जबलपुर, देशबन्धु।** निशुल्क माघ मास कल्पवास 10 वे वर्ष का 11 वा दिन जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास 10 वे वर्ष के 11वें दिन भागवताचार्य पं मनमोहन दुबे ने व्यास पीठ से कहा कल्पवास करने से मन शुद्ध होता है सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव प्राप्त होता है शारीरिक व्याधियों का नाश होता है। 10 वर्ष से पहले चालू हुआ कल्पवास में सुबह चाय नाश्ता दोपहर भोजन रात्रि भोजन रहने की व्यवस्था सभी आश्रम के द्वारा निशुल्क है। 2 फरवरी प्रात: 9:00 बजे गोद भराई एवं सुहागाले का आयोजन होगा जीन माता बहनों को शादी उपरांत मातृत्व की प्राप्ति नहीं हुई है।

किन्नर अखाड़ा के साथ हीरा दीदी कैट शर्मा बबली तिवारी काजल दीदी खिलौना दीदी राधिका दीदी पूजा दीदी मोना दीदी कामिनी दीदी गोद भराई की रस्में करेगी। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल कल्पवास प्रमुख पप्पू चौबे कल्पवास सह प्रमुख श्याम मनोहर पटेल प्रशासनिक प्रमुख विनोद दीवान छप्पन भोग प्रमुख मनोज गुलाब बनी सुहागले एवं गोद भराई प्रमुख सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा मोहित तिवारी आदि ने उपस्थित की अपील की है।

## हम बुलबुले हैं इसके, ये गुलसिता हमारा...सारे जहां से अच्छा...

### रिपब्लिक डे उत्साह: पुलिस ग्राउंड में हुई गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल



**जबलपुर, देशबन्धु।** देशभक्ति तरानों की धुनों पर बैंड दल की प्रस्तुति चारों ओर गुंजायमान हो रही थी। परेड के दौरान सधे हुए कदम। बेमिसाल बैंड धुनों पर परेड कमाण्डर के दिशा निर्देशों का पालन करते जवानों ने पथ संचलन किया। सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा..., वो भारत देश के मेरा..., कदम कदम बढ़ाए जा... जैसे गीतों की धुन पर पुलिस जवानों, स्काउट गाइड्स, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स ने अनुशासन की मिसाल कायम की। शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह को लेकर फाइनल रिहर्सल हुई।

**सशस्त्र सलामी और हर्ष फायर**–कार्यक्रम में पुलिस जवानों ने वर्दी में परेड संचालन, हर्ष फायर और सशस्त्र सलामी की प्रैक्टिस की गई। कंधों पर बंदूक रखे जवानों ने हर्ष फायर कर रिहर्सल की। इस मौके पर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई, वहीं अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। रिहर्सल के दौरान हर्ष फायरिंग, मार्च पास्ट, परेड कमांडो से अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त किया गया। स्कूली बच्चों ने पीटी एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक रंग समारोह में विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रैक्टिस भी की गई। प्रस्तुतियों में छात्रों ने लोकशैली को समाहित किया। मुख्य समारोह के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जहां छात्रों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत रिसर्हल करवाई गई, वहीं प्रस्तुति को खास बनाने के लिए कलरफुल बैलून, तख्तियां और अन्य प्रॉप्स का उपयोग भी किया।

**ध्वज वंदन की प्रैक्टिस**–फाइनल प्रैक्टिस में अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए ध्वज फहराया और सलामी ली। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अन्य अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। समारोह 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से सम्पन्न होगा।



## प्यार हुआ इकरार हुआ है, प्यार से क्यों फिर डरता है दिल...

**जबलपुर, देशबन्धु।** राजकपूर के लुक में रेडी हुई महिलाओं ने नरगिस, वैजयंतीमाला, बॉबी का किरदार निभाया। जबलपुर लेडीज क्लब के तत्वावधान में ब्लैक एंड वाइट थीम पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम राजकपूर की जयंती के 100 वर्ष पूरे होने की थीम पर समर्पित रहा। कार्यक्रम में लेडीज ने राजकपूर की फिल्मों के गीतों की नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी। इस दौरान लेडीज राजकपूर के लुक में नजर आई और किसी ने मेरा जूता है जापानी डांस किया तो किसी ने प्यार हुआ इकरार हुआ गीत पर नरगिस का किरदार भी निभाया। मुख्य अतिथि सोनल अमीन और अमिता अग्रवाल थीं। गीत गायन विभा झा, दर्शना महिधर, चंद्रा महिधर ने किया।

**फिल्मों पर आधारित गेम्स**–कार्यक्रम में राज कपूर की फिल्मों पर आधारित गेम्स भी खेले गए। गेम्स कॉम्पीटिशन में मनीषा श्रीवास्तव, रेणुका सरपाल, नीता लूथरा, सोनिया सिंह, स्वतंत्र तेहनगुरिया ने प्राइज जीते। इस मौके पर क्लब प्रेसिडेंट मनीषा दुबे, राज रूपराह, कुसुम अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, अर्पणा अग्रवाल, स्वीटी आनंद मौजूद रहीं।

## कन्हैया तिवारी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री राम मंदिर निर्माण स्थापना दिवस की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल का गठन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर पं कन्हैया रामकृष्ण तिवारी को मनोनीत किया गया,संगठन का विस्तार शीघ्र ही महाकौशल, मालवा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, असम, कर्नाटक तथा देश की राजधानी दिल्ली सहित पूरे देश में किया जाएगा। पं कन्हैया रामकृष्ण तिवारी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर रोशन गौतेल, आशीष विश्वकर्मा,दीपक दुबे,सोनू सतनामी,रविन्द्र पाल चड्ढा,राजकुमार चौहान,वीरेंद्र साहू,ब्रम्हानंद दुबे, दिलीप वर्मा,हिमांशु त्रिपाठी,आलोक शुक्ला ने बधाइयां दीं।





## खेल प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** चंचल बाई पटेल महिला महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रस्सी दौड़, आलू चम्मच दौड़, सुई धागा दौड़, लंगड़ी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वंदना पांडे, संयोजक डॉ. आद्या त्रिवेदी, खेलकूद प्रभारी प्रो. रश्मि नामदेव, डॉ. संजुल शर्मा, डॉ. सुनीता खरे, प्रो. पूर्णिमा सोनी, प्रो. माधुरी डेगवेकर मौजूद रहीं।



## एआई के इनोवेशन से बदली इन्वेस्टमेंट तकनीक

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमबी एरिया के तत्वावधान में प्रौद्योगिकी के दौर में निवेश विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेना के सभी रैंकों और उनके परिवारों को निवेश से जुड़ी बातों से अवगत करवाना था। कार्यक्रम में फाइनेंस एक्सपर्ट आशीष जैन ने बताया कि किस तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉक चेन, डेटा एनालिसिस जैसे इनोवेशन इन्वेस्टमेंट फील्ड को बदल रहे हैं। लोगों के इन्वेस्टमेंट के लिए नई तकनीकों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी ने ना सिर्फ व्यावसाय मॉडल में क्रांति लाई है, बल्कि इन्वेस्टमेंट के नए रास्ते भी खोल दिए हैं।

**महिलाएं इन्वेस्टमेंट पॉलिसी चुनें**–कार्यक्रम में आवा की जोनल अध्यक्ष राजलक्ष्मी शेखावत ने कहा कि महिलाओं के लिए इन्वेस्टमेंट जरूरी है, वे चाहे तो मंथली बचत का एक हिस्सा इन्वेस्टमेंट में लगा सकती हैं। यह उन्हें आर्थिक मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि सेना के परिवार के लिए कई सुविधाओं और प्रशिक्षण का संचालन हो रहा है, जहां महिलाएं भाग देकर खुद को फाइनेंशियल भी बेहतर बना सकती हैं।

## कॉलेजों के ईएलसी में सक्रिय युवा जगा रहे हैं मतदाता जागरुकता की अलख

### वोटर्स अवेयरनेस डे- मतदान के अधिकार से लोगों को अवगत करवाने का स्टूडेंट्स उठा रहे जिम्मा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदान का महत्व राष्ट्र निर्माण से जुड़ा है। मतदान हमारा अधिकार है और इसका उपयोग सभी को करना चाहिए। मतदान के महत्व और मतदाता जागरुकता का पाठ सिखाने का काम शहर के युवा कर रहे हैं। युवा समाज की रीढ़ हैं इसलिए उनके कंधों पर बदलाव की जिम्मेदारी भी अधिक है। इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए वे जहां नुक्कड़ नाटक का मंचन कर रहे हैं, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए भी अन्य युवाओं को जोड़ने का काम कर रहे हैं। मतदान जागरुकता के लिए कॉलेजों में संचालित ईएलसी से जुड़कर स्टूडेंट्स मतदाता जागरुकता की अलख जगा रहे हैं।

**जिले के 103 कॉलेज के जुटे छात्र**– मतदान हमारा अधिकार है। इस बात संदेश नए वोटर्स दे रहे हैं। वे जहां कॉलेजों में संचालित ईएलसी क्लब से जुड़कर काम कर रहे हैं, वहीं सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लेकर भी अपनी जिम्मेदारी कर निर्वहन कर रहे हैं। जिले में 103 कॉलेज के छात्र इस काम में जुटे हुए हैं। मतदान जागरुकता को लेकर कॉलेजों में कार्यक्रम पहले भी हो रहे थे, लेकिन ईएलसी के गठन के बाद मतदाता जागरुकता के नियमित कार्यक्रम हो रहे हैं।



**नए वोटर्स को जोड़ने का करते काम**–जिला निर्वाचन आयोजन में स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि नए वोटर्स को जोड़ने के लिए कॉलेज युवाओं की मदद ली जाती है। कॉलेज में सक्रिय ईएलसी (इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब) में युवा नए वोटर्स को जोड़ रहे हैं। इसके साथ ही घरों के आसपास बिना वोटर आईडी कार्ड धारकों की समस्याओं का समाधान करके निवार्चन आयोग की मदद कर रहे हैं।

**इनसे करते जागरुक**
- न्यू वोटर्स को जोड़ना
- मॉक
- चुनावी पाठशाला
- रोल प्ले
- नुक्कड़ नाटक
- मतदान गीत
- वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम

**इसलिए मनाते हैं दिवस**–हर साल 25 जनवरी को मतदाता जागरुकता दिवस मनाया जाता है। दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को मताधिकार के प्रति जागरुक करना है। इसके साथ निर्वाचन आयोग को इस दिन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन करने के लिए निर्देश दिए जाते हैं।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 25 जनवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। माघ कृष्ण पक्ष की ग्यारस नक्षत्र-जेष्ठा**

**मेष** आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**कर्क** व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या** आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला** नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक** निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु** आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर** कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

## श्री पचमठा मंदिर में एकादशी आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा स्थित पचमठा मंदिर में लघु काशी, वृंदावन के दर्शन होते हैं। पं. अभिषेक शर्मा के अनुसार 25 जनवरी माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को षटतिला एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है और तिल का विशेष रूप से दान किया जाता है। माना जाता है कि इस व्रत को करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। 'षट' का अर्थ है छ: और 'तिला' का अर्थ है तिल। इस एकादशी में तिल का छ: प्रकार से उपयोग किया जाता है, तिल का स्नान, तिल का उबटन, तिल का हवन, तिल का तर्पण, तिल का भोजन और तिल का दान। मान्यता है कि ऐसा करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस व्रत का पालन करने से व्यक्ति के जीवन में आर्थिक स्थिरता आती है और दरिद्रता दूर होती है। षटतिला एकादशी का व्रत करने और तिल का दान करने से मनुष्य को भौतिक सुखों के साथ-साथ मोक्ष की भी प्राप्ति होती है।



## पेंशनर की मृत्यु के पश्चात परिवार पेंशन तत्काल प्रारम्भ करें

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. अरूण पाण्डेय, संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला ने कमिश्नर संभाग को पत्र प्रेषित कर मांग की है, कि संभाग में कार्यरत समस्त बैंकों को निर्देश जारी करने का कष्ट करें, कि पेंशनर की मृत्यु के पश्चात संबंधित बैंक में परिवार पेंशन का जीवन प्रमाण पत्र एवं पेंशनर का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते ही तत्काल परिवार पेंशन प्रारंभ करें, जिससे दिवंगत पेंशनर के परिवार को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। अभी यह चक्कर लगवा रहे हैं, जिससे मृत पेंशनर के परिवार परेशान हो रहे हैं। संचालनालय पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा मध्य प्रदेश भोपाल के आदेश क्र./सपे/2022/37302 भोपाल दिनांक 07/01/2022 का पालन सुनिश्चित करें, जिससे स्पष्ट निर्देश है कि पेंशनर की मृत्यु के पश्चात तत्काल प्रभाव से परिवार पेंशन प्रारम्भ करें। पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला शाखा अध्यक्ष डॉ. अरूण पाण्डे, संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला, संरक्षक रूप किशोर प्यासी, जी.डब्ल्यू रत्नपारखी, पी.के. तिवारी, डॉ भारतीय पाठक, के.के.शुक्ला, अशोक दुबे, अशोक शिवहरे, एस.पी. दुबे, राजकुमार पाण्डे, सतीश दुबे आदि ने समस्त बैंकों के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों से पेंशनर की मृत्यु के पश्चात तत्काल परिवार पेंशन प्रारम्भ करने की मांग की है।

## परीक्षा का तनाव: एक सामान्य लेकिन जरूरी विषय

**जबलपुर, देशबन्धु।** परीक्षा का नाम सुनते ही कई छात्रों के मन में चिंता और घबराहट की लहर दौड़ जाती है। यह चिंता केवल उनके तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि माता-पिता और शिक्षकों के चेहरे पर भी तनाव की झलक साफ देखी जा सकती है। खासकर, जब कक्षा 10वीं और 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं पास आ रही हों, तो यह तनाव और बढ़ जाता है। ऐसे समय में यह जरूरी है कि हम न केवल इस डर को समझें, बल्कि इसे कम करने के लिए सही कदम उठाएं। परीक्षा तनाव क्यों होता है छात्रों के मन में परीक्षा का तनाव पैदा होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं।



अच्छे अंक लाने की उम्मीदें और दूसरों से तुलना अक्सर बच्चों को मानसिक रूप से परेशान कर देती हैं। असंगठित तैयारी:-समय पर पढ़ाई की योजना न बनाना और आखिरी समय पर सब कुछ निपटाने की कोशिश करना तनाव को दोगुना कर देता है। अगर मैं पास नहीं हुआ या अगर मेरे नंबर कम आए तो लोग क्या कहेंगे? जैसे विचार छात्रों के मन में डर पैदा करते हैं। तनाव कम करने के आसान उपाय-परीक्षा का तनाव नया नहीं है, लेकिन इसे दूर करने के कई प्रभावी तरीके हैं। पढ़ाई के लिए समय सारिणी बनाएं और रोज़ थोड़ा-थोड़ा पढ़ाई करें। इससे आखिरी समय का बोझ कम हो जाएगा। आराम को भी समय दें। लगातार पढ़ाई करने से बेहतर है कि बीच-बीच में छोटे ब्रेक लें। योग, ध्यान या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं। हमेशा याद रखें, परीक्षा केवल एक सीखने की प्रक्रिया है। परिणाम, जीवन का अंत नहीं है।

लेखक: मानसी गोविल, पीजीटी क्राइस्ट चर्च को-एड स्कूल

## सामुदायिक बंधुता भोज का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** हम पंछी एक डाल के कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिक अधिकार मंच की महिला समूहों द्वारा जिलहरी घाट, ग्वारीघाट जबलपुर में सामुदायिक बंधु भोज का आयोजन किया गया इस बंधुता भोज में रविदास नगर, आम्बेडकर नगर, संजय नगर और बागडा दफाई से 70 महिलाएं उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा कोई सब्जी लेकर आई, कोई तेल लेकर आई, कोई मसाला लेकर आई, कोई आटा लेकर आई, कोई चावल लेकर आई और सभी ने मिलकर भोज तैयार किया। इस सामुदायिक बंधु भोज के आयोजन का हमारा मुख्य उद्देश्य यही था कि सभी महिलाएं भाईचारे के साथ मिलजुलकर रहें कहते हैं कि शहरों में कोई भेदभाव नहीं होता लेकिन जब आप झुग्गी-झोपड़ी में जाते हैं तो पता चलता है कि लोग जातियों की बेड़ियों में कितने बंधे हुए हैं। कार्यक्रम में पिंकी तिवारी, आरती गोयल, बृजकुमारी कुमरे, माया दाहिया, सुषमा चौधरी, अनीता झारिया, उषा चौधरी, वृंदा चौधरी, नीतू चौधरी एवं अन्य साथियों ने विशेष सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम का संयोजन कहकशां खानम, कौशल कबीर, दीक्षा यादव एवं ईशा चौधरी ने किया।



## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती जंयती सरकार**– गोलबाजार राईट टाउन निवासी अंजन सरकार की धर्म पत्नि एवं कौशिक देव सरकार की पूत्य माताजी श्रीमती जंयती सरकार का आकास्मिक निधन दिनांक 24 जनवरी 2025 को हो गया हैं । जिनका अंतिम संस्कार ग्वारिघाट मुक्ति धाम में किया गया हैं ।



**सुश्री निधि चौबे**– रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री एनके चौबे की पुत्री सुश्री निधि चौबे (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रामकली बाई पटेल**– गढ़ाफाटक जगदीश मंदिर निवासी श्री शंकर लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई पटेल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन झारिया**– बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री हेमंत झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन झारिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती नीता बोस**– उमा नगर अधारताल निवासी श्री सोमित्र बोस की धर्मपत्नी श्रीमती नीता बोस (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई**– राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री किशन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार पाठक**– आनंद कॉलोनी बल्देवबाग चेरीताल निवासी श्री राजेंद्र कुमार पाठक (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जयंती सरकार**– गोल बाजार राइट टाउन निवासी श्री अंजन कुमार सरकार की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती सरकार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रेमचंद सूर्यवंशी**– मड़ई व्हीकल निवासी श्री प्रेमचंद सूर्यवंशी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बिंदू चौधरी**– पुराना धोबीघाट वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री बिंदू चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**सुश्री मीना यादव**– छोटी ओमती निवासी श्री जवाहर लाल यादव की पुत्री सुश्री मीना यादव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा देवी**– पोलीपाथर नर्मदा रोड निवासी श्री जवाहर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# ब्रेड फैक्ट्री में छज्जा सहित गिरे मजदूर के हुए दो टुकड़े, दर्दनाक मौत

## गोराबाजार क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस



**जबलपुर,देशबन्धु।** गोराबाजार थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल तिलहरी में ब्रेड की फैक्ट्री है। यहां पर कुछ मजदूर फैक्ट्री का पुराना निर्माण तोड़ रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे लेंटर की तुड़ाई करते-करते मंडला निवासी भूरेलाल विश्वकर्मा दूसरे माले के छज्जे के साथ नीचे आ गिरा और किसी धारदार चीज की चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर दो टुकड़ों में बंट गया। साथी मजदूरों ने उसकी हालत देखी तो चीख पुकार मच गई और लोगों की भी? एकत्रित हो गई, लेकिन फैक्ट्री के लोगों ने किसी को अंदर नहीं जाने दिया, वहीं पुलिस को भी काफी देर से सूचना दी गई। बहरहाल पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी अनुसार गोराबाजार के तिलहरी स्थित ब्रेड फैक्टी के पुराने हिस्से में तोडफोड़ का काम चल रहा है। जिसका ठेका छोटी ओमती निवासी एक ठेकेदार को दिया गया है। जिसने कार्य के लिये कुछ रोज पहले मंडला से चार मजूदर बुलवाये थे। जिनमें मंडला मोहगावं घुघरा निवासी 30 वर्षीय भूरेलाल विश्वकर्मा भी शामिल था। शुक्रवार सुबह सभी मजदूर अपना-अपना काम कर रहे थे। भूरेलाल दूसरी मंजिल पर छज्जा तोडने का कार्य कर रहा था, उसी दौरान अचानक से वह छज्जे सहित नीचे गिर गया और किसी धारदार चीज की चपेट में आ गया, जिससे उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और कई मजदूर तत्काल ही काम छोड़कर चले गये। वहीं फैक्ट्री के लोगों ने मामले को काफी देर तक छिपाने का प्रयास किया और किसी को अंदर नहीं जाने दिया, जिसकी सूचना पुलिस को लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस घटना के वक्त मौजूद मजदूरों व संचालकों से भी पूछताछ कर रही है।

**इनका कहना है**-ब्रेड फैक्ट्री पर निर्माण कार्य के लिये तोडफोड़ की जा रहीं है। जिसका ठेका छोटी ओमती निवासी आयूब अली ठेकेदार ने लिया है। जो कि चार पांच मजदूर मंडला से लाया था। जिनमें एक भूरेलाल विश्वकर्मा था। जो कि कार्य के दौरान छज्जा सहित नीचे गिर गया और किसी धारदार चीज की चपेट में आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हुई है। पुलिस ने मामले की बारीकी से छानबीन कर रहीं है।

**रमन सिंह, गोराबाजार टीआई**



# बीडीडीएस टीम की सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पुलिस विभाग सतर्क

**जबलपुर,देशबन्धु।** गणतंत्र दिवस पर्व के मद्देनजर पुलिस विभाग सतर्क है। सुरक्षा के मद्देनजर बीडीडीएस की टीम ने सार्वजनिक स्थलों का जांच करी। इसके अलावा होटल,लॉज व धर्मशालाओं की भी पुलिस के द्वारा जांच की गयी।

लस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से संदिग्ध गतिविधियो की रोकथाम एवं पतासाजी हेतु बी.डी.डी.एस. टीम को प्रतिदिन उच्च न्यायालय परिसर, कार्यक्रम स्थल पुलिस परेड ग्राउंड, कार्यक्रम स्थलों तथा भीडभाड वाले स्थान, बाजार, धार्मिक स्थल, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, महत्वपूर्ण संस्थानों की चेकिंग हेतु आदेशित किया गया है।



इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी के मार्ग निर्देशन में बी.डी.डी.एस. प्रभारी पंकज सिंह के नेतृत्व मे टीम द्वारा मान्नीय उच्च न्यायालय परिसर, पुलिस परेड ग्राउंड, एवं भी?भा? वाले स्थान मॉल, सिविक सैंटर, गोरखपुर मार्केट, सदर मार्केट, ग्वारीघाट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड में चौकिंग की गयी है।

इसके साथ ही शहर एवं देहात के सभी थाना प्रभारियों के द्वारा थाना क्षेत्र के होटल, लॉज, धर्मशाला, सराय, रैन बसेरा, डेरे, एवं किरायेदारों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने जिले के वासियों से अपील की है कि यदि कोई भी संदिग्ध वस्तु आपको नजर आती है तो उससे दूर रहें एवं इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 0761-2676100, 2676102 एवं डायल 100 पर तथा बी.डी.डी.एस. टीम को तत्काल सूचित करें।

# शराब के लिये रुपये न देने पर हमला

## भेड़ाघाट और घमापुर क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट और घमापुर क्षेत्र में असमाजिक तत्वों ने शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए युवकों पर रॉड व तलवार से हमला कर दिया। जिससे तीन लोगों को गंभीर चोटे आई है। दोनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि ग्राम सिलुआ निवासी 34 वर्षीय अनिल पटेल खेती किसानी करता है। बीती देरशाम वह अपने खेत से घर लौट रहा था, जैसे ही वह हनुमान मंदिर के पास पहुंचा तो उसे गांव का गोलू दाहिया मिला, जो कि शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा। अनिल ने रुपये देने से मना किया तो गोलू ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और उसे गंभीर चोट आ गई। इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने बताया कि बल्दी कोरी की दफाई निवासी सुरेन्द्र साहू बीती रात अपने घर पर खाना खा रहा था। उसी समय अजय उर्फ अज्जू चौधरी अपने एक साथी रॉबिन कोरी के साथ पहुंचा और गालीगलौज करते हुए सुरेन्द्र को बाहर बुलाने लगा। जैसे ही सुरेन्द्र अपनी पत्नी खुशबू के साथ बाहर आया तो अजय व रॉबिन गालीगलौज करते हुए शराब पीने के लिये एक हजार रुपयों की मांग करने लगे। सुरेन्द्र ने रुपये देने से मना किया तो अजय ने तलवार से उस पर हमला कर दिया, कपिल वंशकार बीच बचाव करने पहुंचा तो रॉबिन कोरी ने बेसबाल के डंडे से कपिल पर हमला कर दिया। जिससे दोनों को चोटे आ गई। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

# रुपये न देने पर युवक पर हमला

## बेलबाग क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** बेलबाग थाना क्षेत्रातंर्गत मैक्स अस्पताल के सामने गाड़ी खराब होने पर रुके एक युवक से दो असमाजिक तत्वों ने शराब पीने रुपयों की मांग करते हुए मारपीट शुरु कर दी।

युवक के विरोध करने पर आरोपियों ने किसी धारदार चीज से हमला कर उसकी जांघ में चोट पहुंचा दी और मौके से फरार हो गये।पुलिस ने बताया कि लालमाटी घमापुर निवासी 22 वर्षीय अनिकेत ठाकुर वर्तमान में अपने बड़े पिता



के यहां न्यू शास्त्री नगर में रहकर घमापुर चौक स्थित एक मोबाईल शॉप पर काम करता है। बीती रात वह दुकान बंद कराने के बाद अपनी एक्सिस गाड़ी से घर जा रहा था। जेसे ही वह तहसीली चौक की ओर बढ़ते हुए मैक्स अस्पताल के सामने पहुंचा, तभी उसकी गाड़ी में कुछ खराबी आ गई, जिस पर वह रूक गया। जहां पर दो अज्ञात लड़के अस्पताल की पट्टी पर बैठकर खॉ-पी रहे थे। जिन्होंने अनिकेत से खड़े होने का कारण पूछकर विवाद करना शुरु कर दिया। इसके बाद दोनों ने मारपीट शुरु कर दी, इसी दौरान एक आरोपी अस्पताल के अंदर गया और कुछ धारदार चीज लेकर लौटा और अनिकेत की जांघ पर हमला कर चोट पहुंचा दी। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# दुल्हन के जेवरात चुराने वाले पुलिस गिरफ्त में

## लार्डगंज पुलिस को मिली सफलता

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज पुलिस ने आगा लॉन से दुल्हन के चढावे के लिए बैन के अंदर रखी जेवरात की पेटी चुराने वाली आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है।

लार्डगंज थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रितेश साहू उम्र 23 वर्ष निवासी गली नम्बर 4 आगा चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह स्कूल वेन चलाता है। उसके बड़े भाई की शादी मंगलवार को आगा लॉन में थी। दुल्हन का चढ़ाने के लिये जेवर बनवाये थे एक पेटी मे रखे थे। पेटी हमारी घर की वेन एमपी 20 बीए 2861 में रखी थी। वेन को आगा लॉन के दूसरे गेट पर रखा था क्योंकि वहां पर कैमरे



लगे थे। उसके पापा जब बाजार से वापस लौटकर आगा लॉन आये देखा कि वेन का गेट खुला था। वेन के अंदर देखा जेवर वाली पेटी नहीं थी । पेटी में सोने का हार, मंगलसूत्र हाथ के कंगन, बेंदी तथा चांदी की पायल, करधन, खुसना ,एक साड़ी रखी थी। कोई अज्ञात चोर पेटी जिसमें सोने चांदी के जेवर मूल्य तीन लाख रूपये चोरी कर ले गया है। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने सी.सी.टी.व्ही. फुटेज खंगाले तथा मुखविर की सूचना पर संदेही हर्ष झारिया पिता रमेशचंद झारिया उम्र 18 वर्ष निवासी पी एन टी कालोनी विजयनगर, माछल्ला कोरी पिता चिन्नैया कोरी 27 साल गली नं. 6 के सामने सर्वोदय नगर, पवन अहिरवार पिता राजधर अहिरवार उम्र 19 साल निवासी सर्वोदय नगर, राज केवट पिता मदन केवट उम्र 18 साल गली नं. 2 उजारपुरवा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर वैन में रखी पेटी जिसमें जेवर थे चुराना स्वीकार किये।

# नशेड़ी ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोराबाजार थाना क्षेत्रातंर्गत धोबीघाट निवासी बिन्दू चौधरी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के भतीजे संतोष चौधरी ने बताया कि उसके बड़े पिता बिन्दू चौधरी शराब व गांजा पीने के आदि थे, जो नशे में सनके रहते थे। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# युवक पर प्राणघातक हमला

## आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित

**जबलपुर,देशबन्धु।** छत में एक युवक के लिए साथ तीन युवक डंडो से मारपीट कर रहे थे। तीनों आरोपियों ने युवक को बेरहमी से मारा। युवक के चचेरे भाई के पहुंचने पर आरोपी युवक फरार हो गये। युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर दी है।

बेलबाग पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश उर्फ बाबू चौधरी उम्र 34 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास भान तलैया चौधरी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सिलाई का काम करता है। राकेश चौधरी उसके चाचा का लड़का है। वह मंगलवार दोपहर आधारताल स्थित करखाने से कपड़ा उठाकर मोटर सायकल से वापस घर लौट रहा था।ा भानतलैया रो? पर देखा शासकीय स्कूल क्रमांक 1 भानतलैया के छत पर लोगों की भी? लगी हुयी थी। उसने छत पर जाकर देखा तो पुरानी बुराई की बात पर से राकेश चौधरी को रंगा उर्फ रोहित चौधरी, अमर चौधरी और नरेश चौधरी तीनों एक राय होकर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से डंडों से मार रहे थे। मोहल्ले के राज चौधरी तथा हिमांशु चौधरी बीच बचाव कर रहे थे वह राकेश चौधरी का बीच बचाव करने गया तो तीनों वहां से भाग गये। राकेश चौधरी के सिर नाक पैर मे गंभीर चोटें थी जिसे उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# आरोपी ने लगाई थी नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के दोबारा बयान दर्ज कराने याचिका

## हाईकोर्ट ने कहा इससे धारा 164 की पवित्रता होगी प्रभावित

### नाबालिग से गैंगरेप के मामले में हाईकोर्ट का अहम आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** गैंगरेप के आरोपी ने पीड़ित नाबालिगा के धारा 164 के तहत न्यायालय में दूसरी बार बयान दर्ज करवाये जाने की मांग करते हुए आरोपी ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि पहले बयान को नकारने तथा विफल करने के लिए धारा 164 के दोबारा बयान दर्ज नहीं होना चाहिये। इससे सीआरपीसी की धारा 164 की पवित्रता अपना मूल्य खो देगी।

याचिकाकर्ता राहुल बढ़गैया की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि उससे तथा मुख्य आरोपी जय दुबे के खिलाफ जबलपुर के पनागर थाने में पास्को,अपहरण तथा गैंगरेप की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। मुख्य आरोपी के खिलाफ पुलिस जांच पूरी कर न्यायालय के समक्ष आरोप पक्ष प्रस्तुत कर चुकी है। पीड़ित के पिता ने याचिकाकर्ता को निर्दोष बताते हुए पुलिस अधीक्षक तथा न्यायालय के समक्ष धारा 164 के तहत दोबारा बयान दर्ज कराने के आवेदन दायर किया गया था। जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया था कि कानून में धारा 164 के तहत दोबारा वयान दर्ज किये जाने का प्रावधान है। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि पीड़िता की उम्र महज 13 साल है। पुलिस ने उसे 11 दिसम्बर 2023 को बरामद किया था। इसके बाद पुलिस ने धारा 161 के तहत 13 दिसम्बर 2023 तथा न्यायालय ने 164 के तहत 14 दिसंबर 2023 को बयान दर्ज किये थे। इसके तीन माह बाद पीडिता के पिता ने पुलिस अधीक्षक तथा बाद में न्यायालय में दोबारा धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने आवेदन पेश किया था। न्यायालय ने याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी,जांच तथा अन्य कार्यवाही जारी होने के कारण आवेदन को खारिज कर दिया। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि कानून में दो या अधिक बार धारा 164 के तहत बयान दर्ज करने पर रोक नहीं है। एकलपीठ ने उक्त आदेश के साथ याचिका को खारिज कर दिया। एकलपीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि दोबारा बयान दर्ज करने का आवेदन जांच एजेंसी की तरफ से भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

## अपने ही परिपत्र को नकार कर कर्मचारी मानने से इंकार अनुचित

### पीडब्ल्यूडी को सभी सेवा लाभों का भुगतान करने के हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने अपने एक अहम आदेश में कहा कि 28 वर्ष की सेवा के बाद अपने ही परिपत्र को नकार कर कर्मचारी मानने से इनकार करना सर्वथा अनुचित है। पीडब्ल्यूडी सभी सेवा लाभों का भुगतान सुनिश्चित करे। याचिकाकर्ता उर्मिला चौरसिया की ओर से अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा, असीम त्रिवेदी व रोहिणी शर्मा ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता के पति का निधन हो चुका है। 1981 में उनकी नियुक्ति मप्र सेतु निगम में दैनिक वेतन भोगी के रूप में हुई थी। उन्हें कार्यभारित कर्मी के रूप में कार्यरत किया गया। ईपीएफ भी काटा जाता था। कालांतर में सेतु निगम का पीडब्ल्यूडी में विलय कर दिया गया।




याचिकाकर्ता के पति 2009 में मृत्युपर्यंत वहां कार्यरत रहे। इसलिए याचिकाकर्ता पारिवारिक पेंशन की हकदार है। इसके बावजूद विभाग इनकार कर रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से इस तर्क का विरोध किया गया। साथ ही लंबे समय तक विभागीय कर्मचारी होने के साक्ष्य प्रस्तुत किए। परिपत्र का भी हवाला दिया। न्यायालय ने तर्क से सहमत होकर याचिकाकर्ता के पक्ष में आदेश पारित कर दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सेतु निगम के कार्यकाल की भी गणना कर पीडब्ल्यूडी भुगतान करे।

## हाई कोर्ट ने शिक्षक को पोर्टल से रिलीव करने पर मांगा जवाब

### प्रभारी प्राचार्य को जारी किए नोटिस

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विजय सराफ की एकलपीठ के शिक्षक को पोर्टल से रिलीव करने के मामले में प्रभारी प्राचार्य से जवाब तलब किया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया है। याचिकाकर्ता पन्ना निवासी राजेन्द्र कुमार नामदेव की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमानगंज में विगत 14 वर्ष से अतिथि शिक्षक वर्ग-एक के पद पर कार्यरत है। वह हिन्दी विषय पढ़ाता है। विद्यालय में हिन्दी भाषा समूह वर्ग-एक के तीन पद स्वीकृत हैं। दो शिक्षक स्थायी हैं और एक पद पर याचिकाकर्ता सेवा दे रहा है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार दुबे ने बिना किसी पूर्व सूचना के याचिकाकर्ता को पोर्टल से रिलीव कर दिया। विद्यालय आने से मना करते हुए साफ कर दिया कि हमें हिन्दी शिक्षक की आवश्यकता नहीं है। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने दस्तावेजों सहित कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ व जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन दिया। जिसका कोई नतीजा नहीं निकलने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई, सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## प्राणघातक हमले के आरोपी को जमानत नहीं

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह की अदालत ने प्राणघातक हमले के आरोपी माढ़ोताल निवासी अनिल पटेल उर्फ राजा की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अभियोजन की ओर से एजीपी कुक्कू दत्त ने जमानत अर्जी का विरोध किया।

उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूसरे पक्ष पर प्राणघातक हमला किया था। इस वजह से गोलू गिरी को गंभीर चोटें आईं। उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। चूंकि प्रकरण गंभीर प्रकृति का है, अत: जमानत अर्जी निरस्त किए जाने योग्य है। अदालत ने तर्क से सहमत होकर जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

## नशीला सिरप बेचने के आरोपी को जमानत नहीं

**जबलपुर,देशबन्धु।** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश शशि भूषण शर्मा की अदालत ने नशीला सिरप बेचने के आरोपी घमापुर निवासी विनोद कुमार कोरी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने जमानत अर्जी का विरोध किया। जिन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध गंभीर प्रकृति का आरोप है। इस तरह के मामले में जमानत का लाभ देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। लार्डगंज पुलिस ने 23 नवंबर 2024 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी के कब्जे से नशीले सिरप की खेप बरामद की थी। इसी के साथ अपराध कायम कर लिया गया। आरोपी उसी समय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद है।

## पिस्टल लेकर घूमने वाले को जमानत नहीं

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्रसेन मुवेल की अदालत ने देशी पिस्तौल रखकर घूमने वाले आरोपी बिलहरी निवासी मिक्की उर्फ कृष्णा यादव की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कुक्कू दत्त ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गोरा बाजार पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपित अवैध हथियार रखे हुए है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। आरोपी की गाड़ी की डिक्की से देशी पिस्तौल बरामद हुई, जिसमें जिन्दा कारतूस लोड था। जिससे स्पष्ट हो गया कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। इतना ही नहीं आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है। ऐसे में उसे जमानत दिए जाने से समाज में गलत संदेश जाएगा। अदालत ने तर्क से सहमत होकर अर्जी निरस्त कर दी।

## सिविल जज भर्ती परीक्षा-2022 पर हाईकोर्ट की रोक

### अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अपने अंतरिम आदेश से सिविल जज भर्ती परीक्षा-2022 की पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित कीहै। यह जनहित याचिका एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड सोशल जस्टिस के सचिव राम गिरीश वर्मा की ओर से दायर की गई है। जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर पी सिंह और अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिका में सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 को लेकर 17 नवम्बर 2023 को जारी विज्ञापन और 17 फरवरी 2024 को जारी शुद्धि पत्र की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि 195 पदों पर होने वाली इस भर्ती में 61 नए पद और 134 बैकलॉग पदों को शामिल किया गया। इनमें से 17 पद अनारक्षित वर्ग के बैकलॉग के रूप में दर्शाए गए हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 का खुला उल्लंघन होने के कारण असंवैधानिक हैं। सुनवाई के बाद युगलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी करते हुए उक्त अंतरिम आदेश पारित किए।

## महिला को बाघ के मुंह से खींच लाईं सहेलियां

### बकरी चराने जंगल गई महिला पर पीछे से किया था हमला, पंजे के नीचे दबा देख, बाघ पर बरसाए पत्थर तो छोड़कर भागा

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में बकरी चराने गई महिला पर बाघ के हमले का मामला सामने आया है, जहां साथ में गई महिलाओं ने बमुश्किल महिला की जान बचाई, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक घटना पन्ना टाइगर रिजर्व से लगे तारापीठ के विक्रमपुर गांव की है, जहां विक्रमपुर गांव की 3-4 महिलाएं अपने गांव से बकरी चराने जंगल गई हुई थीं। इसी दौरान जंगल में बाघ ने 30 वर्षीय महिला आशा पाल पर हमला कर दिया। इसकी चीख सुनकर साथ गई महिलाओं ने देखा तो बाघ आशा पर हमला कर रहा था और उसे अपने नीचे दबा दिया था। वीभत्स नजारा देख साथ गई महिलाओं ने तरकीब लगाते हुए चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। इससे बाघ भ्रमित हो गया। इसी बीच महिलाओं ने पत्थर मारना शुरू कर दिए, जिससे बाघ घबराकर भाग खड़ा हुआ। साथी महिलाओं ने घायल महिला को कंधे पर उठाया और गांव लेकर आईं और सारा हाल बताया।



**पीछे से किया हमला**-बाघ के मुंह से बचकर आई आशा पाल ने बताया कि मैं अपनी चाची और कुछ अन्य महिलाओं के साथ घर से थोड़ी दूर बकरी चराने गए थे। मैं बैठी हुई थी, तभी पीछे से बाघ ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मैं घबरा गई। मैंने शोर मचाना शुरू कर दिया। मेरी चाची और अन्य महिलाओं ने देखा तब मैं बाघ के पंजे के नीचे थी। उन्होंने भी शोर मचाया और उनके हाथ में जो आया, जैसे पत्थर-लकड़ी उठा-उठाकर बाघ पर फेंकने लगीं। कुछ ही देर में बाघ वहां से भाग निकला।

**जो हाथ में आया, वो बाघ पर दे मारा**-घायल के साथ गई उसकी चाची कौशल्या पाल बताती हैं कि हमारी बहू आशा पर बाघ ने हमला कर दिया और उसे दबाए बैठा था तो हमने शोर मचाकर बाघ पर पत्थर, लाठी, डंडे, जो भी हाथ में आया फेंकना शुरू कर दिया, इससे बाघ घबरा गया और बहू को छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

**शरीर में कई जगह चोटें**-हमले में महिला को शरीर पर कई जगह चोट पहुंची है। बाघ के नाखून और दांत के घाव हैं। आनन-फानन में ग्रमीण घायल महिला को जिला अस्पताल लेकर गईं, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि उसकी स्थिति में सुधार है।

**वन विभाग की टीम सर्चिंग में जुटी**- घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। तब तत्काल मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम बाघ को तलाशने और लोगों को उस एरिया से दूर करने में जुट गई है। हिदायत दी गई है कि जब तक बाघ जंगल में न चला जाए कोई भी जानवर चराने न जाएं।

## गारंटी पीरियड में ही सड़क में आ गई दरारें

**बरेला, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ी खेड़ा से होते हुए 4 वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत से लगभग 5 किलोमीटर लंबा मार्ग ग्राम डुंगा मेहगांव तक बनाया गया है। वर्तमान में यह रोड गारंटी पीरियड में होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा मेंट नेंस ना करने के कारण दम दम तोड़ रही है

रोड में जगह-जगह दिखाई दे रही हैं दरारें -ठेकेदार द्वारा बारिश बाद रोड में सील कोट ना किए जाने के कारण रोड में कूड़ा री के आगेजगह जगह बड़ीबड़ी दरारें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं ।रोड में अनेक जगह गड्ढे हो गए हैं रोड में डामलका नामोनिशान तक नहीं है।

गायब है सोल्डर पट्टी- पांच किलोमीटर लंबे मार्ग में दोनों और नियमानुसार हार्ड मोरम की सोल्डर पट्टी बनाना आवश्यक है ताकि बारिश के दौरान पानी रोड में ना भरे और रोड की सुरक्षा बनी रहे किंतु ठेकेदार द्वारा सोलडर पट्टी नहीं बनाई गई है।



रोड किनारे झाड़ियों की नहीं हुई साफ सफाई- ग्राम कुल्हाड़ी के आगे मेहगांव मोड पर रोड किनारे जगह-जगह झाड़ियां उग आई हैं इन झाड़ियां की भी लंबे अरसे से साफ सफाई नहीं की गई है।

मेंटेनेंस दर्शाने के लिए लगे हैं केवल बोर्ड-प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मेंमेंटनेंस के दौरान घास एवं झाड़ियों को काटना ,रेन कटर बनाना, सोल्डर का संधारण ,क्रेकहोल एवं क्रेक भरना, सड़क किनारे नाले को संधारण, पुलियों की रंगाई-पुताई साल भर में एक या दो बार करना नितांत आवश्यक है किंतु यह सब केवल दर्शने वाले बोर्ड लगाकर विभाग अपनी इतिश्री कर रहा है, जबकि हकीकत में वास्तविकता से कोसों दूर है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से रोड मे मेंट नेंस कीकेवल खानापूर्ति की जा रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के उच्च अधिकारियों से पहाड़ी खेड़ा से दूंगा मेहगांव मार्ग का औचक निरीक्षण करने की मांग की है।

**इनका कहना है**

ठेकेदार को रोड की मरम्मत के लिए पत्र दिया गया है। शीघ्र ही रोड दुरुस्त होगी।

**श्रद्धा भार्गव शुक्ला,** जीएम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

## सार-समाचार

### किसानों की भूमि पर नौरंगी विभाग कर रहा पौधरोपण



**कुंडम, देशबन्धु।** कुंडम तहसील से 40 किलोमीटर दूर ग्राम ददरगामा गांव से तहसील कार्यालय आए किसानों ने बताया कि उनकी जमीन पर नौरंगी विभाग के द्वारा जबरदस्ती पौधरोपण किया जा रहा है। वृक्ष लगाकर कब्जाधारियों को परेशान किया जा रहा है। गांव के जयराम लोटन, सुख सेन, महेश्वर महासिंह, जेठू जयराम, नन्नीलाल, छवि, ज्ञानी, सुमित, भूरा भगत सिंह, किशन सिंह, सीताबाई, सोहन सिंह, मोहन सिंह, श्याम सिंह, सोमनाथ, शिवलाल, गोविंद, पूर्व सरपंच मनसुख परस्ते, सरपंच मैंकू सिंह सहित अन्य कुंडम तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम और तहसीलदार ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि हम 50 वर्ष से अपनी भूमि में कृषि कार्य कर अपना जीवन यापन करते आ रहे हैं। कोदो-कुटकी की फसल लगते हैं, लेकिन नौरंगी विभाग जबरदस्ती भूमि पर वृक्ष लगाकर हमारी जगह पर कब्जा कर रहा है। इस सबंध में कुंडम एसडीएम का कहना है कि किसानों ने आवेदन दिया है। मैं इसकी पूर्ण रूप से जांच आऊंगी कि राजस्व विभाग की भूमि है या वन विभाग की।

### अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफ



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष के पद से अटल उपाध्याय ने इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा को दूरभाष द्वारा दे दी गई है। दो वर्ष के कार्यकाल में मोर्चा के कार्यक्रमों में साथ देने वाले समस्त साथियों को धन्यवाद प्रेषित किया है।

### हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**अनूपपुर, देशबन्धु।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश पवन शंखवार राजेन्द्रग्राम की न्यायालय ने थाना अमरकंटक के अपराध की धारा 302, 201 भादवि के आरोपी 39 वर्षीय सुखसेन ऊर्फ भल्लू पिता पवन सिंह नेटी निवासी ग्राम मोंहदी थाना अमरकंटक को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 2 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई हैं। पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नारेन्द्रदास महरा द्वारा की गई।

वरिष्ठ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि 13 अगस्त 2020 को सुखसेन सुबह गुलाब सिंह के खेत में मजदूरी करने गया था। जहां पत्नी बुधवरिया बाई भी मजदूरी करने चली गई थी। उसके बाद दोनों मजदूरी कर घर वापस आ गए थे। उसके बाद सुखसेन और बुधवरिया बाई से राशन पानी न लाने की बात पर झगड़ा करने लगा, जहां विवाद इतना बढ़ा गया कि मारपीट होने से बुधवरिया बाई बेहोश हो गई। तब सुखसेन ने बुधवरिया बाई को बेहोशी की हालत में उठाकर चाचा बुधराम के कुएं में डाल दिया और पानी भरने के तबेले को कुएं के बगल में रख दिया। जिसके बाद सुखसेन ने पडोंसी कृपाल सिंह को बताया कि उसकी पत्नी पानी लेने गई थी, जो अब तक वापस नही आई। इस पर सरपंच और पुलिस को सूचना दी गई और बुधवरिया के शव को निकाला गया। संदेह होने पर सुखसेन से पूछताछ किए जाने पर उसने बुधवरिया बाई की हत्या करना तथा शव को कुएं में फेंकना बताया। जिस पर अमरकंटक पुलिस ने सुखसेन के विरूद्ध धारा 302 भादवि के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय ने आरोपी के विरूद्ध आरोप प्रमाणित पाये जाने पर सजा सुनाई।

### एलईडी टीवी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**मैहर, देशबन्धु।** मैहर शहर के चण्डी माता मंदिर के सामने श्रद्धा इलेक्ट्रॉनिक दुकान से दिन दहाड़े एलईडी टीवी चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी की टीवी जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार, दुकान संचालक प्रदीप गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 जनवरी को वह अपने दुकान के स्टोर रूम में गए थे। तब पता चला कि उनके यहां से एलईडी टीवी चोरी हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दुकान और शहर में आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जांचे तो आरोपी चिन्हित कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी अंकित सोनी पिता मोहन लाल सोनी (24) निवासी रंगलाल चौराहा मैहर को गिरफ्तार कर चोरी की टीवी जब्त कर ली है। आरोपी के खिलाफ धारा 331 (3) 305(ए) बीएनएस के तहत कार्रवाही की गई है। आरोपी को अदालत में पेश करते हुए जेल भेजा गया है। इस कार्रवाही में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दिनेश पनिका, विपिन सोंधिया, आरक्षक विनय शुक्ला, संजय तिवारी, अनूप तिवारी की अहम भूमिका रही।

## सिवननी से लाए गए बाघ शावक को रिवाइल्डिंग के बाद कान्हा टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया

**मंडला, देशबन्धु।** कान्हा टाइगर रिजर्व ने तीन साल के रिवाइल्डिंग प्रयास के बाद एक नर बाघ को सफलतापूर्वक जंगल में छोड़ दिया। बाघ को मई 2022 में सिवनी जिले से बचाया गया था और उसे कान्हा में रिवाइल्डिंग प्रक्रिया से गुजरने के बाद जंगल में पुनर्वास के लिए तैयार पाया गया।

जानकारी के अनुसार मई 2022 में सिवनी जिले के एक गांव में ग्रामीणों से लगभग 4-5 महीने के बाघ शावक को बचाया गया था। उसे रिवाइल्डिंग के लिए कान्हा टाइगर रिजर्व लाया गया था। वरिष्ठ वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी, कान्हा और फील्ड स्टाफ की देखरेख में एनटीसीए प्रोटोकॉल के अनुसार बाघ को रिवाइल्डिंग प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। बाघ ने शिकार और जीवित रहने के अच्छे कौशल दिखाए। बाघ को अपने व्यवहार के आधार पर जंगल में पुनर्वास के लिए फिट पाया गया। इसलिए, इसे सावधानीपूर्वक योजना के बाद और मुख्य वन्यजीव वार्डन, मध्य प्रदेश के मार्गदर्शन और फील्ड डायरेक्टर, केटीआर की देखरेख में छोड़ा गया ।राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, बाघ की गतिविधियों पर नज़र रखने और जंगल में सुचारू रूप से प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए 23 जनवरी, 2025 को उसे सैटेलाइट कॉलर पहनाया गया। यह रिहाई कान्हा टाइगर रिजर्व के उप निदेशक, सहायक निदेशक, वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक, वैज्ञानिक डॉ. अनिरुद्ध मजूमदार (एसएफआरआई), शोधकर्ता श्रवण गोस्वामी (डब्ल्यूआईआई) सहित प्रमुख अधिकारियों और वन्यजीव विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा की गई।



## नेशनल हाईवे पर गांधीग्राम में यात्री प्रतीक्षालय बनाना भूला एनएचआई

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30, सिहोरा, जबलपुर मार्ग पर फोरलेन सड़क मार्ग का निर्माण होने के बाद एलएनटी द्वारा प्रत्येक गाँव के प्रारम्भ में फोरलेन बायपास सड़क पर दोनों ओर यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण किया गया है, किंतु गांधीग्राम बाइपास चौराहे की फोरलेन सड़क पर यात्री प्रतीक्षालय बनाना भूल गया है।

गांधीग्राम हाईवे के धमकी-बम्होरी चौराहे पर गांधीग्राम, धमकी, बेला, बेली, रानीताल, सिलुआ, झांसी, बम्होरी, बड़खेरा, रामपुर, माल्हा, कैलवास, उमरिया कैलवास, कूड़ा कंजई, पथरई, शहजपुरा, ताला, देवरी, माल्हा, डूंडी, मिढ़ासन, देवनगर आदि ग्रामों के छात्रों, यात्रियों को प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्रियों को सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। 10 हजार से अधिक आबादी वाले फोरलेन बायपास गांधीग्राम में यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से परेशानी की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, लेकिन गांधीग्राम में इसकी अनदेखी की जा रही है। ग्रामीण यात्रियों, विद्यार्थी व दूर दराज से आने वाले यात्रियों के लिए यहां बैठने की भी कोई व्यवस्था नहीं होने से यात्री सड़क किनारे खड़े होकर या डिवाइडर में बैठकर वाहनों का इंतजार करते रहते हैं। चौराहे पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय जरूरी है। यात्रियों ने बताया कि नेशनल हाईवे होने से चौराहे पर यात्रियों का आना जाना लगा रहता है। महिलाओं व बच्चों को इधर उधर पनाह लेना पड़ती है। शासन प्रशासन से इस ओर ध्यान देकर यात्री प्रतीक्षालय गांधीग्राम बायपास पर बनाने की दरकार है। गांधीग्राम को छोड़ सब जगह बने हैं--अनेक ग्रामों के क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जबलपुर, सिहोरा हाईवे सड़क मार्ग पर क्रमश: कुसनेर ,धमधा, जुझारी, मुस्कुरा, घाट सिमरिया, पहरेवा नाका में यात्रियों की सुविधाओं के लिए यात्री प्रतीक्षालय तो बनाये गए हैं किंतु गांधीग्राम में क्यों नही।



## ऐसी दावत उड़ाई की चली गई जान

### फ्रूट प्वाइजनिंग से हो गई महिला की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** पारिवारिक कार्यक्रम में खाना खाने के बाद लौटे परिवार को फ्रूट प्वाइजनिंग हो गई जिससे महिला की मौत हो गई , तो उसके पति एवं ससुर की हालत गंभीर बनी हुई है, मामला जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के छतौनी गांव का है। तबीयत बिगड़ने के बाद परिवार के अन्य सदस्य एवं स्थानीय लोगों ने सभी को उपचार के लिए अस्पताल लाया था, जहां रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया तो दो की हालत गंभीर बनी हुई है ,जिन्हें अस्पताल में उपचार दिया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार ब्यौहारी के छतौनी गांव के रहने वाले विक्रम सिंह के भाई के यहां कथा का कार्यक्रम था, जिसमें विक्रम सिंह एवं उनकी पत्नी अंजू सिंह तथा विक्रम के पिता पहुंचे और खाना खाने के बाद रात में अपने घर लौट गए। विक्रम के भाई का घर उसी मोहल्ले में है, रात में घर में सोते हुए अचानक अंजू सिंह एवं पति विक्रम सिंह एवं महिला के ससुर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद घर में मौजूद अन्य सदस्य एवं आस पड़ोस के लोगों ने तीनों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में अंजू सिंह की मौत हो गई तो पति विक्रम एवं महिला के ससुर की हालत गंभीर बनी हुई है। जिनका उपचार सिविल अस्पताल ब्यौहारी में किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि अंजू सिंह की मौत हो गई है पुलिस को परिवार के लोगों ने बयान दिया है, जिसमें यह बात आई है कि विक्रम सिंह के भाई के घर कथा का कार्यक्रम था, जिसमें तीनों लोग खाना खाकर घर लौटे थे। जिसके बाद से ही इन्हें दिक्कत शुरू हो गई, परिवार व आस पड़ोस के लोगों ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल लाया था,रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया तो दो का उपचार अस्पताल में चल रहा है । महिला की मौत की जानकारी पुलिस को अस्पताल्ली तहरीर से मिली है। मामले पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करवाया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

## तीर से मार कर मामा ने की भांजे की हत्या

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य गांव में धनुष तीर मार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। सीधी पुलिस ने बताया कि मामा भांजे के विवाद में मामा ने अपने भांजे को धनुष तीर मार कर मौत के घाट उतार दिया है। मृतक दलेश बैग के सीने में तीर धंसा हुआ था जिसे डॉक्टर ने बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार घटना का कारण अभी अज्ञात है। आरोपी मौके से फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। घटना शुक्रवार की शाम की बताई जा रही है।

सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि रिमार ग्राम पंचायत के दरेन डोगरा टोला में रहने वाले मामा भांजे के बीच विवाद हुआ था,जिसके बाद यह घटना हुई है। मृतक भांजा दलेश बैगा (32) आरोपी मामा बिहारी बैगा (45) का रिश्ते में भांजा लगता है। थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह से दोनों एक साथ रह रहे थे इसी दौरान मामा और भांजे ने साथ में भोजन और शराब का सेवन भी किया। तभी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और मामा बिहारी बैगा ने घर में रखे तीर धनुष को उठाया और भांजे के सीने में तीर चला दिया।



**कमरे से निकलते ही चलाया तीर** -थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों का विवाद घर के भीतर ही हुआ है। जैसे ही विवाद बढ़ा तो भांजा दलेश कमरे से बाहर भागने लगा इसी बीच मामा ने धनुष उठाया और भांजे के सीने में तीर चला दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**जंगली इलाके के कारण रखते हैं धनुष तीर**-स्थानीय लोगों ने बताया कि डोगरा टोला एक जंगली इलाका है। यहां आस-पास जंगली जानवर होते हैं जिस कारण ग्रामीण घर में धनुष तीर रखते हैं। ग्रामीणों के अनुसार जंगली जानवरों का मूवमेंट लगातार क्षेत्र में बना रहता है जंगली सुअर भी खेत प्रभावित करते हैं।

**कारण अज्ञात, आरोपी फरार** -सीधी थाना प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया की हत्या की वजह अभी अज्ञात है क्योंकि घटना के तुरंत बाद से आरोपी फरार है। आरोपी बिहारी बैगा को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 15 दिवसीय आनंद उत्सव मनाया

### विजेता प्रतियोगियों को नगर पालिका ने दिए पुरस्कार

**पनागर, देशबन्धु।** मप्र शासन के निर्देश अनुसार इस वर्ष 15 दिवसीय आनंद उत्सव मनाया गया तत् संबंध में नगर पालिका परिषद पनागर द्वारा स्थानीय गांधी वार्ड स्थित मंगल भवन में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया विजेता प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को नगर पालिका द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी (इंदू भैया) के मुख्य अतिथ्य एवं प्रदीप पटैल, अध्यक्ष नपाप पनागर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गो महिला-पुरुषों ने अपनी-अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम में नीबू दौड़ बोरा रेस चेयर रेस चित्रकला निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा सामूहिक एवं एकल नृत्य भी प्रस्तुत किया। सुनहरे आकेस्टा द्वारा कार्यक्रम में संगीतमय प्रस्तुति दी। सभी विजेताओं को पुरूषकार वितरित किये गये निकाय के सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी जनप्रतिधियों नगर के गणमान्य जन्प्रतिनिधि निकाय के प्रतिनिधियों स्कूल की छात्र-छात्राएं स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं सभी नागरिकगण उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा जी ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।




## लड़की ने मोबाइल पर युवक के फांसी लगाने की दी खबर और फंदा काटकर हो गई फरार

### युवक की हुई मौत, प्रेम प्रसंग का मामला

**रीवा देशबन्धु।** एक युवक की मौत की खबर एक लड़की के माध्यम से मिलने के बाद परिजनों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गए जब परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक की मौत हो चुकी थी। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अशोक नगर का बताया जा रहा है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रवि चमकेल डॉक्टर कॉलोनी में रहता है और उसका नया मकान अशोकनगर में बन रहा है।

दोपहर तकरीबन 3.30 बजे फोन के माध्यम से एक लड़की ने बताया कि रवि फांसी लगा रहा है लेकिन भाईजान जब मौके पर पहुंचे तो युवक की मौत हो चुकी थी। पड़ोसी ने बताया कि दो लड़कियां घर से चाकू मांग कर ले गई और फंदा काटकर वह फरार हो गई मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ माना जा रहा है लड़की ने जिस मोबाइल फोन में बात की वह उसके बहन का है और वह कटनी में रहती है बहन ने घर में सूचना दी इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी और लड़कियां फरार हो चुकी थी।



### मारपीट में घायल बुजुर्ग की मौत

**रीवा देशबन्धु।** गोविंदगढ़ में बीते दिवस हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग के साथ पैसों को लेकर हुए विवाद के चलते परिवार के ही लोगों ने मारपीट की थी। घटना बीते माह 29 दिसंबर को गोविंदगढ़ के टीकर गांव की है, जहां मारपीट में घायल बुजुर्ग की हुई मौत के बाद परिजनों ने आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम टिकर स्थित देवरहा टोला निवासी छोटेलाल साकेत के साथ बीते 29 दिसंबर को परिवार के ही लोगों ने मारपीट की थी। परिजनों के मुताबिक पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में आरोपियों के द्वारा मारपीट कर बुजुर्ग को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसका उपचार रीवा के संजय गांधी अस्पताल में कराया जा रहा था, जहां बीती रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। हालांकि इस मामले की शिकायत पूर्व में ही थाने में दर्ज कराई गई थी, जिस पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध की धारा बढ़ाकर अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी कर सकती है।

## अमेरिकी सीनेट ने जॉन रैटक्लिफ को सीआईए डायरेक्टर के रूप में दी मंजूरी

**वाशिंगटन, ( आईएएनएस )।** अमेरिकी सीनेट ने पूर्व राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) जॉन रैटक्लिफ को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन में केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) के अगले निदेशक के रूप में नियुक्त करने के पक्ष में वोट किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, सीनेट गुरुवार को 25 के मुकाबले 74 वोट से रैटक्लिफ के नामांकन को मंजूरी दी। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के आखिरी आठ महीनों में ट्रंप के राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में काम किया। इस खबर की पुष्टि करते हुए, व्हाइट हाउस ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की और लिखा, जॉन रैटक्लिफ की सीआईए के निदेशक के रूप में पुष्टि, विश्व मंच पर अमेरिका की ताकत को बहाल करने के राष्ट्रपति ट्रंप के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।डीएनआई निदेशक के रूप में, रैटक्लिफ ने चीन पर निर्णायक रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए अमेरिकी खुफिया समुदाय की प्राथमिकताओं में बदलाव का नेतृत्व किया। साथ ही आतंकवाद का समर्थन करने वाले अनेक नेताओं को हटाने के लिए कई अभियानों की निगरानी की।

### बांग्लादेश संग मिल क्या कर रही प्लान

# दोस्ती तो बहाना भारत को बनाना है निशाना, एसआईएस की चालबाजी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई एक बार फिर भारत के खिलाफ अपनी नापाक चालों में जुट गई है। हाल ही में पाकिस्तान की सेना के प्रतिनिधिमंडल के साथ आईएसआई के एक बड़े अधिकारी ने बांग्लादेश के चटगांव में बैठक की। इस मीटिंग में पूर्वोत्तर भारत के उग्रवादी संगठन अल्फा (स्वतंत्र) के नेताओं के साथ बातचीत हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों का मानना है कि यह बैठक असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में फिर से आतंकवाद और हिंसा भड़काने की योजना का हिस्सा है।

**पूर्वोत्तर राज्यों में फैला सकती है आतंक-** आनंद बाजार पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, पहले असम और पूर्वोत्तर के अन्य उग्रवादी गुटों को हथियार और ट्रेनिंग उपलब्ध करा रहा अल्फा संगठन फिर से सक्रिय हो सकता है। पहले इस संगठन की ट्रेनिंग बांग्लादेश के चटगांव क्षेत्र के दुर्गम इलाकों में होती थी। लेकिन 2009 में प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इन आतंकी ठिकानों को खत्म करने के लिए बड़े सैन्य अभियान चलाए थे। अब जब बांग्लादेश की सत्ता से शेख हसीना नदारद हैं तो अब खुफिया एजेंसियों को शक है कि आईएसआई बांग्लादेश में इन गतिविधियों को फिर से शुरू कराने की साजिश रच रहा है।

**चिकेन नेक पर भी खतरा-** खबरों के मुताबिक, चीन के यूनान प्रांत में रहने वाला अल्फा का प्रमुख परेष बरुआ अब इस योजना में गुपचुप तरीके से शामिल है। आईएसआई और चीन की नजदीकियों से यह साफ है कि दोनों मिलकर भारत के चिकेन नेक क्षेत्र को निशाना बना सकते हैं। यह इलाका भारत को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है और सामरिक दृष्टि से बेहद अहम है।

**रोहिंग्या उग्रवादी संगठन भी हो सकते हैं खतरा-** इस्लामिक स्टेट ऑफ अराकान (एआरएसए) जैसे रोहिंग्या उग्रवादी संगठन भी इस साजिश का हिस्सा हो सकते हैं। आईएसआई ने चटगांव से कॉक्स बाजार तक अपने प्रतिनिधियों को भेजा, जहां रोहिंग्या जिहादी गतिविधियों को फिर से सक्रिय करने की संभावना जताई जा रही है।



इसके साथ ही, भारत-बांग्लादेश सीमा पर खुफिया रास्तों के जरिए हथियार, जाली नोट और आतंकवाद के लिए धन पहुंचाने की साजिश रची जा रही है।

**पाकिस्तान से खूब हो रहा दोस्ताना-** सबसे चिंताजनक बात यह है कि बांग्लादेश की मौजूदा यूनुस सरकार पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों पर चुप्पी साधे हुए है। हाल ही में, बांग्लादेश के कई जिहादी कैदियों को रिहा किया गया है, जिससे भारत की सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी गई है। जिन इलाकों में तारबंदी नहीं है, वहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है।

**भारत को निशाना बनाने की बड़ी योजना-** यह पहली बार नहीं है जब आईएसआई ने बांग्लादेश के जरिए भारत को कमजोर करने की साजिश रची है। 2009 में बीडीआर विद्रोह के समय भी आईएसआई का एक दल बांग्लादेश गया था।

लेकिन इस बार, पाकिस्तान की सेना के साथ आईएसआई के कई बड़े अधिकारी बांग्लादेश पहुंचे हैं, जो इस बात का साफ संकेत है कि भारत को घेरने की साजिश को जल्द से जल्द अंजाम दिया जाएगा।

## जल्द से जल्द पुतिन से मिलना चाहता हूं, लाखों जिंदगियों का सवाल है , रूस-यूक्रेन युद्ध पर ट्रंप

**वाशिंगटन, ( आईएएनएस )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह यूक्रेन के साथ युद्ध को खत्म करने के लिए जल्द से जल्द रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की युद्ध खत्म करने के लिए समझौते के लिए तैयार हैं। ट्रंप की यह टिप्पणी उनके पिछले बयान से काफी अलग है। इस हफ्ते की सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने धमकी थी कि अगर मॉस्को समझौता नहीं करता है तो वह रूस पर उच्च स्तर के प्रतिबंध लगा देंगे और वहां से आयात पर शुल्क लगा देंगे। 5 नवंबर को चुनाव जीतने से पहले ट्रंप ने कई बार दावा किया कि वह पहले दिन ही यूक्रेन और रूस के बीच समझौता कर लेंगे।

हालांकि अब उनके सलाहकार मानते हैं कि युद्ध को सुलझाने में महीनों लग जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए कहा, मैं वास्तव में जल्द ही राष्ट्रपति पुतिन से मिलना चाहूंगा ताकि युद्ध समाप्त हो सके। और यह अर्थव्यवस्था या किसी अन्य चीज के नजरिए से नहीं कह रहा हूं। यह इस दृष्टिकोण से कह रहा हूं कि लाखों लोगों की जिंदगी बर्बाद हो रही हैं... यह एक नरसंहार है। और हमें वास्तव में युद्ध को रोकना होगा।

बाद में व्हाइट हाउस में बोलते हुए ट्रंप ने मीडिया से कहा कि वह इस हास्यास्पद युद्ध को समाप्त करने के लिए जल्द से जल्द पुतिन से मिलने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने कहा, मैंने जो सुना है, उसके अनुसार पुतिन मुझसे मिलना चाहेंगे। उन्होंने ने दावा किया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनसे कहा था कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए एक समझौता करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने दावोस में प्रतिभागियों से कहा कि शांति समझौते के लिए अमेरिकी कोशिश अब उम्मीदों के साथ जारी है हालांकि उन्होंने कोई विवरण नहीं दिया रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया।

### आज का इतिहास

1554 – ब्राज़ील के साओ पाउलो शहर की स्थापना हुई।
1755 – रूस में मास्को विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
1881 – एलेक्जेंडर ग्राहम बेल और थॉमस अल्वा एडीसन ने ओरिएंटल टेलीफ़ोन कंपनी बनाई।
1918 – भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष विलियम वेडरबर्न का निधन।
1924 – फ्रांस के शैमॉनिक्स में पहला शीतकालीन ओलंपिक शुरू हुए।
1945 – बल्गे की लड़ाई समाप्त हो गई, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर जर्मनी का आखिरी सबसे बड़ा आक्रमण था।
1947 – थॉमस टी. गोल्डस्मिथ जूनियर और एस्टल रे मान ने पहला इलेक्ट्रॉनिक गेम, 'कैथोड रे ट्यूब मनोरंजन डिवाइस', का पेटेंट कराया।
1971 – इदी अमीन ने युगांडा में सत्ता हथिया ली और उसका शासन मानवाधिकारों के हनन और भ्रष्टाचार से भरा रहा।

### सुडोकू 6806

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | 2 | | |
| 4 | 8 | 1 | | | | | 7 | |
| 2 | | | 5 | 1 | | | 6 | |
| | | | 4 | | | | | 2 |
| | | 5 | | | | 6 | | |
| 6 | | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | 3 | 1 | | | 7 |
| | 7 | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | 2 | 8 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## शपथ लिए एक हफ्ता भी नहीं हुआ, तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की तैयारी में ट्रंप, चल दिया बड़ा दांव

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता संभाले अभी हफ्ते भर भी नहीं हुए हैं लेकिन उनकी रिपब्लिकन पार्टी के सांसद उन्हें तीसरी बार व्हाइट हाउस में बैठाने की कोशिशें शुरू कर चुके हैं। इसके लिए अमेरिकी संविधान में संशोधन की तैयारी होने लगी है। टेनेसी से रिपब्लिकन सांसद एंडी ओगल्स ने अमेरिकी संसद में एक संयुक्त प्रस्ताव पेश कर संविधान के 22वें संशोधन में नया संशोधन करने की मांग की है। अगर यह संविधान संशोधन होता है तो डोनाल्ड ट्रंप को तीसरे कार्यकाल के लिए दावेदार बनने की अनुमति मिल जाएगी। मौजूदा नियमों के मुताबिक अमेरिका में कोई शख्स अधिकतम दो कार्यकाल के लिए ही राष्ट्रपति बन सकता है। ट्रंप का यह दूसरा कार्यकाल है, जो 20 जनवरी से शुरू हुआ है। गुरुवार को प्रस्ताव पेश करने वाले टेनेसी से रिपब्लिकन सांसद एंडी ओगल्स ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने खुद को आधुनिक इतिहास में एकमात्र ऐसे नेता के रूप में साबित किया है, जो हमारे देश के पतन को पलटने और अमेरिका को फिर से महान बनाने में सक्षम है और उन्हें यह मिशन पूरा करने के लिए जरूरी समय दिया जाना चाहिए। पिछले राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान तत्कालीन उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने इस बात को लेकर आगाह किया था और लोगों को चेतावनी दी थी कि अगर ट्रंप सत्ता में आ गए तो वह देश का कानून बदल देंगे। अब एंडी ओगल्स के प्रस्ताव ने इस आशंका को बल दिया है। ट्रंप सत्ता संभालते ही नागरिकता, लिंग और प्रवासी कानून को बदल चुके हैं। अब राष्ट्रपति के कार्यकाल का नियम भी बदला जा सकता है। कई विपक्षी सांसदों ने रिपब्लिकन सांसद के इस कदम की आलोचना की है और उस पर नाराजगी जताई है।

## समझदार और स्मार्ट हैं किम जोंग उन, डोनाल्ड ट्रंप ने जताई तानाशाह से मुलाकात की इच्छा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पद संभालने के बाद से ऐक्शन में हैं। वह कभी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जंग रोकने की सलाह देते हैं तो कभी ईरान को हमले से बचने के लिए परमाणु केस में समझौते की चेतावनी दे रहे हैं। इस बीच उन्होंने नॉर्थ कोरिया के लीडर किम जोंग उन से मिलने की इच्छा जताई है। ट्रंप ने कहा कि मैं किम जोंग उन से मुलाकात करूंगा। क्या वह किम जोंग उन से बात करेंगे? इस सवाल के जवाब में ट्रंप में कहा कि जरूर ऐसा होगा। वह मुझे पसंद करते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में भी किम जोंग उन से मुलाकात की थी। इसके अलावा ट्रंप पहले किम जोंग उन से अपने रिश्तों को अच्छा बताते रहे हैं। उनका कहना है कि किम जोंग उन एक समझदार और स्मार्ट व्यक्ति हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने किम जोंग उन से पहले कार्यकाल के दौरान 2018 से 2019 के बीच तीन बार मुलाकात की थी। यही नहीं 1953 के बाद पहली बार ऐसा हुआ था, जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति उत्तर कोरिया पहुंचा था। वह 2019 में गए थे और किम जोंग उन से लंबी वार्ता की थी।

### डोनाल्ड ट्रंप का ऐक्शन शुरू

# अमेरिका में पकड़े गए 500 से ज्यादा घुसपैठिये, मिलिट्री एयरक्राफ्ट में बिठाकर बाहर छोड़े गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 500 से ज्यादा ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो अवैध घुसपैठ करके आए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद से ही इसे लेकर ऐक्शन तेज है। वाइट हाउस के प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लिविट का कहना है कि गिरफ्तार 538 लोगों में से सैकड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें अमेरिका से बाहर कर दिया गया है।

इन्हें एक मिलिट्री एयरक्राफ्ट में बिठाकर बाहर छोड़ा गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए एक आदेश पर साइन भी किए हैं। इस कानून में कहा गया है कि बीते 4 सालों में अमेरिका में अवैध प्रवासियों की बाढ़ सी आ गई है। इन लोगों को बाहर निकालने की जरूरत है ताकि अमेरिकी संसाधनों का इस्तेमाल यहीं के लोगों के लिए किया जा सके।

आदेश में कहा गया है, लाखों प्रवासी अवैध रूप से सीमा में प्रवेश कर आए हैं। ये लोग सीधे फ्लाइट लेकर आए हैं या फिर कमर्शल फ्लाइट से चले आए हैं। अब ये अमेरिका के अलग-अलग इलाकों में बसे हुए हैं। यह सब अमेरिका के कानूनों का उल्लंघन करते हुए हुआ है।% इसके आगे आदेश में ऐसे लोगों को अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। आदेश में कहा गया, ये अवैध प्रवासी राष्ट्रीय सुरक्षा और पब्लिक सेफ्टी के लिए खतरा बन गए हैं। इसके अलावा निर्दोष अमेरिकी इनके द्वारा किए गए अपराधों का शिकार हो रहे हैं। 23 जनवरी को ही अमेरिकी कांग्रेस ने लेकन रिले ऐक्ट को मंजूरी दी है, जो यह तय करता है कि गलत दस्तावेजों के साथ अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को बाहर किया जाए।

डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ही अवैध प्रवासियों के खिलाफ ऐक्शन जारी है। बीते तीन दिनों के अंदर ही सैकड़ों अवैध प्रवासियों को अरेस्ट किया गया है। यह पूरा ऐक्शन डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद हुआ है।

पूरे आंकड़े बताते हुए वाइट हाउस के सेक्रेटरी कैरोलीन लिविट ने कहा कि अमेरिकी एजेंसियों ने 538 लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें से सैकड़ों लोग बाहर भेज भी दिए गए हैं। उनका कहना है कि यह अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ा ऑपरेशन है, जिसके तहत बड़े पैमाने पर लोगों को निकाला जाएगा। हमने वादा किया था और अब उसे पूरा किया जा रहा है। इसके बारे में वाइट हाउस ने भी ट्वीट करके पूरे ऐक्शन की डिटेल में जानकारी दी है।

# ट्रंप की सख्ती का असर, वापसी का टिकट ना होने पर भारतीयों को एयरपोर्ट से लौटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप ने शपथ लेते ही अवैध प्रवासियों के खिलाफ नकेल कसना शुरू कर दिया है। इस बीच कई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के माता-पिता को एयरपोर्ट से लौटा दिया गया है और उन्हें एंट्री की इजाजत नहीं मिली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अवैध प्रवासियों के मुद्दे को लेकर काफी सख्त हैं और इससे भारत समेत दुनिया के कई देशों में हलचल बढ़ गई है।

इमिग्रेशन नियमों में हुए बदलावों के बीच अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय भी चिंतित है। इस बीच अमेरिका के एक एयरपोर्ट से भारतीयों को एंट्री न देने की खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक अमेरिका में रहने वाले एक शख्स के भारतीय माता-पिता को वापसी टिकट न होने की वजह से अंदर जाने से मना कर दिया गया। मिर्ची9 की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में अपने बच्चों से मिलने गए इंडियन पैरेंट्स को नेवार्क हवाई अड्डे पर एंट्री नहीं दी गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस



दंपति के पास बी -1/बी-2 विजिटर था और उन्होंने इस आधार पर पांच महीने तक अमेरिका में रहने का प्लैन बनाया था। हालांकि एयरपोर्ट पर आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें बताया कि नए नियमों के तहत अब उन्हें यहां ठहरने के लिए वापसी टिकट दिखाना अनिवार्य है। एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने कथित तौर पर सभी दलीलों और स्पष्टीकरणों को खारिज करते हुए माता-पिता को हवाई अड्डे से सीधे भारत वापस भेज दिया।

### वर्ग पहेली 6806

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**
१ सम्मोहित
३. गणेश,
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के बड़े भाई
८. अंधाधुंध, लगातार
१३. आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी (उर्दू)
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित, नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**
१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५ अल्पवयस्क, मासूम निर्दोष
९. हठात
१०. तहकीकात
११. सौर मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाकाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेतबाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

### वर्ग पहेली-6805

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बे | आ | २ ब | रू | ■ | ■ | ३ ज | न | ४ सं | ख्या |
| ल | ■ | र | ■ | ५ नि | श्च | ल | ■ | स्था | ■ |
| ६ गा | लि | ब | ■ | शि | ■ | ७ पा | र | प | त्र |
| म | ■ | ८ स | ९ म | का | ली | न | ■ | क | ■ |
| ■ | १० का | ■ | नौ | ■ | ■ | ■ | ११ भ | ■ | १२ ए |
| १३ अ | त्या | चा | र | ■ | १४ प | ■ | १५ व्य | थि | त |
| ■ | य | ■ | १६ थ | का | व | ट | ■ | ■ | बा |
| १७ मु | नी | म | ■ | ■ | ना | ■ | १८ व्या | १९ पा | र |
| हि | ■ | ■ | २० अ | वि | र | २१ ल | ■ | व | ■ |
| २२ म | क | त | ब | ■ | ■ | २३ त | र | क | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**तैयारी** | फरवरी के दूसरे सप्ताह कश्मीर के लिए दौड़ेगी पहली रेल

# कटड़ा से बडगाम तक वंदे भारत का ट्रायल एक दो दिन में

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, (देशबन्धु)। अगर भारतीय रेलवे के सूत्रों पर विश्वास करें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में कश्मीर के लिए पहली ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। उनके मुताबिक, उद्घाटन की अंतिम तिथि अभी तय नहीं हुई है, क्योंकि रेलवे को प्रधानमंत्री कार्यालय से इसकी पुष्टि की आवश्यकता है।

वैसे पूर्व मुख्यमंत्री डा फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा था कि कटड़ा-संगलदान ट्रेन सेवा में कुछ महीने की देरी होने की संभावना है और पर्यटन सीजन की शुरुआत के साथ अप्रैल में इसका संचालन शुरू हो जाएगा। जम्मू में पार्टी के एक समारोह से इतर पत्रकारों से बात करते हुए अब्दुल्ला ने कहा था कि वह 25 जनवरी को ट्रेन से श्रीनगर जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल चलाने का सपना फरवरी के पहले सप्ताह पूरा हो सकता है। रेलवे ने इसकी पूरी तैयारी भी कर ली है। श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा रेलवे स्टेशन से कश्मीर के बडगाम रेलवे स्टेशन तक पहली वंदे भारत का ट्रायल इसी शुक्रवार



■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह में कश्मीर के लिए पहली ट्रेन का उद्घाटन करेंगे
■ कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल चलाने का सपना फरवरी के पहले सप्ताह पूरा हो सकता है

और शनिवार को किया जाएगा। ट्रायल के लिए नई दिल्ली से रेलवे बोर्ड के सदस्य कटड़ा आ रहे हैं। पूरी संभावना है कि ट्रायल सफल रहने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फरवरी के पहले या दूसरे सप्ताह कश्मीर के लिए पहली रेल सेवा का उद्घाटन कर सकते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री द्वारा गणतंत्र दिवस के मौके पर रेल सेवा की शुरुआत करने की संभावना जताई गई थी। सूत्रों ने पुष्टि की है कि प्रधानमंत्री मोदी कटड़ा से ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। सूत्रों का कहना था कि प्रधानमंत्री की यात्रा की संभावित योजना यह है कि उद्घाटन के दिन वह जम्मू हवाई अड्डे पर उतरेंगे और दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब पुल पर हेलिकाप्टर से उतरेंगे। इसके बाद वह कटड़ा रेलवे स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे और कश्मीर के लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। सूत्र बताते थे कि प्रधानमंत्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद एक रैली को भी संबोधित करेंगे और इसके लिए दो स्थानों को शार्टलिस्ट किया गया है, जिसमें कटड़ा में एक खेल स्टेडियम और जम्मू में मौलाना आजाद स्टेडियम शामिल हैं। कटड़ा और श्रीनगर के बीच रेल सेवा के औपचारिक उद्घाटन के मद्देनजर 24 और 25 जनवरी को वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा। जानकारी के लिए कश्मीर के लिए बहुप्रतीक्षित सीधी ट्रेन ने सभी बाधाओं को पार कर लिया है और उत्तर रेलवे के कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) दिनेश चंद देशवाल ने ट्रेन को अधिकतम 85 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाने के लिए हरी झंडी दे दी है।

# खेल जगत

## सिर्फ कप्तान नहीं, मैं लीडर बनना चाहता हूं : सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सिर्फ कप्तान नहीं, बल्कि समूह के लीडर बनना चाहते हैं। उन्होंने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले अपने विचारों को व्यक्त किया। सूर्यकुमार की अगुआई वाले भारत ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया। घरेलू टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में शुरुआती 1-0 की बढ़त हासिल की। सूर्यकुमार ने हॉटस्टार के विशेष शो 'सुपरस्टार्स' पर कहा कि मुझे लगता है कि मैं सिर्फ कप्तान नहीं बनना चाहता; मैं लीडर बनना चाहता हूं। अगर हम एक समूह के रूप में कुछ हासिल करना चाहते हैं, तो सभी को एक ही पृष्ठ पर होना चाहिए। ये छोटी-छोटी बातें हैं जो मैं उन्हें बताता रहता हूं - बुनियादी बातें, मैदान पर और मैदान के बाहर पालन करने की अच्छी आदतें।



# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी जीत के मकसद से उतरेगा भारत

- इंग्लैंड के आर्चर से भारतीय बल्लेबाजों को चौकस रहने की जरूरत
- भारत की एकादश में शमी की वापसी का इंतजार लंबा हो सकता है

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (देशबन्धु)। पंजाब के दो मुंडों-बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेद से पॉवरप्ले में दो विकेट चटका और ओपनर अभिषेक शर्मा ने बल्ले से दे दनादन कर मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के साथ मिल कर भारत को इंग्लैंड के खिलाफ कोलकाता में पांच टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज का पहला मैच सात विकेट से जिता 1-0 की बढ़त दिला अपने हेड कोच गौतम गंभीर के चेहरे पर खुशी ला दी है।

सूर्य कुमार यादव की अगुआई वाली भारत की नौजवानों से सज्जित टीम और हेड कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में जीत के साथ आगाज करने के बावजूद स्पिनरों की मददगार कही जाने वाली चेन्ने के चेपॉक की पिच पर पूरी तरह चौकस होकर इंग्लैंड को शनिवार को दूसरे टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी हरा अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाने के मकसद से उतरेगी। भारत की जीत में विकेटकीपर संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की भारत की हाल ही की सबसे कामयाब सलामी जोड़ी ने अपने कप्तान 360 डिग्री समग्र बल्लेबाज कप्तान सूर्य कुमार यादव की 'आक्रमण ही रक्षण'की रणनीति का अनुसरण किया है। भारत अपनी कोलकाता में पहले टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में जीतने वाली एकादश के साथ ही उतरेगा और अनुभवी मोहम्मद शमी का 2023 आईसीसी वन डे विश्व कप फाइनल के बाद एड़ी के ऑपरेशन के बाद मेजबान टीम की टी 20 एकादश में वापसी का इंतजार लंबा हो सकता है। वहीं इंग्लैंड की टीम अनुभवी लेग स्पिनर आदिल रशीद के साथ लेग स्पिन ऑलराउंडर रेहान अहमद को अपनी एकादश में शामिल कर दूसरे टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के खिलाफ खेलने उतर सकती है। इंग्लैंड के आदिल रशीद ने सीरीज के पहले ही टी 20 मैच में अपनी तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा का रिटर्न कैच छोड़ने के बाद जब उन्हें आउट कर पैवेलियन लौटाया तब तक वह 79 रन भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा चुके थे।

### मुझे बल्लेबाजों को अपनी उठाल से छकाना होगा : वरुण

भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा, '2021 के विश्व कप के बाद मैंने अपनी गेंदबाजी का विश्लेषण किया और पाया की मैं ज्यादा साइड स्पिन गेंदबाजी कर रहा और बल्लेबाजों को छका नहीं पा रहा था। मैंने पाया कि मुझे बल्लेबाजों को अपनी उछाल से छकाना होगा। मैंने ओवरस्पिन यानी गेंद को ज्यादा स्पिन कराने पर मेहनत की। यदि पिच में उछाल ज्यादा है तो मेरी लिए गेंद को ज्यादा स्पिन कराना जरूरी है। इंग्लैंड के जोस बटलर जैसे बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना बेशक चुनौतीपूर्ण होता है। मेरा कोलकाता में चौथा और आखिरी ओवर खासा मुश्किल था लेकिन भगवान की कृपा से मैं इसमृं कामयाब रहा। मैंने महसूस किया कि मैं बल्लेबाजों को साइडस्पिन से नहीं छका सकता। बल्लेबाजों को छकाने का रास्ता था उन्हें उछाल से छकाना था।'

### भारत के खिलाफ जरूरत बड़ा स्कोर खड़ा उसका बचाव करने की : बटलर

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने सीरीज के पहले टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में स्पिन के खिलाफ अपने बल्लेबाजों का बचाव किया। बटलर ने कहा, 'हमारे बल्लेबाज आने वाले मैचों में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ और ज्यादा आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करेंगे। हमारी टीम में सभी अच्छे बल्लेबाज हैं। मुझे इस बार का पूरा विश्वास था कि भारत हमारे खिलाफ तीन स्पिनरों के साथ उतरेगा। हमारे बल्लेबाजों ने स्पिन के खिलाफ खेलने के लिए खुद को बढ़िया ढंग से तैयार किया। बस जरूरत भारत के स्पिनरों के खिलाफ पूरी प्रतिबद्धता से खेल अपनी योजना को अमली जामा पहनाने की है। हमारी

# मंधाना, दीप्ति को महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर में मिली जगह

**दुबई,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। स्टार भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट की अगुआई में आईसीसी महिला वनडे टीम ऑफ द ईयर में शामिल किया गया। स्मृति मंधाना ने 2024 में शीर्ष स्थान हासिल किया, वह सिर्फ 13 मैचों में 747 रन बनाकर महिला वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं। जनवरी में

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वाका में एक और शतक के साथ साल का समापन किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 रन की पारी के साथ उनके साल की शुरुआत मामूली रही। हालांकि, वनडे से छह महीने के अंतराल के बाद, मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धमाकेदार फॉर्म में वापसी की। अक्टूबर में एक बार फिर मंधाना की निरंतरता देखने को मिली, जब उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक शानदार शतक के साथ एक अस्थिर श्रृंखला का अंत किया, और महिला वनडे में भारत की सबसे सफल शतक बनाने वाली खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वाका में एक और शतक के साथ साल का समापन किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें वह शतक से चूक गईं लेकिन दो अर्द्धशतकों का योगदान दिया। लॉरा वोल्वार्ट का 2024 का प्रदर्शन दबदबे और शान से भरा रहा, क्योंकि उन्होंने सिर्फ़ 12 मैचों में 697 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ धीमी शुरुआत के बाद, वह अप्रैल में श्रीलंका के खिलाफ़ नाबाद 110 और करियर की सर्वश्रेष्ठ 184* रन बनाकर फॉर्म में लौट आईं। वोल्वार्ट का सुनहरा दौर भारत के खिलाफ़ भी जारी रहा, जहां उन्होंने बेंगलुरु में 135 रन की पारी खेली और सीरीज़ के अंतिम मैच में अर्धशतक लगाया। उन्होंने साल का अंत इंग्लैंड के खिलाफ़ दो महत्वपूर्ण अर्द्धशतकों के साथ किया, जिससे 2024 के शीर्ष एकदिवसीय प्रदर्शन करने वालों में से एक के रूप में उनकी जगह पक्की हो गई। चामरी अथापथु ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल का शानदार संयोजन किया। उन्होंने सिर्फ़ 9 मैचों में 458 रन बनाए और 9 विकेट लिए। अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ 195* रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाली अथापथु ने अपने इस साल की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने श्रीलंका की 3-0 की सीरीज़ स्वीप के दौरान वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ 91 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। श्रीलंका की अंतिम एकदिवसीय सीरीज़ में उनकी ऑल-राउंड प्रतिभा देखने को मिली, जहां उन्होंने अंतिम मैच में 48 रन बनाए और 3 विकेट लिए।






## खिताबी हैट्रिक के लिए उतरेंगी सबालेंका

**मलबन,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका की ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीन बार खिताब जीतने की चाहत को नंबर 14 मैडिसन कीज़ से गुजरना होगा। दोनों खिलाड़ी लगातार 11 मैच जीत रही हैं और शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में भिड़ने वाली हैं। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, महिला एकल फाइनल शनिवार को रॉड लेवर एरिना में स्थानीय समयानुसार शाम 7:30 बजे (सुबह 3:30 बजे ईटी) होगा। ऑस्ट्रेलियन ओपन सीजन का पहला ग्रैंड स्लैम है। फाइनल मे पहुचकर सबालेंका और कीज़ ने खुद को 1,300 अंक और 1,900,000 डॉलर पक्के कर लिए हैं। विजेता को 2,000 अंक और 3,500,000 डॉलर मिलेंगे। फाइनल में जगह बनाकर, सबालेंका मेलबर्न पार्क से अपनी नंबर 1 रैंकिंग बरकरार रखते हुए विदा लेंगी। कीज़ ने 2023 के बाद पहली बार रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी सुनिश्चित की है। शनिवार को जीत से वह अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग नंबर 7 को पीछे छोड़ देंगी, जो उन्होंने 2016 में हासिल की थी। सबालेंका और कीज़ ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीज़न के पहले दो हफ्तों में सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से दो के रूप में आईं। मेलबर्न आने से पहले दोनों ने होलोजिक डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट जीते थे, जिसमें सबालेंका ने अपने सीज़न की शुरुआत सप्ताह 1 में ब्रिसबेन इंटरनेशनल में खिताब के साथ की थी।



# उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग ने जीता वर्ष का 'सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण ब्रांड पुरस्कार'

**मुंबई (महाराष्ट्र),** 24 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) की अपने पहले ही सत्र की सफलता को देखते हुए चलो ग्रामीण कॉन्क्लेव अवार्ड्स के चौथे संस्करण में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण ब्रांड पुरस्कार से नवाजा गया। यूपीकेएल का उद्घाटन सत्र जुलाई 2024 में नोएडा इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था, जिसमें यमुना वारियर्स, नोएडा निन्जा, काशी किंग्स, अवध रामदूत, बृज स्टार्स, संगम चैलेंजर्स, गंगा किंग्स ऑफ मिर्जापुर और लखनऊ लायंस जैसी आठ टीमों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया था, जिसमें खिताब लखनऊ लायंस ने जीता था। समारोह के दौरान मौजूद यूपीकेएल के आयोजक संभव जैन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष के सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण ब्रांड के रूप में पहचान मिलना हमारे लिए सम्मान की बात है। एक छोटे से राज्यस्तर की लीग से लेकर देश के शीर्ष ग्रामीण ब्रांडों में से एक बनने की यात्रा को देखना एक बेहतरीन अनुभव है। उन्होंने आगे कहा कि यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी काफी लंबी दूरी तय करनी है, ऐसे में इस मान्यता का मिलना पूरी टीम को उस लक्ष्य के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। हम सीजन 2 की रूपरेखा पहले से ही तैयार कर रहे हैं और हमें प्रेरित करने के लिए यह पुरस्कार बिल्कुल सही समय पर आया है। यह पुरस्कार अग्रणी अर्ध-शहरी और ग्रामीण विज्ञापन एजेंसी एगफर्स्ट द्वारा प्रदान किया जाता है। ग्रामीण समुदायों को बदलने में यूपीकेएल के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए एगफर्स्ट के संस्थापक और सीईओ रविकांत बंका ने कहा कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण ब्रांड का पुरस्कार जीतते हुए देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। खेलों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के उत्थान के प्रति उनका समर्पण वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने सिर्फ एक लीग नहीं तैयार की है, बल्कि जमीनी स्तर की उन प्रतिभाओं को पंख दिए हैं, जो बेहतर होने के बावजूद कोई मंच न होने के चलते आगे नहीं बढ़ पाते।



वर्ष के सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण ब्रांड के रूप में पहचान मिलना हमारे लिए सम्मान की बात है : संभव जैन

## लीजेंड 90 लीग में आरोन फिंच बने पंजाबी शेर के कप्तान

**चंडीगढ़,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। रायपुर में 6 से 18 फरवरी तक होने वाली लीजेंड 90 लीग में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच और भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी लीजेंड 90 में पंजाबी शेर फ्रेंचाइजी की ओर से दहाड़ते हुए नजर आएंगे। इसके अलावा अफगानिस्तान के पूर्व क्रिकेटर नूर जादरान भी टीम में नजर आएंगे। इस महीने की शुरुआत में टीम ने लीजेंड 90 लीग में सबसे नए प्रतिस्पर्धी के रूप में आगमन किया है। इसके अलावा टीम ने अपने आधिकारिक लोगो का भी अनावरण कर दिया है। कवच और मुकुट से सजा यह लोगो पूरी तरफ से खिलाड़ियों के भाव को दर्शाने के हिसाब से तैयार किया गया है, जो टीम की शक्ति, रॉयल्टी और प्रभुत्व को दर्शाता है। पंजाबी शेर फ्रेंचाइजी का स्वामित्व अग्रणी रियल एस्टेट फर्म शुभ इंफ्रा के पास है। टीम के बारे में बोलते हुए शुभ इंफ्रा के निदेशक हरीश गर्ग ने कहा कि हमारा लक्ष्य एक ऐसी टीम तैयार करना है, जो किसी भी स्थिति में हार मानने को तैयार न हो। हमें पूरा विश्वास है कि आरोन फिंच जैसे महान खिलाड़ी से सजी यह टीम हमारे विश्वास पर पूरी तरह से खरी उतरेगी। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए शुभ इंफ्रा के निदेशक सनी सहगल ने कहा कि हमारा उद्देश्य सौहार्द के मूल्यों को बढ़ावा देते हुए प्रशंसकों के लिए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट मनोरंजन तैयार करना है।


## आम सूचना

समस्त आम/खास को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा रीवा में बंधांकित परिसंपत्ति भूमि आराजी खसरा क्र. 550/3 रकवा 0.160 हेक्टेयर स्थित ग्राम अगडाल, पटवारी हल्का अगडाल, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा म.प्र. के भूमिस्वामी को उक्त भूमि एवं उसमें निर्मित भवन पंजीकृत विक्रय विलेख क्र. MP328492024A11088350 दिनांक 02.09.2024 एवं सुधार विलेख क्र. MP328492024A11118264 दिनांक 10.09.2024 के माध्यम से वर्तमान भूमिस्वामी को श्री परमानंद सोनी पिता एम.एल. सोनी से जरिए विक्रय पत्र प्राप्त हुई थी, उक्त भूमि एवं उसमें निर्मित भवन को बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा रीवा द्वारा में ए.व्ही. कंस्ट्रक्शन के ऋण के परिपेक्ष्य में भूमिस्वामी द्वारा मूल टाइटिल विलेख जमा करने तथा हक निक्षेप करने पश्चात ऋण सुविधा राशि रू. 3,00,00,000/- प्राप्त की गई है, तथा सूचना प्रकाशितकर्ता बैंक द्वारा उक्त ऋण सुविधा प्रदान की जा चुकी है, तथा भूमिस्वामी द्वारा मूल विलेख बैंक में जमा करने एवं हक निक्षेप के पश्चात साम्यिक बंधक का पंजीयन उप- पंजीयक कार्यालय रीवा में पंजीयन दिनांक 08.10.2024 पंजीयन नं. MP328492024A11211337 के माध्यम से कराया गया है, अर्थात उक्त परिसंपत्ति बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा रीवा में बंधक है, बैंक ऑफ बड़ौदा स्थानीय शाखा द्वारा प्रतिभूति सुरक्षा की दृष्टिकोण से आम सूचना प्रकाशित करा रही है, जिस किसी व्यक्ति/व्यक्तियों, संस्था, निगम, सोसायटी, बैंक अथवा किसी भी वित्तीय इकाई को उक्त बंधांकित भूमि से संबंधित कोई वाद, तथ्य, अथवा किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दिये गये पते पर 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति/अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है, समयावधि समाप्त होने पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी, और माना जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है, कृपया सूचित हो।

दिनांकः 24.01.2025

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा, मुख्य शाखा रीवा
जिला- रीवा (म.प्र.)


# 'अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रही हूं'

**नई दिल्ली,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 की कांस्य पदक विजेता रुबीना फ्रांसिस ने हाल ही में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। फ्रांसिस हाल ही में गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन की पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में दिखाई दीं। स्टार ने खुद को पैरा शूटिंग में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में स्थापित किया है, खासकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 श्रेणी में। अपने सफल ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, रुबीना ने पेरिस में 2024 पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपनी जगह सुरक्षित की और फिर अपना पहला ओलंपिक पदक-कांस्य जीता। अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करके मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूँ और मेरी उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारतीय सरकार की बहुत आभारी हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत खास पल है क्योंकि राष्ट्रीय पुरस्कार पाना किसी भी एथलीट का सपना होता है। ऐसा लगता है कि मेरी मेहनत आखिरकार रंग लाई है और यह लगभग अवास्तविक लगता है, पिछले 3-4 सालों में मैंने जितनी चुनौतियों का सामना किया है, उसके बाद यह उपलब्धि और भी खास हो गई है। फ्रांसिस ने 2020 में टोक्यो पैरालंपिक के दौरान अपने पहले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन सातवें स्थान पर रहीं। अपनी बातचीत में, उन्होंने बताया कि कैसे टोक्यो में उनके प्रदर्शन ने उन्हें मुश्किल में डाल दिया, साथ ही उन्हें खेल छोड़ने के बारे में भी सोचना पड़ा। फ्रांसिस ने खुलासा किया कि मैंने घर पर बैठकर खुद का विश्लेषण किया। मैंने पूरी जानकारी लिखी कि क्या गलत हुआ और फिर मैंने इसे पढ़ा। तब मुझे एहसास हुआ कि टोक्यो के दौरान मैं कितनी अपरिपक्व थी। एक एथलीट इतने महत्वपूर्ण चरण में जाने से पहले ठीक से योजना बनाता है, लेकिन मेरे पास वह योजना नहीं थी। मुझे और देश दोनों को इसके परिणाम भुगतने पड़े। हर कोई परेशान था। हालांकि, उन्होंने अपनी कमियों पर काबू पाया और पेरिस में सीखी गई बातों को लागू किया, जिससे उन्हें टूर्नामेंट में सफलता हासिल करने में मदद मिली। टोक्यो में हार के बाद उन्होंने छह महीने खुद पर काम करते हुए बिताए, अपने खेल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपने दिमाग पर नियंत्रण विकसित करना सीखा।



यह मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत खास पल है क्योंकि राष्ट्रीय पुरस्कार पाना किसी भी एथलीट का सपना होता है : रुबीना फ्रांसिस


## इंडियन बैंक Indian Bank
## इलाहाबाद ALLAHABAD

### कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

(Under Rule-8(1) of Security Interest (Enforcement) Rules- 2002)

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेटेस एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम- 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शाई राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम के नियम- 8 और 9 के साथ पठित उक्त एक्ट के द्वारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार और सामान्य रूप से जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस सम्पत्ति से संबंधित कोई लेन-देन नहीं करें और निम्नलिखित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिए इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगा।

| क्र. | शाखा का नाम | ऋणी एवं बंधककर्ता एवं जमानतदारका नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना का दिनांक | कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मझगवां | **ऋणी- 1. मेसर्स गुरू ट्रेडर्स एंड कंस्ट्रक्शन (प्रोप. श्रीमति भारती सिंह पत्नि श्री दीपक सिंह),** मध्यांचल ग्रामीण बैंक के बाजू में, बस स्टैण्ड मझगवां, सतना (म.प्र.)- 485331 **2. श्रीमति भारती सिंह पत्नि श्री दीपक सिंह, (प्रोप.- मेसर्स गुरू ट्रेडर्स एंड कंस्ट्रक्शन),** पताः ग्राम- मदनी, पोस्ट- बम्होला, थाना कोठी, तहसील- रघुराज नगर, जिला- सतना (म.प्र.)- 485666 **ऋणी- 3. श्रीमति भारती सिंह पत्नि श्री दीपक सिंह,** वार्ड नं. 3, सतना- कोठी रोड, गडिया टोला, प.ह.नं. 50, बगहा, रघुराज नगर, सतना (म.प्र.)- 485001 **बंधककर्ता/ जमानतदार- 4. श्रीमति भारती सिंह पत्नि श्री दीपक सिंह,** पताः ग्राम- मदनी, पोस्ट- बम्होला, थाना कोठी, तहसील- रघुराज नगर, जिला- सतना (म.प्र.)- 485666 **जमानतदार- 4. श्री दीपक सिंह गहरवार,** वार्ड नं. 3, सतना- कोठी रोड, गडिया टोला, प.ह.नं. 50, बगहा, रघुराज नगर, सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग डायवर्टेड भूमि, सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति भारती सिंह पत्नि दीपक सिंह, स्थित खसरा नं. 67/1/1/1/2, एरिया- 0.017 हेक्टेयर (1800 वर्गफुट) स्थित मौजा- उमरी, हल्का नं.- 50, सर्किल- सतना, तहसील- रघुराज नगर, जिला- सतना (म.प्र.), सेल डीड नं. 2263 दिनांक 24.11.2024 रजिस्ट्रर्ड सब रजिस्ट्रार तना, बुक नं. ए- i, वॉल्यूम नं. 7841, पेज नं. 192 से 197, चतुर्सीमा सेल डीड के अनुसार- उत्तर- रफीक सिद्दीकी का प्लाट, दक्षिण- 20 फुट प्रस्तावित रोड नाले के साथ, पूर्व- कमलेश सिंह एवं बसंत सिंह का मकान, पश्चिम- विक्रेता की बची हुई आराजी। | 23/10/2024 | 21/01/2025 | रू. 33,07,784/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |

दिनांक: 25/01/2025, स्थान- सतना

प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक


## दूसरा टी-20 मैच: एटकिंसन की जगह कार्स इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में

चेन्नई। शनिवार को यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स शामिल होंगे। बुधवार को कोलकाता में सीरीज के पहले मैच में सात विकेट से करारी हार झेलने के बाद मेहमान टीम ने अपनी टीम में केवल एक बदलाव किया। विकेटकीपर जेमी स्मिथ को भी 12 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है, इंग्लैंड क्रिकेट ने एक्स पर यह जानकारी दी। पहले टी20 मैच में एटकिंसन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था, क्योंकि उन्होंने अपने दो ओवरों में 38 रन दिए थे। उन्होंने चार ओवरों का अपना कोटा पूरा नहीं किया।

## सुडोकू 6806 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 |

# [ अर्थ जगत

## रुपए में उछाल, 22 पैसे चढ़कर 86.22 पर बंद

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे की मजबूती के साथ 86.22 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने रुपए को समर्थन दिया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली ने स्थानीय मुद्रा पर दबाव बनाए रखा। रुपया सत्र की शुरुआत में 86.31 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान 86.16 के उच्चतम और 86.36 के निचले स्तर पर पहुंचा।



## सोने ने तोड़े पिछले सारे रिकॉर्ड

### वायदा पर पहली बार 80 हजार के पार

*__नई दिल्ली।__ स्पॉट मार्केट के बाद घरेलू फ्यूचर मार्केट में भी सोना शुक्रवार (24 जनवरी) को अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। सोने का बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट घरेलू फ्यूचर मार्केट यानी एमसीएक्स पर आज पहली बार 80 हजार के लेवल को पार कर गया।*



कारोबार के दौरान (इंट्राडे ट्रेडिंग) यह 80,050 रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई तक ऊपर गया। इससे पहले इसने बीते साल 30 अक्टूबर को 79,775 रुपये प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। जबकि इस साल की शुरुआत में यानी 6 जनवरी 2025 को यह 76,563 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर तक चला गया। उधर घरेलू स्पॉट मार्केट में सोना फिलहाल 80,430 रुपये के अपने नए ऑल टाइम हाई पर है। इसने 80 हजार के रिकॉर्ड स्तर को बुधवार को ही पार कर लिया था। इस बीच सोना आज ग्लोबल मार्केट में अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में कमजोरी और निवेश के सुरक्षित विकल्प के तौर पर बढ़ रही मांग के बीच करीब 3 महीने की ऊंचाई पर दर्ज किया गया। इस बेशकीमती धातु में इस हफ्ते करीब 3 फीसदी की तेजी आई है। यह लगातार चौथा सप्ताह है जब सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। यदि आप डॉलर के अलावे किसी अन्य करेंसी में सोने को होल्ड करते हैं तो डॉलर में कमजोरी इसकी कीमत घटा देती है, जिससे इस कमोडिटी की मांग में तेजी आती है। वहीं यूएस बॉन्ड यील्ड में गिरावट निवेशकों के लिए सोने के अपॉर्चुनिटी कॉस्ट में कमी ला देती है। अमेरिकी डॉलर इंडेक्स इस हफ्ते अभी तक 1 फीसदी से ज्यादा कमजोर हुआ है और दो महीने के सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन की ओर है। जानकारों के अनुसार डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीतियों को लेकर ग्लोबल लेवल पर बने आर्थिक अनिश्चितता के माहौल के बीच निवेश के सुरक्षित विकल्प के तौर पर इस बेशकीमती धातु की मांग में आई तेजी कीमतों को सपोर्ट कर रही है। साथ हीं चीन समेत अन्य देशों के सेंट्रल बैंकों की तरफ से हो रही खरीदारी ने भी गोल्ड को लेकर निवेशकों में उत्साह भरा है। छह महीने के ब्रेक यानी अप्रैल 2024 के बाद चीन के केंद्रीय बैंक ने दिसंबर में लगातार दूसरे महीने सोने की खरीदारी की।

फिलहाल निवेशकों को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मीटिंग का बेसब्री से इंतजार है। मार्केट में अभी इस बात की संभावना प्रबल है कि शायद अमेरिकी केंद्रीय बैंक जनवरी (28-29) की अपनी बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव न करे। सोने पर कोई इंटरेस्ट/ यील्ड नहीं मिलता इसलिए ब्याज दरों के नीचे नहीं जाने से निवेश के तौर पर इस एसेट क्लास की मांग घट जाती है।

## अमूल दूध 1 रुपए हुआ सस्ता



**नई दिल्ली।** देशभर में अमूल दूध एक रुपए सस्ता हो गया है. गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएम एमएफ) के मैनेजिंग डायरेक्टर जयेन मेहता ने कहा है कि अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति और अमूल फ्रेश की कीमतें घटाई गई हैं. नई कीमतें आज यानी 24 जनवरी से ही लागू होंगी.

**आम चुनाव के नतीजों से पहले बढ़ाए थे दाम**- पिछले साल लोकसभा चुनाव नतीजे 4 जून को आए थे. इससे 3 दिन पहले ही अमूल दूध की कीमत में बढ़ोतरी की गई थी, जिसमें अमूल गोल्ड दूध में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी. वहीं अमूल शक्ति और टी स्पेशल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की गई.पिछले साल दाम बढ़ाए जाने पर जीसीएमएमएफ ने कहा था कि कंपनी के ऑपरेशन और प्रोडक्शन की कॉस्ट बढने की वजह से कीमतें भी बढ़ाई गई हैं. हालांकि, यह बढ़ोतरी ओवरऑल एमआरपी की 3-4 प्रतिशत ही है, जो की खाद्य महंगाई की दरों से काफी कम है. यहां यह भी ध्यान रखना चाहिए कि फरवरी 2023 से अब तक कीमतों में कोई इजाफा नहीं किया गया था.

## काउंटडाउन शुरू, बजट से पहले हलवा सेरेमनी, बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू

*__नई दिल्ली।__ केंद्रीय बजट 2025-26 एक फरवरी को पेश किया जाना है। इससे पहले पारंपरिक हलवा समारोह के समय को निर्धारित कर दिया गया है। यह समारोह केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में 24 जनवरी यानी शुक्रवार को शाम 5 बजे नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित किया जाएगा। बता दें कि बजट की तैयारी में शामिल अधिकारियों की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल एक पारंपरिक हलवा समारोह आयोजित किया जाता है।*



**बजट से पहले समारोह**- हलवा समारोह की बात करें तो संसद में केंद्रीय बजट पेश होने से पांच दिन पहले मनाया जाता है। इसमें बजट की तैयारी में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हलवा तैयार करना और परोसना शामिल है। हलवा समारोह के बाद बजट का ड्राफ्ट तैयार करने वाले अधिकारी लॉक-इन अवधि में प्रवेश करते हैं। वे नॉर्थ ब्लॉक परिसर के भीतर ही सीमित रहते हैं।

इस दौरान अधिकारी बाहरी कम्युनिकेशन से कटे रहते हैं और उन्हें मोबाइल फोन का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया जाता है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि संसद में आधिकारिक प्रस्तुति से पहले बजट का विवरण लीक न हो। हलवा समारोह के बाद बजट दस्तावेज छपाई के लिए भेजे जाते हैं।

**आखिरी समारोह कब**- केंद्रीय बजट 2024-25 तैयार करने की प्रक्रिया के अंतिम चरण को रेखांकित करने वाला हलवा समारोह पिछले साल 16 जुलाई को हुआ था। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई, 2024 को बजट पेश किया था।

**31 जनवरी से बजट सत्र**- संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से प्रारंभ होगा और यह चार अप्रैल तक प्रस्तावित है। परंपरा के अनुरूप सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक से होगी, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित करेंगी। इसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। वहीं, एक फरवरी को निर्मला सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और इसके 4 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। बजट सत्र में कुल 27 बैठकें प्रस्तावित है।

## बाजार में तेज उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स 329 अंक टूटा




*__मुंबई।__ कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार (24 जनवरी) को भारी उतार-चढ़ाव के बीच लाल निशान पर बंद हुआ बाजार। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 329 अंक की गिरावट के साथ 76,190 के स्तर पर जबकि 113 अंक टूटकर 23,092 के स्तर पर बंद हुआ।*

**एशियाई बाजारों में तेजी**- एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.59 प्रतिशत और कोरिया के कोस्पी में 0.86 प्रतिशत की तेजी है। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.85 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। एनएसई के डेटा के अनुसार, 23 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 5,462.52 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,712.55 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 23 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.92त्न की तेजी के साथ 44,565 पर बंद हुआ। एसएण्डपी 500 इंडेक्स 0.53 प्रतिशत चढ़कर 6,118 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 0.22 प्रतिशत की तेजी रही।

**कल बाजार में रही थी तेजी**- इससे पहले कल यानी 23 जनवरी को सेंसेक्स 115 अंक की तेजी के साथ 76,520 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 50 अंक की बढ़त रही, ये 23,205 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली थी। आईटी और ऑटो शेयर्स में बढ़त थी। वहीं एफएमसीजी और बैंकिंग शेयर्स में गिरावट थी।

## 10 साल के लंबे इंतजार के बाद घर खरीददार को मिली राहत, बिल्डर को 2.26 करोड़ लौटाने का आदेश

*__नई दिल्ली।__ क्या आप सोच सकते हैं कि 1.07 करोड़ का भुगतान करने के बाद भी आपको एक फ्लैट की चाबी के लिए 10 साल तक इंतजार करना पड़े ऐसा ही कुछ हुआ गुरुग्राम के एक होमबायर के साथ, जिसने 2013 में एक फ्लैट बुक किया था। इस फ्लैट की कीमत 1.16 करोड़ थी और उन्होंने बुकिंग के तौर पर 12 लाख जमा किए। 2014 में 95 लाख का भुगतान कर उन्होंने सेल एग्रीमेंट भी रजिस्टर करवा लिया लेकिन जब फ्लैट का निरीक्षण करने पहुंचे, तो पाया कि बिल्डर ने फ्लैट का बुनियादी कंस्ट्रक्शन भी शुरू नहीं किया था। जब होमबायर ने यह देखा तो उन्होंने बुकिंग कैंसिल कर रिफंड मांगा।*

बिल्डर ने उन्हें रिफंड देने के बजाय एक दूसरे प्रोजेक्ट में 1.55 करोड़ का फ्लैट खरीदने के लिए मना लिया लेकिन इस प्रोजेक्ट का फ्लैट भी



समय पर पूरा नहीं हुआ। इसके बाद होमबायर ने फिर से बुकिंग कैंसिल करने और रिफंड मांगने की कोशिश की। इस बार भी बिल्डर ने उन्हें किसी और फ्लैट में पैसा ट्रांसफर करने के लिए राजी कर लिया।

2013 से 2022 तक, होमबायर ने 1.07 करोड़ का भुगतान करने के बावजूद, सिर्फ बिल्डर के वादे सुने। बिल्डर ने हर बार उनकी कॉल और मीटिंग्स लीं लेकिन फ्लैट देने में नाकाम रहा।

**सब्र टूटा, रेरा से मिली मदद**- जब बिल्डर ने 21 जुलाई 2022 की निर्धारित तारीख तक फ्लैट नहीं दिया, तो होमबायर ने अपनी शिकायत हरियाणा रेरा में दर्ज कराई। उन्होंने बुकिंग कैंसिल कर 1.07 करोड़ की रिफंड राशि और ब्याज के रूप में मुआवजे की मांग की।

**कानूनी लड़ाई और रेरा का आदेश**- रेरा ने होमबायर के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बिल्डर को 2.26 करोड़ का भुगतान करने का आदेश दिया। इसमें 1.07 करोड़ का रिफंड और 11.1त्न की दर से ब्याज के रूप में मुआवजा शामिल है। यह आदेश रेरा के सेक्शन 2(5ए), रूल 15 और सेक्शन 18(1) के तहत दिया गया। साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा स्थापित एक मिसाल का भी इसमें सहारा लिया गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार को लग रही चपत, घटकर 11 महीने के निचले स्तर पर

*__नई दिल्ली।__ रुपये में कमजोरी के बीच देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट का सिलसिला जारी है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 1.88 अरब डॉलर घटकर 623.98 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि इससे पिछले सप्ताह में यह 8.71 अरब डॉलर घटकर 625.87 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।*

विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.88 अरब डॉलर घटकर 533.13 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.63 लाख डॉलर बढ़कर 68.95 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार 10 लाख डॉलर घटकर 17.78 अरब डॉलर रहा।



रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.12 अरब डॉलर रहा।

## कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए दिसंबर में कम हुई खुदरा मुद्रास्फीति

*__नई दिल्ली।__ कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति (महंगाई) नवंबर 2024 में क्रमश: 5.35 प्रतिशत और 5.47 प्रतिशत से दिसंबर में घटकर 5.01 प्रतिशत और 5.05 प्रतिशत हो गई।*



श्रम मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि कृषि मजदूरों और ग्रामीण मजदूरों के लिए ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स दिसंबर 2024 के लिए क्रमश: 1,320 और 1,331 अंक पर अपरिवर्तित रहा। बयान के अनुसार, नवंबर 2024 में सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल क्रमश: 1320 अंक और 1331 अंक थे। दिसंबर 2024 के लिए सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल पर आधारित साल-दर-साल मुद्रास्फीति दर क्रमश: 5.01 प्रतिशत और 5.05 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि दिसंबर 2023 में यह 7.71 प्रतिशत और 7.46 प्रतिशत थी। नवंबर 2024 के लिए संबंधित आंकड़े सीपीआई-एएल के लिए 5.35 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल के लिए 5.47 प्रतिशत थे।

## डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से चीन को झटका, भारत पर क्या पड़ेगा असर?

*__नई दिल्ली।__ पिछले दो दशकों से चीन दुनिया के उत्पादन का केंद्र बना हुआ है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े बयानों और नीतियों ने चीन के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ट्रंप ने व्यापार जगत के नेताओं से अमेरिका में उत्पाद निर्माण करने की अपील की है और चेतावनी दी है कि अगर कंपनियां अपने उत्पाद विदेश में बनाती हैं, तो उन्हें अमेरिका में भारी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।*

ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की योजना का ऐलान किया है, जिसमें चीन से आयातित सामान पर 60त्न से ज्यादा टैरिफ लगाने का प्रस्ताव शामिल है।

**दावोस में ट्रंप का संबोधन**- स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि वह कच्चे तेल की कीमत, ब्याज दरों और टैक्स को कम करने की योजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने का भी इरादा जताया।



**कच्चे तेल की कीमत में गिरावट**- ट्रंप ने कहा, मैं मांग करूंगा कि ब्याज दरें तुरंत कम हों और सऊदी अरब व ओपेक तेल की कीमतें घटाएं। इस बयान के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। साथ ही अमेरिकी डॉलर और यूरो की दरों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

**भारत पर संभावित असर**- ट्रंप की नीतियां भारत के लिए भी चिंता का विषय हैं। उन्होंने भारत को टैरिफ किंग करार दिया था, जिससे यह संभावना है कि भारतीय वस्तुओं पर भी टैरिफ लगाया जा सकता है। भारत, जो अमेरिका के साथ व्यापार में सरप्लस स्थिति में है, अब अपनी व्यापार नीतियों की समीक्षा कर रहा है।

**चीन-अमेरिका व्यापार युद्ध और उसका प्रभाव**- चीन और अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रहे व्यापार युद्ध में ट्रंप के टैरिफ प्लान ने आग में घी का काम किया है। चीन का अमेरिकी बाजार पर भारी निर्भरता है, लेकिन ट्रंप ने इसे कम करने की दिशा में कदम उठाए हैं। ट्रंप की इन नीतियों से अमेरिका के खजाने में अगले 10 वर्षों में करीब 3.3 ट्रिलियन डॉलर आने की संभावना जताई जा रही है।

**भारत की तैयारी**- ट्रंप की नीतियों के मद्देनजर भारत ने अपनी व्यापार नीतियों की समीक्षा शुरू कर दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इस पर विभिन्न मंत्रालयों के साथ चर्चा भी की है ताकि संभावित चुनौतियों का सामना किया जा सके। इस घटनाक्रम से यह स्पष्ट है कि ट्रंप की नीतियां न केवल चीन बल्कि वैश्विक व्यापार पर गहरा प्रभाव डाल सकती हैं।

## जोमैटो और स्विगी पर लगे ग्राहक चुराने के आरोप

**नई दिल्ली।** रेस्टोरेंट मालिकों और फूड एग्रीगेटर्स के बीच खटपट अब कानूनी लड़ाई की ओर बढ़ रही है। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने जोमैटो और स्विगी पर आरोप लगा रही है कि ये प्लेटफार्म रेस्टोरेंट के ग्राहकों का डाटा चुरा कर अपनी ब्रांडिंग से खुद खाना भी बेच रहे हैं। बर्गर से लेकर राजमा चावल और छोले भटूरे तक सब कुछ 10 मिनट में आपके घर पर डिलीवर। फूड बिजनेस एग्रीगेटर्स के इस नए दांव ने रेस्टोरेंट मालिकों की नींद उड़ा दी है। जोमैटो ने ब्लिंकिट बिस्ट्रो के जरिए खाना बेचना शुरू किया है तो स्वगी स्नेक भी इस बिजनेस में उतर चुकी है। जोमैटो कैफे भी सिर्फ 10 मिनट में आपके घर स्नैक्स से लेकर मील तक सब कुछ पहुंचा रही है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 20 |
| एक यूरो | 90. 73 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 106 . 41 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 30 |
| एक जापानी येन | 0. 55 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 82050 चांदी -93600

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 82050 चांदी -93600

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 11500-12500, मीडियम बोल्ड 12500-14000, फाइन 150000-16500, एकस्ट्रा बोल्ड 17000-17500, चना दाल एवरेज 8000-8100 चना दाल मार्का 8200-8300, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8400-8500, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-12000, फाइन 12000-13000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10200, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4000-4200, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5500-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5800-6000, फाइन 6200-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4800-5200, दुबार- 5200-5500, तिबार- 6000-6500, बासमती 8000-8500, बेस्ट 9500-10500 पोहा- 4400-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7500-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# खेत में धधकी झोपड़ी बनी दो मासूमों की चिता



**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले में एक ऐसी घटना हुई है जिसके बारे में जानकर हर किसी का दिल रो पड़े। यहां एक खेत में बनी झोपड़ी में सो रहे दो मासूम बच्चों की आग में जलने से मौत हो गई। दोनों बच्चे जिस झोपड़ी में सो रहे थे, उसमें आग लग गई और जब तक बच्चों के माता-पिता पहुंचे तब तक दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी।

**झोपड़ी में बच्चों को सोता छोड़ गए थे माता-पिता**- दिलदहाल देने वाली घटना पन्ना जिले के बृजपुर थाना इलाके की है, जहां देसु आदिवासी अपने परिवार के साथ खेत में बनी झोपड़ी में रहकर खेत की रखवाली करता है। शुक्रवार की सुबह रोजाना की तरह माता-पिता उठे और झोपड़ी में 3 साल के संदीप और 2 साल के अंकित को सोता छोड़कर जंगल में लकड़ी लेने के लिए चले गए, लेकिन जब दोनों वापस लौटे तो उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

## बृजपुर थाना क्षेत्र का मामला, देसु आदिवासी, परिवार के लिये खेती बन गई काल

**झोपड़ी में आग लगने से जिंदा जले बच्चे**- जिस झोपड़ी में दोनों बच्चे सो रहे थे उसमें किन्ही कारणों से आग लग गई और झोपड़ी में सो रहे दोनों बच्चे आग में जलकर खाक हो गए। जब तक परिजन व गांव के लोग पहुंचे तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। झोपड़ी में आग कैसे लगी फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है।

# 'घाट फेस्टिवल' के नाम पर वसूली करने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

## ◎ कलेक्टर के निर्देश पर कार्यक्रम के आयोजकों की गिरफ्तारी शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में घाट फेस्टिवल के आयोजकों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत् मामला दर्ज कर लिया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर गोरखपुर संभाग की अतिरिक्त तहसीलदार रश्मि चौधरी ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

इसमें बताया गया कि भेड़ाघाट-सगड़ा के बाइ पास के पास 22 से 26 जनवरी के बीच पांच दिवसीय घाट फेस्टिवल का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें सुनील ग्रोवर और पीयूष मिश्रा और अन्य जाने माने कलाकारों को बुलाया गया था। इनके नाम पर टिकट हजारों रूपये में बेंचकर बड़ी रकम एकत्र की गई थी। इस बीच 23 जनवरी को उस दौरान हंगामा मच गया जब कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुती देने से मना कर दिया। मोटी रकम लेकर कार्यक्रम देखने पहुंचे दर्शकों ने जमकर हंगामा मचा दिया। इस बीच आयोजक भाग गये। कलाकारों ने यह कहकर मंच पर प्रस्तुती देने से मना कर दिया कि उन्हें मेहनताना की रकम ही नहीं दी गई, जब तक उन्हें पैसे नहीं दिये जाएंगे, तब तक वे मंच पर प्रस्तुती नहीं देंगे। मंच पर कुर्सियां चलने लगी थी। जिसकी खबर मिलने पर पुलिस ने भारी मशक्कत की, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित किया जा सका। अतिरिक्त तहसीलदार के आवेदन पर एम्बियंस लान ग्राम चौकीताल, में घटित इस हंगामा के लिये पुलिस थाना भेड़ाघाट में मामला दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राहुल मिश्रा, मैनेजर आदित्य श्रीवास्तव एवं अन्य के खिलाफ बलवा की स्थिति उत्पन्न कराना एवं कानून व्यवस्था खराब कराने के आरोप लगाये गये हैं। पुलिस ने धारा 338,336,340,192 आदि धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस ने मामले के एक आरोपी राहुल मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है, शेष आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जल्द दूसरे आरोपियों को भी पकड़ लिया जायेगा।

### 23 जनवरी को भेड़ाघाट के सगड़ा में हुआ था जमकर हंगामा

### आयोजन के नाम पर लाखों रूपये एकत्र किये

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इवेंट के नाम पर लाखों रूपये एकत्र कर लिये थे। फर्जी तरीके से टिकट 600 से 3500 रूपये की दर से वसूले गये। इनकी ऑन लाईन तरीके से भी की गई। जिसमें भोपाल, इंदौर और दूसरे शहरों में रहने वालों से मोटी रकम वसूलने के आरोप हैं।

# अवैध रूप से बढ़ाई गई 38.09 करोड़ की फीस, 30 दिन में वापस करने के आदेश

## निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि के विरूद्ध जिला प्रशासन की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही के तहत कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में गठित जिला समिति ने चार और निजी स्कूलों को अवैधानिक रूप से बढ़ाई गई फीस को अमान्य करते हुए विद्यार्थियों के अभिभावकों को 30 दिन के भीतर नियम विरूद्ध बढ़ाई गई फीस वापस करने के आदेश दिये हैं। जिन निजी स्कूलों को अवैध रूप से बढ़ाई गई फीस वापस करने के निर्देश दिये गये है उनमें केंट स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रांझी स्थित गैब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडला रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं संजीवनी नगर स्थित रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन तीनों निजी स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018-19 से लेकर 2024-25 तक 63 हजार 009 विद्यार्थियों से 38 करोड़ 09 लाख रूपये फीस के रूप में अवैध रूप से वसूले गये थे। अवैधानिक रूप से की गई फीस वृद्धि को अमान्य करने की यह कार्यवाही अभिभावकों से प्राप्त शिकायतों पर विस्तृत जांच उपरांत की गई है। अवैध रूप से वसूली गई राशि अभिभावकों को वापस करने के आदेश जारी किये जाने के साथ-साथ इन निजी स्कूलों के प्रबंधन पर मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं 2020 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण दो-दो लाख रूपये की शास्ति भी अधिरोपित की गई है। स्कूल प्रबंधकों को शास्ति की राशि 30 दिन के भीतर आयुक्त लोक शिक्षण के एचडीएफसी बैंक के खाते में जमा कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पावती प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

## दो-दो लाख रूपये की शास्ति भी अधिरोपित

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मुताबिक मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 के तहत गठित जिला समिति द्वारा जांच के बाद केंट स्थित सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन को शैक्षणिक सत्र 2018-19 से शैक्षणिक सत्र 2024-25 तक 21 हजार 827 विद्यार्थियों से फीस के तौर पर अवैधानिक रूप से वसूली गई 10 करोड़ 90 लाख रूपये की राशि, रांझी स्थित गैब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन को 27 हजार 240 विद्यार्थियों से 17 करोड़ 42 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि, मंडला रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रबंधन को 9 हजार 828 विद्यार्थियों से 6 करोड़ 97 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि एवं संजीवनी नगर स्थित रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधन को 4 हजार 114 विद्यार्थियों से अवैधानिक रूप से वसूली गई 3 करोड़ 61 लाख रूपये की अवैधानिक रूप से वसूली गई राशि वापस करने के आदेश दिये गये हैं।

जिला समिति के सदस्य सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा जारी आदेश में इन स्कूलों के प्रबंधन को निर्दे?श दिये गये हैं कि अवैधानिक रूप से बढ़ाई गई फीस की राशि 30 दिन के भीतर अभिभावकों को उसी रीति से वापस की जाये, जिस रीति से फीस प्राप्त की गई थी।




सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 102
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112
छोटा ब्रॉयलर - रु. 122
मो.- 9039925999

# जबलपुर मंडल के 3 नए सेक्शन रीवा सिंगरौली को नए कोड नम्बर जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के मुख्यालय जोन कार्यालय में नए नए प्रकार की व्यवस्थाओं को लागू किया जा रहा है। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरमिंदर सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह के निर्देश पर मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर के अधीनस्थ आने वाले रीवा सिंगरौली खंड में 3 स्टेशनों को नए नम्बर को आवंटित किया गया है।

पमरे के प्रमुख वाणिज्य प्रबंधक ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ.मधुर वर्मा को इस संबंध में स्टेशनों के नाम और नए कामर्शियल नम्बर की सूची प्रेषित की है। जानकारी के मुताबिक रामपुर नैकिन 16223497 तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी चुरहट 162223498 तहसील चुरहट जिला सीधी , इसी के साथ ही साथ सीधी 162223499 तहसील गोपद बनारस जिला सीधी को अब इन उल्लेखखित स्टेशनों की पहचान नए नम्बरों से की जाएगी। जानकारी के अनुसार इस संबंध में पमरे के जबलपुर जोने के मुखिया द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा को नए नम्बरों से अवगत करा दिया गया है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि राजीव कुमार मनवीजा, मंडल रेल प्रबंधक स्टेट एन्ट्री रोड नई दिल्ली द्वारा पत्र क्रमांक ए 1/210/ 2/26 दिसम्बर 2024 को इन नम्बरों के आवंटन की सूचना प्रेषित की थी। इस नई व्यवस्था के तहत ही इन नए नम्बरों के अनुसार कार्य संपादन की प्रक्रिया को लागू कर दिया गया है।

# श्री बड़ी खेरमाई मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा 26 जनवरी को



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर ही नहीं बल्कि देश के नामचीन शक्ति पीठ में शुमार श्री बड़ी खेरमाई मंदिर के दरबार में विशाल भंडारा प्रसाद का कार्यक्रम 26 जनवरी रविवार को आयोजित है। आयोजन की तैयारी करने में देवी भक्त श्रद्धा एवं उत्साह के साथ जुटे हुये हैं। घमापुर के साथ ही आस-पास के क्षेत्रों के देवी भक्त भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाने दिन-रात तैयारियों को अंजाम दे रहे हैं। समिति के सदस्यों का कहना है कि माता रानी की कृपा से यहां पर दूर-दराज से श्रद्धालुगण भंडारा पाने आते हैं।










J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 126
मुर्गा मीडियम - रु. 116
मुर्गा बड़ा - रु. 106
मुर्गा जम्बो - रु. 106
मो.-9039925000, 9425800409







